
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी





दुश्मनी भुलाकर सलमान खान और संजय लीला भंसाली ने फिर मिलाया हाथ

जेल में भगवान राम-सीता की किताबें पढ़कर वक्त गुजार रहे आर्यन खान, लाइब्रेरी से ली 2 किताबें

वर्ष : 07 | अंक : 364 | लखनऊ, 25 अक्टूबर, सोमवार 2021 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00 रुपए



तापमान
अधिकतम 31°
न्यूनतम 23°

पेट्रोल 104.53
डीजल 96.77





शेयर मार्केट
सेंसेक्स 52,769.73
निफ्टी 15,869.25

## संक्षिप्त समाचार

### आज यूपी के एक दिन के दौरे पर आएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को उत्तर प्रदेश का एकदिवसीय दौरा करेंगे और इस दौरान नौ चिकित्सा महाविद्यालयों का उद्घाटन करने के साथ ही वह प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना की शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से मिली जानकारी के मुताबिक मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के लिए 5200 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया भी उपस्थित रहेंगे। पीएमओ ने कहा कि पीएम आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना देश भर में स्वास्थ्य ढांचा मजबूत करने वाला एक देशव्यापी व सबसे बड़ी योजना है और यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अतिरिक्त होगा। पीएमओ ने कहा कि आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना का उद्देश्य शहरी व ग्रामीण इलाकों में प्राथमिक व गंभीर स्वास्थ्य हालातों के लिए सुविधाओं में मौजूदा खाई को पाटने का है।

## महिला पुलिसकर्मियों की संख्या में वृद्धि को मोदी ने सराहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महिला पुलिसकर्मियों की संख्या में वृद्धि की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि 2014 में जहां इनकी संख्या 1.5 लाख के करीब थी, वहीं 2020 तक इसमें दोगुने से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर प्रसारित मासिक कार्यक्रम मन की बातश्य की ताजा कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए उम्मीद जताई कि आगे और भी ज्यादा संख्या में महिलाएं पुलिस सेवा में शामिल होंगी और देश की पुलिस सेवा की नयी पीढ़ी का नेतृत्व करेंगी। उन्होंने कहा, पहले यह धारणा बन गई थी कि सेना और पुलिस जैसी सेवा केवल पुरुषों के लिए ही होती है। लेकिन आज ऐसा नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सुरक्षा बलों में भी पिछले सात सालों में महिलाओं की संख्या लगभग दोगुनी हुई है और आज देश की बेटियां कठिन से कठिन कर्तव्य भी पूरी ताकत और



हौसले से पूरा कर रही हैं। इस क्रम में उन्होंने सबसे कठिन माने जाने वाले प्रशिक्षणों में एक विशिष्ट जंगल युद्ध कमांडो के प्रशिक्षण का उल्लेख किया और कहा कि आगे जाकर यह प्रशिक्षित बेटियां कोबरा बटालियन का हिस्सा बनेंगी। उन्होंने कहा कि आज हवाई अड्डों से लेकर मेट्रो स्टेशनों तक या सरकारी दफ्तरों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की जांबाज महिलाएं हर संवेदनशील जगह की सुरक्षा करते दिखाई देती हैं। उन्होंने कहा, इसका सबसे सकारात्मक असर हमारे पुलिस बल के साथ-साथ समाज के मनोबल पर भी पड़ रहा है। महिला सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी से लोगों में, विशेषकर महिलाओं में सहज ही एक विश्वास पैदा होता है। वे उनसे स्वाभाविक रूप से खुद को जुड़ा महसूस करती हैं। महिलाओं की संवेदनशीलता की वजह से भी लोग उन पर ज्यादा भरोसा करते हैं श्श प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला पुलिसकर्मी आज देश की लाखों और बेटियों के लिए भी आदर्श बन रही हैं। उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों से अनुरोध किया कि वे स्कूलों के खुलने के बाद अपने क्षेत्रों के स्कूलों में जाएं और बच्चियों से बात करें।

### आईटीबीपी के 60वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री ने दी जवानों को बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के स्थापना दिवस पर रविवार को बल के कर्मियों को बधाई दी और कहा कि जब भी देश को उनकी जरूरत पड़ी उन्होंने अदम्य साहस व समर्पण के साथ जवाब दिया। आईटीबीपी की स्थापना चीन के साथ 1962 के युद्ध के बाद की गई थी और इसमें करीब 90,000 जवान हैं। मोदी ने आईटीबीपी के 60वें स्थापना दिवस पर एक ट्वीट में कहा, अरूणाचल प्रदेश के घने जंगलों से लेकर हिमालय की बर्फीली चोटियों तक हमारे आईटीबीपी के हिमवीरों ने देश के आान पर अदम्य साहस व समर्पण दिखाया है। बल के कर्मियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा, आपदा के समय बल की ओर से किए गए मानवीय कार्य सराहनीय हैं।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने 373 करोड़ की 74 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया

एजेंसी

**भदोही।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दल अपनी ओर से पुरजोर कोशिश कर रहे हैं. प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार भी बिना किसी देरी के योजनाओं पर योजनाओं की घोषणा कर रही है. रविवार को भदोही में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 373 करोड़ रुपये की लागत की 74 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया. इस बीच उन्होंने विरोधी दलों पर जमकर जुबानी प्रहार किया. बता दें कि ज्ञानपुर स्थित विभूति नारायण राजकीय इंटर कालेज में वह 373 करोड़ की 74 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने पहुंचे थे. इसके अलावा इस दौरान उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार के 16 विभागों के कुल 3300 लाभार्थियों में प्रमाण पत्र भी वितरण किया.

इस अवसर उन्होंने प्रदेश में उनकी सरकार द्वारा चलाए जा रहे अपराध





विरोधी अभियान के समर्थन में कहा कि हम पूरा प्रयास कर रहे हैं कि प्रदेश पूरी तरह से अपराधमुक्त हो जाए. उन्होंने कहा, हमारा संकल्प है कि हम न तो किसी बहन को अपराधियों के हाथों विधवा होने देंगे और न ही किसी बच्चे को अनाथ होंगे. इस बीच उन्होंने प्रदेश की पिछली सरकारों पर तंज कसते हुये कहा कि प्रदेश में पहले की सरकारें सिर्फ अपने परिवार का भला करती थीं. मगर उनकी सरकार नारा है, सबका साथ, सबका विकास.उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार संवेदनशील व जनहित के लिए समर्पित सरकार सुरक्षा देती है. शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव हर तबके को उपलब्ध कराने का कार्य करती है. आज मातृ वंदन योजना, अटल पेंशन योजना, जीवन सुरक्षा व जीवन ज्योति योजना जैसी तमाम योजनाओं का लाभ आमजन को मिल रहा है।

## सामाजिक न्याय मंत्रालय ने की कम मात्रा में ड्रग्स की बरामदगी को अपराध की श्रेणी से हटाने की सिफारिश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने राजस्व विभाग को सौंपे गए नशीली दवा एवं मादक पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की समीक्षा में निजी इस्तेमाल के लिए कम मात्रा में मादक पदार्थ (ड्रग्स) रखने को अपराध की श्रेणी से हटाने की सिफारिश की है। वर्तमान में एनडीपीएस अधिनियम के तहत राहत या छूट का कोई प्रावधान नहीं है और अधिनियम के तहत आरोपी अभियोजन और कारावास से तभी बच सकता है यदि वह स्वतः पुनर्वास केंद्र जाने की इच्छा जताता है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले हफ्ते राजस्व विभाग के साथ साझा की गई अपनी सिफारिशों में मंत्रालय ने निजी इस्तेमाल के लिए कम मात्रा में मादक पदार्थ के पाए जाने पर उसे अपराध की श्रेणी से हटाने का सुझाव दिया। एक अधिकारी ने बताया कि मंत्रालय ने सुझाव दिया है कि निजी इस्तेमाल के लिए कम मात्रा में नशीले पदार्थ के साथ पकड़े जाने पर व्यक्ति को जेल भेजे जाने के बजाय सरकारी केंद्रों में अनिवार्य उपचार के लिए भेजा जाना चाहिए। भारत में मादक पदार्थ रखना अपराध है और एनडीपीएस अधिनियम की धारा 27 में मादक पदार्थ के सेवन के लिए एक साल तक की कैद या 20,000 रुपये तक का जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है।

## जम्मू में बोले अमित शाह-मोदी राज में सबको मिलेगा इंसाफ

एजेंसी

**जम्मू।** भारत माता की जय के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू के भगवती नगर में रैली को संबोधन करना शुरू किया। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि मैं पहली बार प्रदेश में अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद आया हूं। जम्मू-कश्मीर में विकास का नया युग शुरू हुआ है और अब यहां विकास होगा,

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2019 को ऐतिहासिक फैसला लेकर जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा दिया। पहले सभी को समान रूप से नौकरी नहीं मिलती थी, हालांकि अब ऐसा



नहीं होगा, जम्मू-कश्मीर में पहले चार मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन अब सात नए कॉलेज बनाए जा रहे हैं। पांच बन गए हैं, जबकि दो अन्य भी जल्द बनकर तैयार हो जाएंगे, आइआइटी कैंपस की शुरुआत हुई है और इसमें सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी। इसमें 35 हजार युवा प्रशिक्षण ले सकेंगे। प्रदेश में 25 हजार युवाओं को नौकरियां दी जा चुकी हैं। आज हमने 7 हजार लोगों को नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र सौंपे हैं, जम्मू-कश्मीर में आज 12 हजार करोड़ का निवेश हो रहा है। तीन परिवार हमारा मजाक उड़ाते थे कि जम्मू-कश्मीर में कौन निवेश करेगा। आज करोड़ों का निवेश जम्मू-कश्मीर में हो रहा है। हमारा लक्ष्य 2022 के अंत तक इसे 51 हजार करोड़ रुपये करने का है। हमने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को पूरा किया है, नागरिकों की मौत पर अमित शाह ने कहा, जम्मू कश्मीर में एक भी व्यक्ति की जान न जाए, कोशिश कर रहे है। उन्होंने कहा कि मोदी राज में सबको मिलेगा इंसाफ, नहीं होगा तुष्टिकरण, अगर युवा जम्मू कश्मीर के विकास में शामिल होंगे तो आतंकवादी अपने नापाक मंसूबों में विफल हो जायेंगे। जम्मू कश्मीर के विकास में कोई भी रोड़े नहीं अटका पाएगा। जम्मू के लोगों को नजरंदाज करने का वक्त अब समाप्त हो गया है, जम्मू और कश्मीर दोनों का विकास अब साथ-साथ होगा, गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के अंदर ग्रासरूट लेवल का लोकतंत्र दिया है। अब इन तीन परिवारों की दादागिरी नहीं चलेगी। अब पंच-सरपंच भी जम्मू-कश्मीर का सीएम बन सकता है। लोकतंत्र को प्रस्थापित करने का काम पीएम मोदी ने किया है और लोकतंत्र प्रस्थापित होते ही सामान्य स्थिति पैदा होगी, अमित शाह ने कहा कि जम्मू और श्रीनगर के अंदर मेट्रो की शुरूआत होने वाली है।

## कांग्रेस ने ईंधन की बढ़ती कीमतों पर सरकार की निंदा की, राहुल गांधी ने टैक्स डकैती का आरोप लगाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ईंधन की बढ़ती कीमतों को लेकर रविवार को केंद्र पर निशाना साधा। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पेट्रोल की कीमतों पर टैक्स डकैती बढ़ रही है और अगर कहीं चुनाव होते हैं तो इससे कुछ राहत मिल जाएगी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने जनता को कष्ट देने के रिकॉर्ड बनाए हैं। कांग्रेस महासचिव ने ट्विटर पर एक मीडिया रिपोर्ट को टैग किया जिसमें कहा गया है कि इस साल पेट्रोल की कीमतों में रिकॉर्ड 23.53 रुपये की वृद्धि हुई है। प्रियंका गांधी ने एक ट्वीट



में कहा, मोदी जी की सरकार ने जनता को कष्ट देने के मामले में बड़े-बड़े रिकॉर्ड बनाए हैं। सबसे ज्यादा बेरोजगारी रू मोदी सरकार में, सरकारी संपत्तियां बिक रहीं रू मोदी सरकार में, पेट्रोल की कीमतें एक साल में सबसे ज्यादा बढ़ीं रू मोदी सरकार में। वहीं राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, पेट्रोल दामों पर टैक्स डकैती बढ़ती जा रही है। कहीं चुनाव हों तो थोड़ी रोक लगे। उन्होंने अपने ट्वीट के साथ हैशटैग टैक्स एक्सटॉर्शन का इस्तेमाल किया। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने भी प्रियंका गांधी द्वारा साझा की गई उसी मीडिया रिपोर्ट को टैग करते हुए अच्छे दिन का नारा ट्वीट कर केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया।

रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार पांचवें दिन 35 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई, जिससे देश भर में पेट्रोल पंप पर ईंधन की दरें नयी ऊंचाई पर पहुंच गईं।

सरकार के स्वामित्व वाली ईंधन विपणन कंपनियों के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 107.59 रुपये प्रति लीटर और मुंबई में 113.46 रुपये प्रति लीटर हो गई जो अब तक का उच्चतम स्तर है। मुंबई में डीजल अब 104.38 रुपये प्रति लीटर है, जबकि दिल्ली में इसकी कीमत 96.32 रुपये प्रति लीटर है।

## गोदावरी ई-मोबिलिटी रायपुर में ईवी संयंत्र लगाने के लिए 150 करोड़ रुपये तक निवेश करेगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ स्थित हीरा समूह की इकाई गोदावरी ई-मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड रायपुर में एक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 2023 तक 150 करोड़ रुपये तक निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंपनी साथ ही दक्षिण और पश्चिम भारत के बाजारों में अपनी पहुंच को बढ़ाने के साथ नए उत्पादों को उतारने की भी तैयारी कर रही है। कंपनी वर्तमान में पूर्वी और उत्तर भारत के छह राज्यों में इब्लू ब्रांड के तहत बिजली से चलने वाले (इलेक्ट्रिक) तिपहिया वाहनों को लीज पर देने का कारोबार करती है।

गोदावरी ई-मोबिलिटी अगले साल जनवरी तक इसी ब्रांड के तहत कंपनी द्वारा निर्मित तेज-गति वाले इलेक्ट्रिक-ऑटोरिक्शा और साइकिल पेश करने की योजना भी बना रही है। गोदावरी ई-मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा, हम छत्तीसगढ़ के रायपुर में जनवरी, 2021 से एक विनिर्माण संयंत्र स्थापित कर रहे हैं। इस संयंत्र में हम बिजली से चलने वाले दोपहिया और तिपहिया वाहनों के निर्माण की योजना बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह कदम मौजूदा इलेक्ट्रिक-तिपहिया वाहनों को पट्टे पर देने के कारोबार को बढ़ावा देने के लिए है, जिसे कंपनी वर्तमान में किसी तीसरे पक्ष से प्राप्त कर रही है।

## गोवा विस चुनाव में आप और तृणमूल कांग्रेस बस नाम के खिलाड़ी रहेंगे: चिदंबरम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) और तृणमूल कांग्रेस गोवा विधानसभा चुनाव में बस नाम के खिलाड़ी रहेंगे और कांग्रेस ही भाजपा को हराने और अगली सरकार बनाने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में है।

गोवा में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चिदंबरम कांग्रेस के वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक हैं। उन्होंने कहा कि गोवा में तृणमूल कांग्रेस का प्रवेश पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा थोपा जाना प्रतीत होता है, क्योंकि मुख्य रूप से यह पश्चिम बंगाल की पार्टी है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि क्या ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी का अन्य पार्टियों से दलबदल कराकर गोवा में



इकाई शुरू करने के पीछे क्या मकसद है। उन्होंने एक साक्षात्कार में बताया कि गोवा विधानसभा चुनाव के लिए किसी भी छोटी पार्टी के साथ गठबंधन तभी संभव है, जब वह यह स्वीकार करे कि गैर भाजपा गठबंधन में कांग्रेस की केंद्रीय भूमिका होगी। राज्यसभा सदस्य ने कहा, गोवा उन चार राज्यों में से एक है, जहां अगले साल की शुरूआत में चुनाव होने वाले हैं। सभी राज्य समान रूप से महत्वपूर्ण हैं और उस दृष्टिकोण से गोवा भी महत्वपूर्ण है। कांग्रेस और गोवा के लोगों के बीच एक लंबा और विशेष संबंध रहा है। कांग्रेस यह जानती है कि गोवा, गोवा के लोगों का और गोवा की एक अनोखी जीवनशैली है उन्होंने कहा, हम 2022 का चुनाव जीतने और कांग्रेस की सरकार बनाने के इरादे से चुनाव मैदान में उतर रहे हैं।

## कांग्रेस को लेकर बहुत गुस्से में हैं लालू, बोले- क्या होता है गठबंधन, जमानत जब्त कराने के लिए हम सीट दे देते

एजेंसी

**पटना।** बिहार की सियासत में एक भूचाल सा आया हुआ है. विधानसभा की दो सीटों पर हो रहे उपचुनाव में जदयू से मुकाबला करने उतरा राजद अब कांग्रेस से आर-पार की लड़ाई करता हुआ दिख रहा है. भक्तचरण दास के गठबंधन टूटने संबंधी पटना में दिये गये बयान के बाद दिल्ली से अचानक परेशान लालू रविवार को पटना पहुंचे। दिल्ली एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए लालू प्रसाद कांग्रेस को लेकर काफी गुस्से में दिखे. लालू यादव ने कहा कि गठबंधन क्या होता है? क्या कांग्रेस को जमानत जब्त कराने के लिए हम सीट दे देते? क्या कांग्रेस को हारने के लिए हम सीट दे देते, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद कांग्रेस खास कर कांग्रेस के बिहार प्रभारी भक्तचरण दास से बेहद नाराज हैं. राजद पर भाजपा को सहयोग करने संबंधी भक्तचरण दास के आरोप पर लालू ने अपना आपा खोते हुए उनके संबंध में आपत्तिजनक शब्द तक बोल गये (वो चुनाव प्रचार के दौरान सारी बातें जनता को बतायेंगे. उन्होंने कहा कि दोनों सीटों तारापुर और कुशेश्वरस्थान में उपचुनाव में जाने कि वो कोशिश करेंगे. लालू यादव ने दोनों सीटों पर राजद के उम्मीदवार जीत रहे हैं.मीडिया से बात करते हुए लालू ने कहा कि लंबे अरसे से हम पटना में नहीं थे लेकिन आज हम पटना जा रहे हैं. इस दौरान डॉक्टर की सलाह ली है.हेल्थ ग्राउंड पर जमानत मिलने की बात पर लालू यादव ने कहा कि हमको कोई हेल्थ ग्राउंड पर जमानत नहीं मिली है. भाजपा के लोग गलत बोल रहे हैं.दोनों बेटों के बीच मतभेद के सवाल पर लालू प्रसाद यादव ने कहा कि तेजस्वी और तेज प्रताप दोनों हमारे बेटे हैं. परिवार में कोई नाराजगी नहीं है। पिछले दिनों पटना आयीं राबड़ी देवी ने एयरपोर्ट पर कहा था कि लालू यादव की तबियत सही नहीं है, इसलिए वो कभी बिहार नहीं आयेंगे.

## केंद्र ने त्वरित सुनवायी अदालतों का संचालन शुरू करने को लेकर राज्यों पर जोर दिया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र ने यौन अपराधों के मामलों में पीड़ितों को जल्द न्याय दिलाने के लिए, दो साल पहले गांधी जयंती पर शुरू की गई त्वरित सुनवायी अदालतों को संचालित करने को लेकर कुछ राज्यों पर नये सिरे से जोर दिया है। केंद्र सरकार ने 2018 में आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम के पारित होने के बाद, 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 1,023 त्वरित सुनवायी विशेष अदालतें (एफटीएससी) गठित करने का निर्णय लिया था। इनमें से 389 अदालतें विशेष रूप से यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के उल्लंघन से संबंधित मामलों से निपटने के लिए थीं। कुल इच्छित एफटीएससी के मुकाबले, 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 367 पोक्सो अदालतों सहित 674 ने काम करना शुरू कर



दिया। वहीं इस साल अगस्त तक इन अदालतों ने कोरोना वायरस के चलते लागू लॉकडाउन के बावजूद 56,267 मामलों का निपटारा किया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने एफटीएससी योजना के लिए अपनी सहमति दे दी है। पश्चिम बंगाल, जिसके लिए 123 ऐसी अदालतें निर्धारित की गई थीं, अंडमान और निकोबार जिसे एक एफटीएससी प्राप्त होनी थी और अरुणाचल प्रदेश, जिसे तीन एफटीएससी निर्धारित की गई थी, ने अभी तक अपनी सहमति नहीं दी है। अरुणाचल प्रदेश ने कानून मंत्रालय में न्याय विभाग को बताया है कि फिलहाल मामलों की संख्या कम होने के कारण राज्य में ऐसी अदालतों की आवश्यकता नहीं है। सूत्रों ने बताया कि गोवा को दो एफटीएससी निर्धारित की गई थीं। सूत्रों ने कहा कि गोवा ने एक एफटीएससी के लिए सहमति दी है लेकिन इसे अभी तक चालू नहीं किया गया है। राज्यों की सहमति जरूरी है क्योंकि एफटीएससी केंद्र प्रायोजित योजना का हिस्सा है, जिसके लिए राशि में केंद्र और राज्य दोनों का योगदान होता है। न्याय विभाग उन राज्यों से संचार कर रहा है जिन्होंने उनके लिए निर्धारित सभी या कुछ एफटीएससी को अभी तक शुरू नहीं किया है। सूत्रों ने कहा कि हाल ही में इन राज्यों को नए पत्र भेजे गए हैं। ऐसे 10 राज्य हैं जिनके द्वारा उन्हें निर्धारित सभी एफटीएससी का संचालन करना बाकी है। उदाहरण के लिए, आंध्र प्रदेश ने ऐसी 18 में से नौ अदालतों का संचालन शुरू किया है। बिहार को 54 एफटीएससी निर्धारित की गई थीं लेकिन अब तक 45 अदालतें शुरू की गई हैं। इसी तरह, 138 के कोटे के साथ महाराष्ट्र ने अब तक 33 ऐसी अदालतों का संचालन किया है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, तमिलनाडु और नागालैंड सहित 17 राज्य ऐसे हैं जिन्होंने उनके लिए निर्धारित सभी एफटीएससी का कामकाज शुरू कर दिया है।

## न्यायालय ने गैरजरूरी अपील के लिए उत्तराखंड सरकार को फटकार लगाई, दंडात्मक कारवाई की दी चेतावनी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हत्या के प्रयास के दोषी की सजा कम करने को चुनौती देने के लिए गैरजरूरी याचिका दायर करने पर उत्तराखंड सरकार को फटकार लगाई है। न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने रेखांकित किया कि आरोपी के वकील ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय के समक्ष सजा को चुनौती नहीं दी बल्कि सजा कम करने का तर्क दिया और राज्य सरकार की ओर से पेश वकील ने सजा घटाने के अनुरोध का विरोध नहीं किया। शीर्ष अदालत ने उत्तराखंड सरकार द्वारा मामले में दाखिल याचिका को खारिज करते हुए चेतावनी दी कि अगर राज्य इस अदालत में और गैरजरूरी याचिका दायर करने की कोशिश करता है तो इसकी अनुमति देने वाले जवाबदेह अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। पीठ ने कहा, यह देखना परेशान करने वाला है कि ऐसे मामले जहां पर राज्य के वकील ने सजा को कम करने का विरोध तक नहीं किया और उच्च न्यायालय ने तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए फैसले में मामूली संशोधन किया, वहां राज्य ने इस अदालत का दरवाजा खटखटाया और बिना न्यायोचित तथ्य दिए विशेष अनुमति याचिका के तौर पर सुनवाई की अनुरोध किया। पीठ ने 20 अक्टूबर को दिए फैसले में कहा, मौजूदा याचिका के बारे में यह कहा जा सकता है कि राज्य द्वारा गैरजरूरी वाद दायर किया गया।मौतलब है कि शीर्ष अदालत उत्तराखंड द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें 20 अगस्त 2020 को उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा-307 (हत्या का प्रयास), 34 (समान मंशा) और शस्त्र अधिनियम की धारा-25 के तहत दोषी ठहराने के फैसले को बरकरार रखा था।

# पूर्वजों को याद करने के साथ उनके विचारों को आत्मसात करना जरूरी - रामगोविंद चौधरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में आयोजित 'बहादुर शाह जफर जयन्ती समारोह' में बोलते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा कि बहादुर शाह जफर ने बरतानिया हुकूमत के खिलाफ जो किया उसे चाहे बगावत कहा जाए, चाहे आजादी की लड़ाई पर आजादी की नींव वहीं से रखी गई थी। ऐसे ही बलिया की धरती पर शुरू हुए सम्पूर्ण क्रांति के आंदोलन का भी शीर्ष महत्व है। चौधरी ने कहा कि आज फिर समझने और एक होकर स्थिति का मुकाबला करने की जरूरत है, अन्यथा जैसे हम कभी अंग्रेजों के गुलाम थे आगे कुछ पूंजीपतियों के गुलाम होंगे।

उन्होंने कहा कि अमर शहीद महान स्वतंत्रता सेनानी बहादुर शाह जफर को याद करते हुए हमें बदलाव की ओर चलना पड़ेगा। चौधरी ने एक कविता की लाइनों के साथ अपनी बात पूरी की 'गंगा की कसम, जमुना की कसम यह ताना बाना बदलेगा, कुछ तुम बदलो कुछ हम बदलें तब सारा जमाना बदलेगा'।

वामपंथी नेता अतुल कुमार अंजान ने कहा कि 24 अक्टूबर बहुत ही पाक और मुकद्दस दिन है, इस दिन पर आयोजित यह प्रोग्राम बेहद खास है। आज जब हम आजादी की 75वीं सालगिरह मना रहे हैं तो लखनऊ वालों से मेरी यह गुजारिश है कि अब वास्तविक अर्थों बहादुर शाह जफर को याद किया जाए। उन्होंने कहा कि जिसके विचारों के साये तले दो तिहाई दुनिया चलती है, उन कार्ल मार्क्स जैसे विचारक ने भे ढेर सारे आर्टिकल 'फर्स्ट फ्रीडम वार ऑफ इंडिया' पर लिखे हैं। अंजान ने कहा कि ऐसी अजीम शख्शियत को याद करते हुए हमें एक दूसरे के एहतराम का संकल्प लेना चाहिए। चुनौतियों के इस दौर में मिलजुलकर ही इस देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लखनऊ का आजदी के पहले और बाद में भी देश के लिए बड़ा योगदान रहा। भारत के संविधान निर्माण के समय की एक बात का जिक्र करते हुए बताया कि इसी लखनऊ के भगवान दीन ने कहा था कि इस संविधान में नारियों के मौलिक अधिकारों की बात को शामिल करना भी जरूरी है। इससे पहले कांग्रेस मीडिया विभाग के डिप्टी चेयरमैन डॉ पंकज श्रीवास्तव ने बहादुर शाह जफर के भारत की आजादी के लिए किये गए संघर्ष को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि 70 साल के उस शख्श द्वारा जलायी गई आजादी की मशाल की तपिश में एक दिन ब्रिटिश हुकूमत का सूरज अस्त हो गया। प्रोफेसर साबिरा हबीब ने बताया कि दूसरे लोग जिसे बगावत कहते हैं, बहादुर शाह जफर ने ही आजादी की उस लड़ाई को शुरू किया था। आगे चलकर यही लड़ाई हमारी जम्हूरियत का सबब बनी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गिरि विकास अध्ययन संस्थान के डॉ एके सिंह ने कहा कि जो लोग अपने पूर्वजों को याद नहीं करते उनकी आने वाली पीढ़ियों उनको भी याद नहीं करतीं। समारोह में मुख्य अतिथि नेता राम गोविन्द चौधरी एवं मंचासीन अन्य अतिथियों ने शहर की कई हस्तियों को सम्मानित भी किया। सम्मान पाने वालों में प्रदीप कपूर, डॉक्टर अब्दुल कुददूस, डॉक्टर कौसर उस्मान, शिव शरण सिंह, बीडी नकवी, मधुकर त्रिवेदी, अमीर हैदर, सुरेंद्र सिंह चौधरी, श्रीमती शिल्पा चौधरी, बेचई यादव, डॉक्टर उदय खत्री शामिल रहे। बहादुर शाह जफर की कुबार्नी का संदेश के साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रदर्शनी का उद्घाटन भी रामगोविंद चौधरी ने किया। बहादुर शाह जफर जयंती समारोह के संयोजक इंसराम अली ने सभी अतिथियों का स्वागत कर यह अपील किया कि आज की युवा पीढ़ी आजादी के पहले के सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन का अध्ययन जरूर करें। जिससे कि युवा पीढ़ी को यह पता रहे कितनी कुर्बानियों के बाद हिंदुस्तान को आजादी मिली थी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना अब्दुल कयूम रहमानी फाउंडेशन के अध्यक्ष बदरे आलम ने सभी आगंतुकों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। अंत मे पूर्व एमएलसी सिराज मेहंदी ने सभी आगंतुकों का आभार जताया। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक इंसराम अली और उनकी टीम को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रमुख वरिष्ठ पत्रकार एहतेराम सिद्दीकी, चांद मियाँ सभासद, खालिद अंसारी, औसाफ अकबर सहित आदि उपस्थित थे।



# आबकारी विभाग व थाना अजगैन पुलिस ने बरामद की अवैध शराब



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव, जिलाधिकारी रवींद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आज विशेष प्रवर्तन अभियान अंतर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में अमित कुमार श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक क्षेत्र हसनगंज एवं राजेश प्रताप सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र पुरवा मय स्टॉफ तथा थाना अजगैन पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम जनसार में दबिश के दौरान

अवैध विदेशी मदिरा टेट्रा पैक पौवे 144नकली दफ कोड 2200

3- साबुत दुबारा प्रयोग होने योग्य ढक्कन 60

4- टूटे हुए ढक्कन 61

5- विभिन्न ब्राण्ड की खाली शीशियां 12

6 प्लास्टिक की दो बोतलों में भरा हुआ पानी के साथ मौके पर मयंक जायसवाल पुत्र अरुण जायसवाल व अरुण जायसवाल पुत्र हरी प्रसाद जायसवाल को आबकारी अधिनियम धारा के अन्तर्गत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# शराबी पति के कारनामों से तंग आकर पत्नी ने ही की थी पति की हत्या

**घटना में प्रयोग की गई कुल्हाड़ी व खून से लथपथ कथरी बरामद**

अमन लेखनी समाचार



बघौली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत कमोलिया गांव के निकट मुर्गा फार्म पर चार दिन पूर्व मुर्गा फार्म संचालक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। हत्या को लेकर मृतक की पत्नी ने कमोलिया गांव निवासी शिवकुमार पर संदेह जाहिर करते हुए प्रार्थना पत्र पुलिस को दिया था जिसके बाद मौके पर पहुंचे आला अधिकारी ने मौके का मुआयना करने के बाद तीन टीमों का गठन कर घटना का जल्द से जल्द खुलासा करने का निर्देश दिया था। उक्त घटना को पुलिस ने बड़ी ही सक्रियता के साथ छानबीन शुरू तो मामला कुछ और ही निकला। बताते चलें कि 17 अक्टूबर को अखिलेश पुत्र छविनाथ निवासी कुइंया का कमोलिया के पास स्थित मुर्गा फार्म पर हत्या कर शव लगभग तीन सौ मीटर दूर अखिलेश के ही खेत में पड़ा पाया गया पत्नी मोनिका की तहरीर पर बघौली पुलिस ने मुकदमा शिव कुमार निवासी कमोलिया के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर पड़ताल शुरू कर दी बच्चे के बयान व गांव के लोगों के बयान के बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी मोनिका को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ शुरू की गई तो मोनिका ने अपना जुर्म इकबाल करते हुए बताया कि आए दिन पति शराब पीकर मारपीट व झगड़ा करता रहता था जिससे तंग आकर पत्नी ने नशे में मुर्गा फार्म पर सो रहा पति के ऊपर धारदार कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई तथा मोनिका की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त आला कत्ल कुल्हाड़ी व कथरी भी पड़ोस के खेत से बरामद कर लिया तथा शिव कुमार के ऊपर मनगढ़ंत रूप से इल्जाम लगाने की बात सामने आई। थाना प्रभारी सोमपाल गंगवार की सक्रियता के चलते एक निर्दोष व्यक्ति जेल जाने से बच गया। थाना प्रभारी की इस कार्यशैली की बघौली क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है।

# एस आर ग्रुप में फ्रेशर पार्टी मनाई गयी



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, लखनऊ में नव प्रवेशित छात्र, छात्राओं के स्वागत हेतु फ्रेशर्स पार्टी सृजन-2021 का आयोजन आज एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, लखनऊ में नव प्रवेशित छात्र, छात्राओं के स्वागत हेतु फ्रेशर्स पार्टी सृजन-2021 का आयोजन सम्पन्न हुआ। सृजन में लगभग 4000 छात्रों के साथ क्षेत्र और समाज के प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे। इंटिट्यूशन में आज इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के नवागंतुक छात्रो ने सृजन में अपनी प्रतिभा का रंगमंच पर भव्य प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री कौशल किशोर आवस एवम शहरी कार्य भारत सरकार, कैबिनटमंत्री रमापति शास्त्री समाज कल्याण उ0प्र0 सरकार, मंत्री स्वाति सिंह महिला एवंम बाल कल्याण, उ0प्र0 सरकार, मंत्री मोहसिन रजा अल्प संख्यक कल्याण राज्यमंत्री उ0प्र0 सरकार, विद्यायक सुरेश तिवारी कैंट लखनऊ अनुपमा जायसवाल विद्यायक बहराइच दया शंकर बीजेपी उपाध्यक्ष मंत्री श्रीकांत शर्मा ऊर्जा एवम अतिरिक्त ऊर्जा मंत्री अनिल क्षेत्र प्रचारक आर एस एस कौशल प्रान्त प्रचारक आर एस एस जे पी एस राठौर राज्य उपाध्यक्ष एवम बूथ इंचार्ज बीजेपी दिनेश लाल यादव भोजपुरी कलाकार, गीतकार, राजनीतिज्ञ उपस्थित रहे आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा० महिला कल्याण मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार श्रीमती स्वाति सिंह के चेयरमैन पवन सिंह उपस्थित रहीं।

# महिलाओं के लिए की गयी घोषणाएँ मील का पत्थर साबित होंगी : नसीमुद्दीन

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ बक्शी का तालाब कांग्रेस महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गाँधी ने बाराबंकी से कांग्रेस की प्रतिज्ञा यात्रा को हरी झंडी दिखाई। प्रतिज्ञा यात्रा को झंडी दिखाने के साथ ही उन्होंने आगामी चुनाव के लिए कांग्रेस की 7 प्रतिज्ञाओं की घोषणा की।

- **टिकटों में महिलाओं की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी**
- **छात्राओं को स्मार्टफोन और स्कूटी किसानों का पूरा कर्जा माफ**

2500 में गेहूं-धान, 400 पाएगा गन्ना किसान बिजली बिल सबका हाफ कोरोना काल का बकाया साफ दूर करेंगे कोरोना की आर्थिक मार परिवार को देंगे 25 हजार

**20 लाख को सरकारी रोजगार**

बाराबंकी से चलकर प्रतिज्ञा यात्रा कल शाम 07:00 बजे लखनऊ की बक्शी का तालाब (169) विधानसभा के चिनहट पहुँची। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं कम्युनिकेशन विभाग के संयोजक ललन कुमार ने प्रतिज्ञा यात्रा का स्वागत एवं संबोधन किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

आज सुबह पूर्व सांसद पीएल पुनिया, राकेश सचान, प्रदीप जैन एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने बक्शी का तालाब स्थित माँ चन्द्रिका देवी मंदिर पर दर्शन कर कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पिछले 30 वर्षों से भाजपा, सपा एवं बसपा ने प्रदेश की जनता को झूठे वादे करके ठगा है। इनकी सरकारों में किसानों की दुर्गति हुई है। भाजपा ने तो किसानों को गाड़ी तले रौंद दिया। काले कानून लाकर भाजपा ने अपनी किसान विरोधी सोच जाहिर कर दी। प्रियंका गाँधी द्वारा की गयी 7 प्रतिज्ञाएँ प्रदेश के नागरिकों के लिए बेहद जरूरी हैं। इसमें किसान, गरीब, बेरोजगार एवं महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर घोषणाएँ की गयी हैं। प्रेस वार्ता के बाद कार्यालय के बाहर उपस्थित कार्यकताओं एवं समर्थकों को वरिष्ठ नेताओं द्वारा संबोधित किया गया।

# शनि जागरण में जमकर झूमें भक्त, भंडारे में बांटी पूड़ी-सब्जी

मोहनलालगंज-मोहनलालगंज के करोरा गांव में शनिवार को शनिदेव मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद जागरण के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें पहुंची समाजसेविका अपर्णा यादव ने मंदिर में शनिदेव की विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद भंडारे में प्रसाद का वितरण किया।इस मौके पर आयोजन अतुल चौरसिया ने समाजसेविका अपर्णा यादव को अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया।वही शनि जागरण में गायको ने शनिदेव महाराज के सुंदर सुंदर भजनो को सुनकर ग्रामीणो को झूमने पर मजबूर कर दिया।सुबह से देर शाम तक चले भंडारे में क्षेत्र के हजारो लोगो ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर भाजपा विधायक अनिल सिहं, सपा विधायक अम्ब्रिश पुष्कर, मोहनलालगंज पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक तिवारी, ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा, नगराम इंस्पेक्टर मो०शमीम खान, समाजसेवी गोविंद तिवारी, नितिन तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि नीरज त्रिवेदी सहित काफी सख्या में क्षेत्र के सभ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे।

# सपा के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष का मलिहाबाद में सपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

अमन लेखनी समाचार



**मलिहाबाद, लखनऊ,** लखनऊ जिले के मलिहाबाद विधानसभा आगमन पर रविवार को महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी का सपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी ने आगामी विधानसभा चुनाव में अखिलेश को दोबारा सीएम बनाने का संकल्प लिया।

मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दिलावरनगर जा रहे महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी व सपा नेत्री व फिल्म अभिनेत्री काजल निषाद के काफिले को लखनऊ हरदोई हाईवे के किनारे स्थित बैंक आफ बडौदा मलिहाबाद स्थित सरोज यादव के ट्रांसपोर्ट पर रोककर सपाइयों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। अपने स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुये अबू आजमी ने केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला कहा कि आज केन्द्र व प्रदेश की सरकार साम्प्रदायिकता को बढ़ावा दे रही हैं। आपस में लड़ाकर राजनीतिक रोटी सेंकने का काम कर रही हैं। हम सभी को मिलकर इस सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। इसके लिए कुबार्नी भी देनी पड़ सकती है, जिसके लिए हम सभी सपा के सिपाही हमेशा तैयार रहते हैं। आज प्रदेश सरकार उत्पीड़न करने का काम कर रही है। निदोषों को मारा जा रहा है। विकास से सरकार को कोई मतलब नहीं है। यह कबीर की धरती है जो हमेशा राष्ट्र को सामाजिक एकता, प्रेम और सौहार्द का संदेश देती रही है।

भाजपा सरकार द्वारा चलायी जा रही किसान विरोधी नीतियों का भी बखान किया। स्वागत समारोह मे विधानसभा अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव, पूर्व विधायक इन्दल कुमार रावत, पूर्व प्रत्याशी राजबाला रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सरोज यादव, सपा नेता सोनू कनौजिया, वसी अहमद, लुकमान अली मंसूरी, अवधेश सिंह संदीप यादव, जितेन्द्र उर्फ गुड्डू, अमान हसन खान, समाजवादी युवाजन सभा नगर अध्यक्ष शहजाद खान, युवा नेता फिरोज खान शन्नू नेता, सहित भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ठेकेदार की पिटाई कर नकाबपोश बदमाशो ने बाइक व 28हजार रुपए लूटे

**(पीड़ित ने पुलिस पर लूट की घटना को चोरी में दर्ज कराने का लगाया आरोप, पुलिस का दावा पीड़ित ने दी थी चोरी की तहरीर)**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज-मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के धनवारा-कोराना मार्ग पर सूनसान स्थान पर शनिवार की शाम बाइक सवार ठेकेदार को पैदल सड़क पर चल रहे दो बदमाशो ने जबरन रोककर डंडो से पिटाई के बाद बाइक व 28हजार रूपयो सहित मोबाइल, एटीएम रखा बैग लेकर भाग निकले।जिसके बाद उसने पुलिस को अपने साथ हुयी घटना की सूचना दी।

पीड़ित ठेकेदार का आरोप है पुलिस ने लूट की तहरीर बदलवाकर चोरी में मामला दर्ज किया है, जब कि पुलिस पीड़ित के द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश में कई जगह दबिश देने का दॉवा कर रही है।

मोहनलालगंज के कोराना गांव निवासी राजाराम यादव ने बताया वो भवन निर्माण कराने का काम करता है, शनिवार की शाम सात बजे वो अपनी बाइक से धनवारा-कोराना मार्ग होते हुये घर जा रहे थे, वो जैसे ही अपने गांव जाने वाली सड़क पर सूनसान स्थान पर पहुंचा ही था, तभी सड़क पर पैदल जा रहे हाथो में डंडा लिये दो नकाबपोश बदमाशो ने उस पर अचानक से पीछे से डंडो से ताबड़तोड़ कई वार कर बाइक सहित गिरने पर बाइक व बैग छिनकर भाग निकले।ठेकेदार राजा राम ने बताया बैग में 28हजार रुपए, मोबाइल, एटीएम, आधार कार्ड सहित हिसाब किताब की डायरी थी, जिसके बाद उसने पीछे से आये बाइक सवार युवक से लिफ्ट मांग कर डेहवा मोड़ पर खड़े डायल 112 वाहन के पुलिसकर्मियो को अपने साथ हुयी घटना की सूचना दी, तब जाकर इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्रा ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर छानबीन की।पीड़ित ने पुलिस पर लूट की घटना को चोरी में परिवर्तित कराकर मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया है।हालाकि पूरे मामले में इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्रा ने पीड़ित द्वारा दी गयी चोरी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने व चोरो की तलाश में पुलिस टीमो के साथ कई ठिकानो पर दबिश देने की बात कही है।

# उधारी वसूलने के लिये शोरूम मालिक ने राजगीर और उसकी माँ को सड़क पर पीटा

- **पीड़ित कार्यवाही के लिये पिछले 24 घण्टे से थाने के चक्कर काट रहा**
- **सीओ ने कहा जांचकर होगी कार्यवाही**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज-उधारी वसूलने को लेकर शनिवार शाम को कस्बे के एक शोरूम मालिक ने बाइक सवार राजगीर को निगोहा स्टेशन रोड पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा बीच बचाव करने पहुची राजगीर की माँ की भी पिटाई कर दी।ग्रामीणों के हस्तक्षेप करने के बाद शोरूम मालिक के चंगुल से छूटे राजगीर ने पूरे मामले की शिकायत निगोहा थाने पर की वही पीड़ित का आरोप है कि निगोहा पुलिस शोरूम मालिक के प्रभाव में 24 घण्टे बीतने के बाद भी कोई कार्यवाही नही कर रही है। निगोहा के दखिना शेखपुर गांव के रहने वाले राजगीर अभिषेक रावत ने बताया एक साल पहले निगोहा कस्बे के एक बजाज शोरूम से पल्सर बाइक खरीदी थी।कोरोना संकट से आई आर्थिक तंगी के चलते बकाया के पांच हजार देने में लेट हो गया था।पर बकाया धनराशि जल्द चुकता करने की बात कह रहा था।शनिवार शाम अभिषेक अपनी माँ सावित्री के साथ निगोहा कस्बे आया था।इसी बीच शोरूम मालिक ने आकर बीच सड़क पर उसे पीटना शुरू कर दिया।अभिषेक ने बताया कि शोरूम मालिक से इस काफी मिन्नतें की पर शोरूम मालिक ने एक न सुनी पिटाई देखकर उसकी माँ आई तो शोरूम मालिक ने उनकी भी पिटाई कर दी।इस दौरान उधर से कुछ ग्रामीणों शोरूम मालिक से विरोध जताया तो तब जाकर वह शोरूम मालिक के चंगुल से छूटा इसके बाद भागकर निगोहा थाने पहुचकर पूरे मामले की शिकायत की लिखित शिकायत थाने पर दी।पर पुलिस ने मामले को दर्ज करना तो दूर मौके पर जाकर जांच पड़ताल करना उचित नही समझा और अगले दिन रविवार को बुलाया।पीड़ित जब रविवार को थाने पर पहुचकर जांच करने वाले दरोगा को फोन किया तो दरोगा ने कहा मैं बाहर हू सिपाही से बात कर लो वही सिपाही ने फोन पर सोमवार तक कार्यवाही की बात कहकर फोन काट दिया।सीओ नैमुल हसन ने बताया कि पूरे मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में करवा-चौथ का पर्व हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ बीकेटी, सुहागिनों ने निर्जला उपवास रहकर शाम को चाँद अर्घ देकर अखंड सौभाग्य की कामना की। बीकेटी क्षेत्र में सुहागिनों ने दिन भर उपवास रहकर शाम को चावल के आटे से करवा बनाकर पीतल, चांदी या सोने से बने करवे में चावल की बनी पंजीरी, चूरा, गट्टे को भरकर पूजन किया। चाँद को अर्घ देकर छन्नी में दीपक रखकर पति की आरती उतारी और इसके बाद व्रत का पारण किया। क्षेत्र के कुम्भरावां इटौजा अमानीगंज सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं बडी घूम घूम रही। वही ब्लाक कांग्रेस कमेटी बक्शी का तालाब लखनऊ के अध्यक्ष संतोष द्विवेदी ने क्षेत्र की समस्त सुहागिनों को करवा चौथ व्रत की बधाई व शुभकामनाएं दी

# सौभाग्य एवं पति की रक्षा के लिए सुहागिन स्त्रियां रखती है करवा चौथ का व्रत

अमन लेखनी समाचार



पुरवा उन्नाव सौभाग्य एवं पति की रक्षा के लिए सुहागिन करवा चौथ का व्रत रखती हैं। इस बार देवव्रत रविवार को मनाया। ऐसी मान्यता है कि अपनी ग्रीन में पूजन करने से सुख, शांति, सृमद्धि, आदि की प्राप्ति होती है। और परिवार में धन धान्य की वृद्धि होती है। सुहागिन महिलाएं इस व्रत को अपने सुहाग की रक्षा के लिए निर्जला ब्रत रहती हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल कुमार शुक्ला ने बताया हैं कि रविवार के दिन में सौभाग्यवती स्त्रियां अपने सौभाग्य एवं पति आदि की रक्षा के लिए इस व्रत को रखती है। पुराण आदि में बताया गया है कि इस व्रत को चंद्रोदय व्यापिनी चौथ में ही इस व्रत को करना चाहिए। जबकि चतुर्थी तिथि शनिवार को रात्रि 12:44 से रविवार को 2:00 बजे के 44 मिनट तक रह रहा है। लेकिन हम सभी शास्त्रों के अनुसार एवं ज्योतिष गणना के माध्यम से रविवार को नहीं चतुर्थी तिथि मानेंगे जिसमें स्त्रियां शाम 9:00 बजे से लेकर रात्रि 8:00 बजे तक शुभ मुहूर्त में चंद्रमा दर्शन करके इसनिर्जला व्रत को तोड़ेंगी। इस व्रत में विशेष करके सुबह अपने नित्य कर्म से निवृत्त होकर के सौभाग्यवती स्त्रियों को भगवान मंगल के दाता निर्भरता भगवान गणेश का पूजन अर्चना करना चाहिए और रात्रि कालीन में चंद्र दर्शन उपरांत कर पुत्र आदि पति के रक्षा के लिए कामना करें। और भगवान शिव परिवार सहित विधिवत पूजन संकल्प आदि करके चंद्रमा दर्शन सहित पति दर्शन करके जलग्रहण करना चाहिए और भगवान से कामना करना चाहिए जो भी परिवार में रोग व्याधि इत्यादि विघ्न बाधा सबका नष्ट हो जाए और सुख शांति समृद्धि की प्राप्ति हो परिवार में सब लोग सम्पन्नता से रहे ।।

## संक्षेप

### पत्नी के वियोग में युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

**पुरवा उन्नाव,** कोतवाली के क्षेत्र ग्राम सुर्जा पुर निवासी सुशील कुमार 30 टीवीपुत्र स्व 0 हीरा लाल अपने घर की भूसा वाली कोठरी में लगे छल्ले से लटकर अपनी जान दे दी। माता रमदेई 89 ने बताया कि हमारे बेटे ने तीन शादियां की लेकिन कुछ दिन रहने के बाद तीनों स पत्नियों ने बेटे को छोड़ दिया।इसी कारण हमारे बेटे की मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण उसने भूसे की कोठरी में लगे छल्ले में रस्सी का फंदा डालकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। माता ने बताया कि हमारा भतीजा कोठरी में भूसा लेने गया था तभी उसकी नजर फांसी पर लटक रहे सुशील को देखकर चिल्लाते हुऐ बाहर आया तब हम लोगों को जानकारी हुई। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज दिया।

### भगवान श्री कृष्ण की जन्म कथा सुनकर भक्त हुए भाव विभोर

**शुक्लागंज उन्नाव** नेहरू नगर जोगा भोगा वाली गली शुक्लागंज चल रही भागवत कथा के पंचम दिवस में स्वामी योगेश्वराचार्य महाराज जी ने वामन अवतार कथा, मत्स्य अवतार, परशुराम भगवान की कथा एवं कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग का महाराज जी ने कथा का व्याख्यान किया और भक्तों ने ठुमके लगाकर कृष्ण जन्मोत्सव मनाया। सभी भक्तगण भाव विभोर हो उठे। इस मौके पर अरुण कुमार पाण्डेय, आशा देवी, शिववरण पाण्डेय, राज किशोर पांडेय, अरविंद कुमार पाण्डेय, राजकुमार पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, पंकज पाण्डेय, प्रताप नारायण अवस्थी, निशानु मिश्रा, विमल किशोर, शिवम, दिलीप, होरीलाल, विनोद शर्मा, संजय शर्मा, सजल त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे। वहीं शाम के समय औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना भागवत कथा पंडाल में पहुंचे। जहां आयोजकों ने उन्हें प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

### गंगा का जल स्तर बढ़ने से घरों के अंदर घुसा पानी

**शुक्लागंज उन्नाव** अक्तूबर माह में भारी बारिश और उत्तराखंड में त्रासदी आने के कारण पश्चिम के बांधों से लगातार रूक रूक कर भारी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे तेजी से गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार शनिवार की शाम पांच बजे जलस्तर 111.810 मीटर मापा गया। जो रविवार को बढ़कर चेतावनी बिन्दु 112 मीटर पार कर गया। दिन करीब 11 बजे जलस्तर 112.090 मीटर रहा। जो चेतावनी बिंदु 112 पार कर गया। चेतावनी बिंदु पार होने से तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। उसके बाद शाम 4 बजे जलस्तर बढ़कर 112.160 मीटर पहुंच गया। बढ़े जलस्तर के कारण निचले इलाकों में सैकड़ों मकानों में पानी भर गया है। तमाम मकान जलमग्न हो गए हैं। चंपापुरवा, तेजी पुरवा, मनसुख खेड़ा, हुसैन नगर कर्बला, ईद्गाह कॉलोनी के लगभग सैकड़ों मकान पानी से घिर गए हैं। केन्द्रीय जल आयोग की मानें तक गंगा का जलस्तर बढ़ने की सम्भावना बनी हुई है। जिससे खतरे के निशान पर पहुंचने से लोग भी खासे डरे सहमें दिख रहे।

## कोरोना महामारी से देश को बचाने के लिए हुआ गायत्री मंत्र का जाप





**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ।हिन्द नगर वार्ड पार्षद सौरभ सिंह मोनू ने अपने आवास पर जगत कल्याण हेतु अखिल भारतीय गायत्री परिवार के तत्वावधान में ‍पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ‍ का पावन आयोजन किया। वेदों में उल्लेख आता हैं कि माँ गायत्री की पूजा उपासना कभी भी, किसी भी स्थिति में की जा सकती है ।हर स्थिति में यह लाभदायी है, परन्तु विधिपूर्वक श्रद्धा भावना के साथ की गयी उपासना अति फलदायी मानी गयी है।इस पुनीत कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ोंआहुति कताओं ने भाग लिया । तमाम सुधीजनों ने उपस्थित होकर माँ गायत्री से आशीर्वाद प्राप्त किया, तथा पुष्पदान के साथ साथ अपने एक एक दुगुर्णों को परमपूज्य गुरूजी के चरणों में समर्पित करके अपने आप को शुद्ध किया।इस कार्यक्रम में लखनऊ की महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया, मलिहाबाद की विधायक श्रीमती जया देवी कौशल , आरटीआई कमिश्नर किरण बाला चौधरी, समाज सेविका नीता खन्ना, हिंद नगर पार्षद नेहा सौरव सिंह, भारतीय नागरिक परिषद के महामंत्री रीना त्रिपाठी, समाजसेवी प्रीतम सिंह , अशोक ओझा एवं एवं वरिष्ठसाहित्यकार श्री सरस कपूर जी की गरिमामई उपस्थिति रही।अखिल भारतीय गायत्री परिवार के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम मेंआलोक शुक्ला ,दिनेश कुमार वीके वर्मा , सुनीता राय तथा मिसेज राय नूतन चटर्जी नेहा सौरभ सिंह अपने जोड़ों के साथ पंच कुंडीय यज्ञ पर 4 घंटे रीति के अनुसार बैठकर यज्ञ को आहुति देकर तथा अन्य सभी लोगों ने यज्ञ में होती देकर यज्ञ को पूर्ण किया ।अर्चना गुप्ता जी ने नेहा शर्मा लता लछवानी वर्षा वर्मा सुमन वर्मा, पवन अनु ,विनीता सचदेवा अजीत सचदेवा शिखा सिंह ,मिसेज निर्मल कौर रेखा सब्बरवाल शिल्पी सोमानी, आशीष खन्ना, मंजूलिका ,अशोक जी ,श्रीमती गीता सिंह ,कुसुम श्रीवास्तव ,अर्चना संदीप तथा अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही आज की सबसे विशेष बात थी कि पूरा वातावरण भगवा मय हो रहा था। सभी ने हवन की आहुति देकर मां गायत्री से प्रार्थना की कि विश्व से करो ना का पूर्ण विनाश और जल्द ही सब लोग स्वस्थ वातावरण में अपना जीवन पुनः जी सकें।

## बीती रात्रि सडक पर बल्ली डाल कर लुटेरों ने सेल्समैन से लूटी लाखो की नगदी व मोबाइल

**अमन लेखनी समाचार**

**बांगरमऊ उन्नाव** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के अशायस संपर्क मार्ग पर बीती रात लुटेरों ने सड़क पर बल्ली डाल कर लोडर रोक लिया । लोडर रुकते ही लुटेरों ने तमंचे के बल पर सेल्समैन से 5 लाख की नगदी तथा 3 मोबाइल फोन लूट लिए । घटना की सूचना पर सीओ आशुतोष कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ितों से घटना की जानकारी ली । पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है । नगर के संडीला मार्ग निवासी नरेंद्र गुप्ता पुत्र रघुवीर सहाय किराना का व्यापारी है । नरेंद्र आस-पास के गांवो में किराना का माल सप्लाई करता है। बाद में नरेंद्र के सेल्समैन गाँवो में जाकर दुकानदारों से बकाया रकम वसूल कर नरेंद्र के पास जमा करते हैं । गत शनिवार को सेल्समैन कल्लू राठौर निवासी ग्राम पखरापुर , बउवा निवासी ग्राम शीतलगंज तथा चालक श्रवण कुमार निवासी मोहल्ला गणेश गंज बांगरमऊ तीनो लोडर से किराना का सामान लेकर गाँवो में सप्लाई करने गए थे । माल सप्लाई के साथ ही सेल्समैन ने दुकानदारो से 4 लाख 75 हजार रुपये भी वसूल किये थे । रुपये वसूलने के बाद रात करीब साढ़े नौ बजे तीनो लोडर से वापस लौट रहे थे । रास्ते में अशायस संपर्क मार्ग पर लुटेरों ने यूकेलिप्टस की बल्ली डालकर लोडर रोक लिया । लोडर रुकते ही लुटेरों ने तमंचे के बल पर सेल्समैन से 4 लाख 75 हजार की नकदी तथा तीन मोबाइल फोन लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरे असलहे लहराते हुए भाग गए । पीड़ित किसी तरह बेहटा मुजावर थाने पँहुचे और पुलिस को घटना की सूचना दी । सूचना मिलते ही बेहटा पुलिस तथा सीओ आशुतोष कुमार मौके पर पहुंचकर घटना की बारीकी से जांच की । तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत

**बांगरमऊ उन्नाव** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर ग्राम रघुवर खेड़ा के सामने तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी । टक्कर से बाइक सवार पेंटर की मौत हो गई । मृतक के चाचा की सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेवलापुर निवासी समरध्वज उर्फ राहुल 25 वर्ष पुत्र रमेश पेंटिंग का काम करता है । आज सुबह राहुल किसी काम से बाइक द्वारा बांगरमऊ आया था । घर लौटते समय लखनऊ मार्ग पर ग्राम रघुवर खेड़ा के निकट तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी । टक्कर से राहुल की मौके पर ही मौत हो गई ।

## वजीरगंज पुलिस ने एक शातिर नटवरलाल को किया गिरफ्तार...

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ।थाना वजीरगंज पुलिस टीम द्वारा दिनांक 23 अक्टूबर 2021 को 1 नफर शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस की गिरफ्त में आये अभियुक्त का नाम मोहम्म रफीक उर्फ अल्लू मियां है जो मूलतः थाना जगदीश पुर का निवासी है जो फिलहाल थाना गोसाईगंज में रहता है।अभियुक्त पर मूलनिवास के थाने पर दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 160/2021 धारा 419/420/467/468/471/447/384/506/120बी भादवि थाना वजीरगंज के विरुद्ध पर्याप्त एवम संगत साक्ष्य प्राप्त तथा उक्त आधार पर अभियुक्त जो खुद को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता बताकर और इसका प्रभाव दिखा कर इस प्रकार की धोखाधड़ी एवम आपराधिक कृत्य करता है साथ ही अभियुक्त विवादास्पद जमीनो की खरीद फरोख्त में भी शामिल होता है अभियुक्त के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट निकलवाकर अभियुक्त को वजीरगंज पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले ही लिया और विधिक कार्यवाही भी कर दी गई है।

## दबंगो ने महिला को जमकर पीटा पीड़िता ने पुलिस को दिया शिकयाती पत्र

**अमन लेखनी समाचार**

पुरवा उन्नाव। कोतवाली के क्षेत्र ग्राम चेतरा निवासिनी राम देवी पुत्री लक्ष्मीनारायण 22 साल अपने घर के कुछ दूरी पर स्थित खेतों में घास काटने जा रही थी वहां शिव शंकर यादव पुत्र राजाराम की मेड़ सेओर होते हुए अपने खेत जा रही थी जैसे ही मैं अपने खेत के पास पहुंची ही थी कि तभी शिवशंकर गंदी गंदी गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। जिससे हम बेबस हो गयी तो हमने चिल्लाना शुरू किया तो हमारी आवाज सुनकर मेरी मां नन्हक ई वा चाचा की लड़की शांति मौके पर पहुंच गई तो माता और बहन ने छुड़ाने का प्रयास किया तो उक्त दबंग लोगो ने मेरी मां को और बहन को लाठी-डंडों और लात घुसा से जमकर मारा पीटा ।जिससे दोनों लोगों को चोटे है और



उसने जवानियां धमकी देते हुए कहा कि अगर थाने गई तो पूरे परिवार को जान से मार दूंगा ।चाची की लड़की शांति को भी बहुत मारा पीटा ।इसके पहले भी यह दबंग व्यक्ति मारपीट कर चुका है। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई ना होने के कारण इस के हौसले बुलंद है और आए दिन लड़ाई झगड़े पर आमादा रहता है इसके कारनामों से गांव के काफी लोग पीड़ित हैं ।लेकिन दबंग होने के कारण कोई भी गांव का व्यक्ति उनके खिलाफ मुंह नहीं खोलता है ।कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए ठोस कार्रवाई का भरोसा दिया।

## आगामी छठ पूजा के स्थान का महापौर ने किया निरीक्षण,दिए दिशा निर्देश...

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ ।रविवार दिनाँक 24/10/2021 महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया ने छठ पूजा स्थल का निरीक्षण किया एवं वहाँ झाड़ू लगाकर श्रम दान भी किया ।पूजा स्थल पर पहुंचकर महापौर ने मैदान की स्वच्छ्ता, शौचालय की सफाई, पूजा घाट एवं वहां बने वेदी का भी निरीक्षण कर वहाँ मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं मौजूद अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया की अन्य संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर घाटों की साफ-सफाई एवं नदियों की स्वच्छ्ता



भी सुनिश्चित कर ले ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े ।इस अवसर पर महापौर संग अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के अध्यक्ष श्री प्रभनाथ राय जी, महामंत्री श्री मनोज सिंह जी, वेद प्रकाश राय जी, आर.के श्रीवास्तव जी, विशेष सचिव गृह श्री अनिल सिंह जी, कर अधीक्षक श्री राजेश सिंह जी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भूलेख अधिकारी व लेखपाल ने भूमाफियो से मिलकर ग्राम समाज की जमीन पर की हेरा फेरी

**अमन लेखनी समाचार**

**सफीपुर उन्नाव,** तहसील क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत सहित उसके मजरों कि लगभग दो सौ बीघा जमीन फर्जी खतौनी तैयार करने और खाताधारकों के जरिए भूमाफिया को बेचने के मामले में तीन सर्वे लेखपालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने के लिए संस्तुति की गई है।

तहसील क्षेत्र के ददलहा गांव में सर्वे विभाग द्वारा वर्ष 1975 में कटरी भूमि का सर्वे किया गया था ।जिसमे विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत से भूमाफियाओं को किसानों की भूमि बदलकर दे दी गई थी ।कीमती जमीन का स्थान बदल जाने पर किसान साहब लाल ने न्यायालय में वाद दायर कर दोबारा सर्वे कराए जाने की मांग की थी। तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा कराई गई उक्त मामले की जांच में आरोप सही पाए गए थे। ददलहा ग्राम पंचायत में बड़े पैमाने पर सर्वे विभाग के तत्कालीन/वर्तमान भूलेख अधिकारियों तथा लेखपाल/नायब/कानूनगो की साठगाँठ संरक्षण में बड़े पैमाने पर जमीनों की धांधली भूमाफियाओं ने की है। कई बार मामले प्रकाश में आए शिकायत पर जांच हुई मामले पकड़े गए लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नही किया गया ।इस बार भी विभाग जमीन कुछ चिन्हित खातेदार भूमाफियों के खाते से ग्राम सभा मे वापसी के बाद रफा दफा के जुगत में था लेकिन जिलाधिकारी के कड़े रुख से सम्भव नही हो सका ।तत्कालीन भूलेख अधिकारी रहे नन्हकू प्रसाद ने सेवानिवृत्त होने के पूर्व ही लेखपालों पर दबाव बनाकर अपने संरक्षण में भूमाफियों के नाम जमीन दर्ज करवाने में अहम भूमिका निभाई उन्हें बचाने का खेल हुआ लेकिन जिलाधिकारी की दूरदृष्टि से सम्भव नही हो पाया उनके खिलाफ राजस्व परिषद को कार्यवाही तथा मुकदमा दर्ज कराए जाने की संस्तुति की गई है ।जिलाधिकारी पूरी जांच प्रक्रिया पर पैनी नजर रखे हुए इसलिए विभाग चाह कर भी कोई खेल नही कर पा रहा है ।अभी तक लगभग 50 /60 बीघे जमीन ही ग्राम सभा मे वापस आई है जबकि अभी सैकड़ो बीघा जमीन वापस होना है जिसकी कार्यवाही लंबित है। सत्ता एवं विपक्ष दोनों के सभी नेता इस गम्भीर मामले में मौन साधे है यह मौन क्यो है आसानी से समझा जा सकता है ।बहरहाल ग्रामीणों को जिलाधिकारी की निष्पक्ष कार्यवाही से विश्वास जागा है उन्हें उम्मीद है इस बार उन्हें न्याय मिल सकेगा।

## कोरोना वरियर्स डाक्टरो को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

### (मोहनलालगंज के मऊ गांव में शिवाय: सेवा समिति के पांचवे स्थापना दिवस पर कोरोना वरियर्स डाक्टरो को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित)




**अमन लेखनी समाचार-**

मोहनलालगंज, मोहनलालगंज के मऊ गाँव मे शिवाय सेवा समिति के सदस्यों द्वारा समिति का पाँचवा स्थापना दिवस समारोह शनिवार को बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।इस मौके पर समिति द्वारा क्षेत्र के दर्जन भर के करीब कोरोना वरियर्स डाक्टरो को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।मऊ ग्राम के बंशी बाबा मंदिर प्रांगण में शिवायः सेवा समिति के पांचवे स्थापना दिवस के मौके पर कोरोना त्रासदी में अपनी जान की परवाह किये बगैर कोरोना पीड़ितो का इलाज कर जान बचाने वाले कोरोना वरियर्स डाक्टरो के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें डा०ओपी मिश्रा, डा०इजहार हुसैन, डा०विजय त्रिवेदी, डॉ०अनिल सरकार, डॉ० ललित गुप्ता, डॉ०आशीष सक्सेना, डॉ० मोहृअशरफ (पप्पू) , डॉ० राजेन्द्र शुक्ला को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।इस मौके पर समिति के कर्मठ सदस्यो को भी मुख्य अतिथियों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।समिति के अध्यक्ष आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि शिवाय सेवा समिति का गठन पांच वर्ष पूर्व 2016 में हुआ था तब से हर वर्ष समिति के सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय पर्व, वृक्षारोपण, शर्दियों के मौसम में गरीब जनों को वस्त्र वितरण जैसे तमाम सामाजिक कार्यो के प्रति अग्रसर रहते है ।इस क्रम में समिति के महामंत्री पांशुल तिवारी, राहुल मिश्रा, विनीत राजपूत, रंजीत यादव, राजेश रावत सहित सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में आये अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश द्विवेदी, संयुक्तमंत्री अनुपम मिश्रा, अजय मिश्रा, अरुणेश प्रताप सिंह, नवीन वर्मा, मनीष तिवारी सहित काफी सख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।कोरोना वरियर्स डाक्टरो को अंगवस्त्र व स्मृति चिंह देकर किया सम्मानित

## आईटीबीपी के हिमवीरों ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**अमन लेखनी समाचार**





**-मोहनलालगंज,** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल का 60वां स्थापना दिवस शनिवार को मोहनलालज के बिन्दौवा स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिमवीरों ने परेड कर आईटीबीपी के ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा० पकंज कुमार पंकज मुख्य चिकित्सा अधिकारी( प्र०को० ) ने परेड की सलामी लेने के साथ ही स्वच्छ व बेदाग छवि के अधिकारियों व जवानो को महानिदेशक प्रशस्त्री पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया ।मुख्य अतिथि डा०पकंज कुमार पकंज ने आईटीबीपी की स्थापना से लेकर अब तक के इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा के साथ ही आईटीबीपी सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर रही है ।मुख्य अतिथि ने बल के स्थापना दिवस पर सभी हिमवीरों एवं उनके परिजनों को बधाई दी ।परेड का नेतृत्व सहायक सेनानायक इन्द्रमणि पांडे द्वारा किया गया ।उपसेनानायक राम सुरेश ने बल के विभिन्न क्रियाकलापो व बीते वर्षो की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया ।सहायक सेनानायक बलकार सिहं चौधरी द्वारा मुख्य अतिथि को धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया गया ।इस अवसर पर सहायक सेनानायक सर्वेश कनौजिया, सूरज प्रकाश बिष्ट, महेन्द्र सिहं यादव सहित हिमवीर जवान उपस्थित रहे।

## एस पी ओ थाना ठाकुरगंज ने पुलिस कमिश्नर से लगाई गुहार...

**अमन लेखनी समाचार/राहुल गुप्ता**

लखनऊ ।पुलिस को कोई भी सफलता तब मिलती है जब उसका खबरी उसे सटीक इनफार्मेशन देता है माना जाए तो पुलिस के हर गुडवर्क में स्पेशल पुलिस ऑफिसर यानी एसपीओ का बड़ा अहम रोल होता है फिर भी उन्हें विभाग से कोई प्रोत्साहन नही मिलता और ना ही उन्हें कोई सरकारी लाभ मिलता है ये वही बाते हैं जो थाना ठाकुरगंज के एसपीओ ने पुलिस कमिश्नर को अपने पत्र में लिखी है और उनसे इसपर विचार करने को भी बोला है अपने पत्र के साथ दिनांक 24 अक्टूबर 2021 को थाना ठाकुरगंज के सभी एसपीओ ने पुलिस कमिश्नर से एक शिष्टाचार मुलाकात की जिसमें ड्यूटी के समय होने वाली समस्याओं के संबंध में सभी एसपीओ ने पुलिस कमिश्नर को एक ज्ञापन सौंपा, दीपावली और भाई दूज की अग्रिम बधाई पुलिस कमिश्नर को दी इस मौके पर पुलिस कमिश्नर डी के ठाकुर ने ठाकुरगंज के सभी एसपीओ की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और




समाधान का भी आश्वासन दिया । ये मुलाकात एसपीओ अनिल गुप्ता के नेतृत्व में हुई जिसमें एसपीओ हसीब खान, ममता सिंह ,नजम ,कल्पना धानुक, दम्मो लोधी ,सुधीर यादव भी शामिल थे।

## अखिलेश पाठक ने फीता काट कर किया नेत्र शिविर का शुभारंभ

**अमन लेखनी समाचार**




शाहाबाद। गुरुवार को भाजपा नेता अखिलेश पाठक ने संकटा देवी मंदिर में आयोजित नेत्र शिविर का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। नेत्र शिविर का शुभारंभ करते हुये श्री पाठक ने कहा कि जन सेवा ही सर्वोपरि है। जय भोले समिति द्वारा आयोजित नेत्र शिविर में बोलते हुए श्री पाठक ने कहा कि समाजिक और बौद्धिक परिवर्तन में सामाजिक संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। किसी भी कार्य को करने के लिए जब तक समाज स्वयं से जागृत नहीं होता है तब तक समाज के प्रत्येक वर्ग को कोई लाभ नहीं मिल पाता। श्री पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार समय-समय पर जन कल्याणकारी योजनाएं चलाती रहती है। सामाजिक संगठनों के बिना उक्त योजनाएं निचले स्तर तक पहुंचने में सफल नही हो पाती हैं। श्री पाठक ने कहा कि स्थानीय स्तर पर काम कर रहे सामाजिक संस्थान एवं संस्थाएं एनजीओ आदि इसमें बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। श्री पाठक ने कहा कि जन कल्याण कैसे हो यह सबको सोचना चाहिए। जय भोले सेवा समिति की ओर लगाए गये नेत्र शिविर में सामूहिक रूप से लोगों के इलाज की व्यवस्था निशुल्क कराई जाती है। श्री पाठक ने नेत्र शिविर के लिए उक्त संस्था को बधाई देते हुये शुभकामनाएं भी दीं। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष वीरेंद्र राठौर, मदन राठौर, विमल पाठक, अशोक गुप्ता, अभिजीत गुप्ता, देवेश त्रिवेदी, सुशील सिंह, कौशल सैनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

सम्पादकीय

# सावरकर की वीरता से गोलवलकर के राष्ट्रवाद तक

राजेंद्र शर्मा

संघ परिवार में लगातार कम कट्टङ्कर की निष्फल खोज में लगे रहने वाले और इस गफलत में जाने-अनजाने उत्तरोत्तर बढ़ती कट्टङ्करता को श्स्वीकार्यश बनाने में ही मदद करने वाले, खुद को उदारपंथी मानने वालों को भले ही इससे कुछ हैरानी हुई होगी, लेकिन वास्तव में इसमें हैरानी की कोई बात थी नहीं। पिछले हफ्ते राजनाथ सिंह ने न सिर्फ वीर सावरकर के राष्ट्रीय आंदोलन में योगदान को झुठलाए जाने की शिकायत की और अब इसके बर्दाश्त नहीं किए जाने का ऐलान किया बल्कि अपनी वीरता के बहुप्रचारित दावों के विपरीत, वी.डी. सावरकर द्वारा बार-बार ब्रिटिश राज को माफीनामे लिखे जाने को मामूली तथ्य बनाकर खारिज करने की कोशिश भी की। इसके लिए उन्हें इस पहली नजर में भी संदेहास्पद लगने वाले दावे का सहारा लेने में भी हिचक नहीं हुई कि सावरकर ने खुद कोई माफीनामे नहीं लिखे थे। उन्होंने तो गांधी की सलाह पर ही रिहाई की प्रार्थना की थी। और कि गांधी भी राष्ट्रीय आंदोलन के लिए सावरकर की भूमिका को स्वीकार करते थे और चाहते थे कि सावरकर जेल से बाहर आएं। लेकिन, इसे सिर्फ संघ परिवार की एक अपेक्षाकृत श्संयमितश हस्ती के भी संघ परिवारी व्हाट्सएप ज्ञान का शिकार हो जाने का मामला मानकर छोड़ा नहीं जा सकता है। इसलिए, सबसे पहले कुछ तथ्य स्पष्टङ्क कर देना जरूरी है। सावरकर का महिमामंडन करने के लिए संघ परिवार के श्विद्वानोंश द्वारा लिखी गयी जिस किताब के विमोचन के मौके पर राजनाथ सिंह ने उक्त दावा किया था, उसमें भी इसका कोई कम से कम प्रत्यक्ष प्रमाण होने का दावा नहीं किया गया है कि सावरकर ने, गांधी की सलाह पर माफीनामे लिखे थे। दूसरी ओर, कुछ ऐसे निर्विवाद तथ्य पहले ही सामने आ चुके हैं, जो गांधी की सलाह पर सावरकर के माफीनामा लिखने के राजनाथ सिंह के दावे को झुठलाते हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण तथ्य तो यही है कि सावरकर को आजीवन कारावास की सजा देकर, 1911 की 4 जुलाई को सेल्युलर जेल में भेजा गया था। इसके सवा दो साल बाद, 14 नवंबर 1913 को सावरकर द्वारा भेजी गयी दया याचिका दस्तावेजी रूप से उपलब्ध है। और खुद इस दस्तावेज में इसका उल्लेख है कि ऐसी ही पहली याचिका, सावरकर सेल्युलर जेल में पहुंचने के छरू महीने बाद ही दे चुके थे। 1913 की याचिका, उनकी दूसरी दया याचिका थी। सावरकर ने ऐसी कुल छरू याचिकाएं लिखी थीं। दूसरी ओर, गांधी दक्षिण अफ्रीका से 9 जनवरी 1915 को ही भारत लौटे थे! साफ है कि इन याचिकाओं के पीछे गांधी की सलाह या प्रेरणा की बात कोरी गप्प है। बेशक, गांधी वी.डी. सावरकर से परिचित थे और लंदन में उनसे मिले भी थे। वह अहिंसा के अपने आग्रह के बावजूद, सावरकर के श्जुर्मश को राजनीतिक मानते थे और उनके जेल से छोड़े जाने के हक में थे। फिर भी इस संबंध में गांधी के किसी भी तरह के हस्तक्षेप का पता, 25 जनवरी 1920 के गांधी के एक पत्र से ही लगता है, जो गांधी ने सावरकर बंधुओं में से एक के, अपने भाइयों को जेल से छुड़ाने में सहायता की प्रार्थना के पत्र के जवाब में लिखा था। बेशक, इस पत्र में यह पूछे जाने पर कि अब सावरकर भाइयों की रिहाई के लिए क्या किया जा सकता था, गांधी ने इस मामले में सलाह देना अपने लिए कठिन होने की बात दर्ज कराने के बाद, रिहाई की याचिका दिए जाने के एक रास्ता होने की ओर इशारा किया था। लेकिन, गांधी से ऐसी सलाह आने तक तो सावरकर, ब्रिटिश हुकूमत को एक नहीं चार-चार माफीनामे भेज चुके थे। इससे भी महत्वपूर्ण यह कि चार-चार माफीनामे भेजे जाने के बाद दी गयी अपनी सलाह में भी गांधी ने जिस तरह के पत्र का इशारा किया था, उसका सावरकर द्वारा लिखे गए माफीनामों से दूर-दूर तक कोई रिश्ता नहीं था। गांधी की सलाह थी कि रिहाई की प्रार्थना में संक्षेप में मामले के तथ्यों का बयान करते हुए, इस पर तथ्य पर सारा जोर रहे कि संबंधित जुर्म पूरी तरह से राजनीतिक था। वास्तव में ऐसी याचिका के जरिए गांधी, ब्रिटिश हुकूमत से ज्यादा, सावरकर के केस की ओर जनता का ध्यान खींचने और इसके जरिए ब्रिटिश हुकूमत पर दबाव बनाने की ही उम्मीद कर रहे थे। बेशक, इसके अलावा उन्होंने सावरकर की रिहाई के लिए निजी तौर पर प्रयत्न करने की भी बात कही थी। लेकिन, सावरकर के माफीनामे, जिनमें से चैथा सावरकर बंधुओं में से एक को भेजे गांधी के उक्त पत्र के कुछ हफ्ते बाद, 1920 के मार्च में लिखा गया था, इसके विपरीत ब्रिटिश हुकूमत को इसका भरोसा दिलाते थे कि, ...लड़ाकू धारा में विश्वास करना तो दूर रहा...मैं तो शांतिपूर्ण तथा दार्शनिक अराजकता में भी हिस्सा नहीं लेता हूं...और हाल ही में मैंने कानूनी तथा संवैधानिक विकास का पक्षधर होने में अपनी निष्ठङ्घा तथा तत्परता का ऐलान सार्वजनिक रूप से किया है। यही नहीं, 2013 के अपने दूसरे माफीनामे ही वह, पिता तुल्य ब्रिटिश राज से अपनी गलती की माफी मांगते हुए, वह जो चाहे और जिस तरह चाहे, उसकी सेवा करने के लिए तैयार रहने का आश्वासन दे चुके थे! इस सब को देखते हुए और इसे याद रखते हुए कि अंडमान जेल में भेजे गए दूसरे सैकड़ों कैदियों ने ऐसा कोई माफीनामा देना मंजूर नहीं किया था और भगतसिंह तिकड़ी समेत अनेक क्रांतिकारियों ने तो ब्रिटिश राज से क्षमा याचना करने के बजाय फांसी चढ़ना ही बेहतर समझा था, संघ परिवार का सावरकर को वीर साबित करने की जिद करना, बेशक एक झूठ को सच साबित करने की कोशिश करना ही माना जाएगा। फिर भी, यह मामला सिर्फ माफीनामों और ब्रिटिश राज की आजीवन पेंशन के बावजूद, संघ परिवार के अपने खेमे के या हिंदुत्व की राजनीति से जुड़े, राष्ट्रीय आंदोलन के दौर के लगभग इकलौते नेता के जबरन महिमामंडन का नहीं है। जाहिर है कि सावरकर के माफी मांगने या ब्रिटिश राज के संबंध में उनके विचार वास्तव में बदल जाने या उनके कार्यनीति के तहत अपने विचार बदल लेने से, हमारे वर्तमान पर ऐसा कोई खास फर्क पड़ता भी नहीं है कि उन पर बहुत बहस की जाए। हां! इतना जरूर है कि जिस ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ राष्ट्रीय आंदोलन में भारी कुर्बानियां दी जा रही थीं, उसे माफीनामे देने वाले को राष्ट्रीय आदर्श मानना नैतिक रूप से दुविधा में डालने वाली चीज है। इससे कहीं ज्यादा खतरनाक है संघ परिवार की सावरकर के गिर्द यह आख्यान खड़ा करने की कोशिश कि सावरकर, जिन्होंने हिंदू धर्म तथा धार्मिकता से भिन्न, एक राजनीतिक अवधारणा के रूप में हिंदुत्व को पेश किया था और इस हिंदुत्व की राजनीति करने वाला आरएसएस समेत तमाम विचार परिवार, ही इस अर्थ में सच्चे राष्ट्रभक्त थे कि वे ही देश के विभाजन के खिलाफ लड़ रहे थे, जबकि हिंदुत्व की इस राजनीति को नकारने वाली, राष्ट्रीय आंदोलन की मुख्यधारा ही, 1947 में देश के विभाजन के लिए जिम्मेदार थी।

# भारत बनाम इंडिया का विभाजन

हाल में प्रकाशित वैश्विक भूख सूचकांक रिपोर्ट में शामिल 116 देशों की सूची में भारत का स्थान 101वां है. भारत के विभाजित राजनीतिक वातावरण में इस मुद्दे को राजनीतिक फुटबॉल बना दिया गया है और इसको जल्दी ही भुला दिया जायेगा. आधिकारिक प्रचार तंत्र किसी अन्य मसले को सामने लाकर इसे दबा देगा, तो विपक्ष अपने पाले में कुछ अंक हासिल करना चाहेगा.ये दोनों रवैये देश में गरीबों, खास कर बच्चों के साथ अन्याय हैं, जहां स्वीकार्य तौर पर और आधिकारिक गणना के अनुसार, कुपोषण 50 प्रतिशत बच्चों की मौत में योगदान देनेवाला एक कारक है. ये जटिल और परस्पर संबद्ध मसले हैं, जिनका समाधान जल्दी नहीं किया जा सकता है, पर ये बहुत शीघ्र अधिक गंभीर हो सकते हैं. ऐसे में इस रिपोर्ट पर विचार करना जरूरी है. यह रिपोर्ट देश के भीतर के बहुत पहले से चले आ रहे भारत बनाम इंडिया के विभाजन को भी रेखांकित करती है. यह विभाजन ग्रामीण और शहरी भारत के बीच है या किसानों और अच्छी नौकरी करनेवालों के बीच है.अतीत में इस विभाजन को लेकर दबाव रहता था और इसकी सुनवाई भी होती थी. धीमी गति से ही सही, इसने नीति और राजनीति में बदलाव भी किया था और इस क्रम में कभी-कभी सत्ता और विशेषाधिकार पर दावे रखनेवाले बेचैन भी हो जाते थे. लेकिन विरोध का अपना वजन होता था और इसके पास राजनीतिक पूंजी होती थी तथा उसकी मांग को वैधता प्राप्त थी. श्रमिक संगठनों की अपनी आवाज होती थी. किसान एकजुट होकर सरकार को सुनवाई के लिए बाध्य कर सकते थे.अब स्थिति बदल चुकी है और दोनों तरह के भारत के बीच खाई चैड़ी हो चुकी है. किसान लंबे अरसे से बड़ा आंदोलन चला रहे हैं, लेकिन उनके जीवन और कामकाज को बदल देनेवाले अहस्तक्षेपकारी कानूनों के विरुद्ध उठी उनकी आवाज को नकार दिया गया है. भारत इस रवैये से कमजोर ही हुआ है. इसी तरह, देश में शिशु मृत्यु दर भी अनसुनी आवाज बन कर रह गयी है. ये बच्चे और उनके माता-पिता अपने बुनियादी अधिकारों की मांग करने भी असमर्थ हैं. यह सच है कि यह नयी समस्या नहीं है, लेकिन, आधे मन से ही सही, पहले ऐसी चिंताओं के समाधान के प्रयास किये गये थे. पर, अब हमने अपना मुंह दूसरी ओर मोड़ लिया है.इस प्रकार बीते कल के विभाजन आज बढ़ गये हैं. इसकी झलक हमें कई रूपों में दिखती है. पिछले साल आप्रवासी कामगारों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया था और उनके साथ उचित व्यवहार नहीं हुआ था. वहीं बाद में उद्योग जगत ने उन्हें बलपूर्वक वापस लाने तथा उनके श्रम अधिकारों में कटौती करने की मांग करनी शुरू कर दी. महामारी की दूसरी लहर में एक ओर सामान्य नागरिक ऑक्सीजन के लिए भटक रहे थे, तो दूसरी ओर अस्पताल उस संकट से भारी कमाई कर रहे थे.एक तरफ नयी राजधानी बन रही है, तो दूसरी तरफ आम लोगों के इंफ्रास्ट्रक्कर बेहद खराब हालत में हैं. होटलों और हवाई अड्डों पर भीड़ है, तो युवाओं के रोजगार के मसले पर कोई चर्चा नहीं हो रही है. हर दिन देश में सौ से अधिक लोग सर्पदंश से मर जाते हैं, तो कुछ अच्छे अस्पतालों में बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध है. विचाराधीन कैदी जेलों में पड़े रहते हैं, पर मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त गायब हो जाते हैं. ऐसे कई उदाहरण हैं. इस क्रम में भूख सूचकांक एक और संकेतक है कि कैसे भारत पीछे छूटता जा रहा है.

ऐसा लगता है कि हमारी सरकार एक निश्चितता के भाव के साथ काम कर रही है, जिसकी प्राथमिकताओं में आज की आवश्यकताएं नहीं हैं. बल्कि, उसके अपने वैचारिक आवरण में यह भरोसा बहाल किया जा रहा है कि भारत का समय आ गया है कि कारोबारी इसकी अगुवाई करेंगे तो व्यापक समृद्धि होगी और सरकार निजी क्षेत्र को आगे कर खुद पीछे हो जायेगी.इसका खूब प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है और किसी भी असंतोष को हाशिये पर डालने की कोशिश की जा रही है. इससे भारतीय परंपराओं की उत्कृष्ट विरासत को नुकसान होता है. ऐसे रवैये से वांछितों और निर्धनों में क्रोध और नफरत बढ़ते जा रहे हैं. यह सतत विकास की ओर अग्रसर भारत की तस्वीर नहीं है.संकीर्ण वैचारिक समझ के आधार पर समाजवाद, गांधी और नेहरू आदि को गलत या कमतर बता कर निजी क्षेत्र और उसकी संभावनाओं का गुणगान हो रहा है. इस समझ में इतिहास को लेकर वितृष्णा का भाव है, इसमें संदर्भ का अभाव है और यह अज्ञान व खराब सोच से प्रेरित है. इससे सीमाओं का अतिक्रमण होता है तथा लापरवाही और कुटिलता की बढ़ोतरी होती है, जो राष्ट्रीय मुद्दे और उच्च राष्ट्रीय आकांक्षा का मिथ्या आभास दिलाती है.ऐसी मान्यताओं से हर बात को सही ठहराया जाता है और उसे आगे बढ़ाया जाता है. किसी भी प्रकार की आलोचना पर तीखी प्रतिक्रिया होती है. अंततरू भारत जैसे व्यापक और बहुविध लोकतंत्र में संतुलन और बुद्धिमत्ता से ही शासन किया जा सकता है. वैधतापूर्ण दावों और मांगों को अनसुना करना प्रगति की निशानी नहीं कही जा सकती है. हमें समझना होगा कि कहीं हम गिरावट की ओर तो उन्मुख नहीं हैं. इसका एक और स्वतंत्र संकेतक भूख सूचकांक है.

# प्रियंका की आर-पार की लड़ाई की रणनीति

रतिभान त्रिपाठी



कांग्रेस ने उन्हें उत्तर प्रदेश जैसा बड़ा मैदान दे दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष और उनकी मां सोनिया गांधी व भाई राहुल गांधी उनकी चुनावी रणनीति में कोई हस्तक्षेप करते नहीं दिख रहे हैं। उनकी टीम चुनावी मैदान में खुलकर खेलने को तैयार है। लखीमपुर-खीरी की घटना से उन्हें नेतृत्व का टॉनिक भी मिल चुका है। भाजपा तो शायद कम लेकिन अन्य प्रतिद्वंद्वी उनसे कुछ कुछ सहमे लग रहे हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में चुनावी डंका बजा दिया है। कांग्रेस के लिए कहा जा सकता है कि श्माना अंधेरा घना है, पर दिया जलाना कब मना है। यह बात तो कांग्रेस प्रभारी भी समझ ही रही होंगी।

उत्तर प्रदेश में पिछड़ी जातियों के वोट बैंक की लड़ाई कहीं ज्यादा है। गणितीय रूप में संख्या तय न होने के बावजूद परंपरागत रूप से पिछड़ी जातियों की संख्या को अधिक मानकर दूसरी पार्टियों की तरह उत्तर प्रदेश में प्रियंका गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने पिछड़ी जाति के अजय कुमार लल्लू को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम गठजोड़ के समीकरण से कभी ताकतवर रही कांग्रेस ब्राह्मणों या मुस्लिमों को प्रदेश अध्यक्षी नहीं सौंप रही। इन दोनों वर्गों को इसका मलाल भी है लेकिन जैसा कहा जाता है कि ब्राह्मणों का एक हिस्सा जो भारतीय जनता पार्टी से नाराज है, वह कहीं और ठौर तलाशने के बजाय कांग्रेस की ओर ही रुख करेगा। उत्तर प्रदेश में एक बात और कही-सुनी जा रही है कि मुस्लिमों की पार्टी बनाकर समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की नाक में दम करने वाले असदुद्दीन ओवैसी भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर ही अपना मायाजाल फैला रहे हैं। यह बात मुस्लिमों के बीच भी चर्चा का विषय है। ऐसे में कांग्रेस को यह भी उम्मीद है कि मुस्लिम बजाय सपा-बसपा के लॉलीपॉप में फंसने के, उसके साथ ही आएंगे। वजह साफ है कि न केवल उत्तर प्रदेश, वरन देश के पैमाने पर कांग्रेस ही भाजपा से असल लड़ाई लड़ रही है। सपा-बसपा जैसे क्षेत्रीय क्षत्रप तो सिर्फ वोट बैंक साधकर अपनी सरकार बनाने भर तक ही मतलब रखते हैं। भाजपा से इनकी लड़ाई पाखंड के सिवा कुछ भी नहीं। पिछले तीन दशकों से उत्तर प्रदेश में यही देखने को मिल रहा है कि मुस्लिम वर्ग उसी के साथ जाता है जो भाजपा को हराए, जीतेगा कौन या फिर जीतने पर उसका दीर्घकालिक भला होगा या नहीं, इससे उनका मतलब नहीं होता और फिलहाल कांग्रेस भाजपा से पूरी ताकत के साथ वास्तविक लड़ाई लड़ती दिख रही है। कांग्रेस की उभरती ताकत ने मुख्य विपक्षी पार्टी सपा को सांसत में डाल दिया है। वह भले ही अभी खुलकर बोल नहीं पा रही है लेकिन अंदाजा उसको भी है। राजनीतिक प्रेक्षक मानते हैं कि भाजपा किसी भी सूरत में यह नहीं चाहती है कि कांग्रेस, सपा-बसपा इकठ्ठी हों। यदि यह इकठ्ठी हुईं तो मौजूदा हालात में भाजपा की मुसीबत बढ़ सकती है और कांग्रेस की ताकत कुछ बढ़ती हुई दिखने से इन तीनों पार्टियों के एकजुट होने की संभावनाएं कम होती दिख रही हैं। इसलिए कि सवाल सीटों के बंटवारे का खड़ा हो जाएगा और कांग्रेस फिलहाल बहुत दबकर समझौता कतई नहीं करना चाहेगी। कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी की सक्रियता से पार्टी का पुराना वोट बैंक भले ही उसकी तरफ ध्रुवीकृत नहीं है लेकिन पार्टी की नई पीढ़ी की इस नेता की अतिसक्रियता से चमत्कृत जरूर है। प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश को जिस तरह से मथना शुरू किया है उससे भाजपा नेताओं की ओर से उन पर लगाया जाने वाला श्राजनीतिक पर्यटनश का आरोप धुलता नजर आने लगा है। यह प्रियंका गांधी की नेतृत्व क्षमता की परीक्षा की घड़ी भी मानी जा रही है। यदि इस परीक्षा में वह कुछ हद तक सफल हो पाती हैं तो उनके लिए पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व की जब तब उठने वाली आवाज भी बुलंद हो सकती है। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में राजनीति करने वाली पार्टियों की तरह माइक्रो लेवल की रणनीति भी तैयार कर रखी है। प्रदेश को छह क्षेत्रों में विभाजित कर वहां प्रभारियों की नियुक्ति की है। पूर्वांचल, अवध, बुंदेलखंड, आगरा, बरेली और मेरठ क्षेत्र में जिम्मेदार लोगों को पार्टी का काम सौंपा है। प्रदेश कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए हर वर्ग को शामिल किया है। कार्यकारिणी में अगड़ी जातियों के 41 सदस्य, पिछड़ी जातियों के 40 सदस्य, मुस्लिम समुदाय के 20 सदस्य और दलित जातियों के 14 सदस्य शामिल किए हैं। प्रदेश भर की 59 हजार ग्राम सभाओं में पार्टी का संगठन खड़ा किया है। हर ग्राम सभा में 21 सदस्यों वाली कमेटी बनाई जा चुकी है। कांग्रेस की संगठनात्मक कमजोरी का फौरी समाधान प्रियंका के पास तो नहीं लेकिन सबसे पुरानी पार्टी का गौरव और उसमें जान फूंकने की रणनीति तो है ही। विधानसभा में कांग्रेस की मौजूदा ताकत सिर्फ सात विधायकों की ही है लेकिन उसकी यह कमजोरी इसलिए भी मानी जा सकती है कि 2017 के चुनाव में उसने गर्त में जा रही समाजवादी पार्टी से हाथ मिला लिया था। कहा जाता है कि कांग्रेस यदि वह प्रयोग नहीं करती तो अधिक सीटें जीतती और फायदे में रहती। पार्टी के लोग बताते हैं कि कांग्रेस अबकी बार उन 49 सीटों पर खास ध्यान दे रही है, पिछले चुनाव में जहां दूसरे नंबर पर रही थी। अगर पिछले महीनों हुए जिला पंचायत चुनाव की बात करें तो कांग्रेस का प्रदर्शन खास नहीं रहा। प्रदेश भर की 3050 जिला पंचायत सीटों में कांग्रेस 200 सीटें ही जीत पाई थी लेकिन इसी कालखंड में वह खुद का आधार भी विकसित करने में लगी हुई थी जो अब लगभग तैयार है। प्रियंका के रणनीतिक कौशल की शिनाख्त इस बात से भी की जाएगी कि वह नए और पुराने कांग्रेस कार्यकताओं में तालमेल कैसे बिठा पाती हैं। सबका यथोचित सम्मान और सामंजस्य भी कांग्रेस की मजबूती का आईना होगा। टिकटों के बंटवारे में यदि यह कमाल हो पाया, जमीनी तौर पर पकड़ रखने वालों को मौका दिया गया तो यह प्रियंका का चमत्कार होगा। कांग्रेस की मुसीबत यह रही है कि चुनाव में वह मजबूत कार्यकताओं को मौका न देकर महज चाटुकारों पर भरोसा जताती रही है, जिनका मकसद जैसे तैसे टिकट हासिल करके रुपया कमाना रहा है। ये चाटुकार प्रभारियों-पर्यवेक्षकों को प्रभावित करके तीसरे दर्जे की सीट को पहले दर्जे की घोषित करा लेते थे। इन चाटुकारों ने ही कांग्रेस का बेड़ा गर्क किया है लेकिन देखने वाली बात यह होगी कि कांग्रेस की नई प्रदेश प्रभारी इन बातों पर कितनी पैनी नजर रख पाती हैं। कांग्रेस में एक बड़ी मुश्किल टिकटों के बंटवारे की भी हुआ करती है। वह चुनाव भले ही लगातार हारती रही है लेकिन टिकट बीच चुनाव ही मिलते रहे हैं। अबकी बार प्रियंका गांधी ने यह कार्रवाई सबसे पहले पूरी करने के मूड में हैं ताकि उम्मीदवारों को अपने क्षेत्र में वोटरों के बीच पहुंचने का खूब मौका रहे। आगे कोई यह कह पाने की स्थिति में न रहे कि पार्टी ने यह काम पहले कर दिया होता तो चुनाव परिणाम कुछ और ही होता। इसी कड़ी में प्रियंका गांधी ने चालीस फीसद टिकट महिलाओं को देने की घोषणा करके नायाब चाल चली है। महिलाओं के प्रति अपनी बेहद संवेदनशील और भावपूर्ण बातों से उन्होंने आधी आबादी के दिल में उतरने की कोशिश की है। लड़की हूं लड़ सकती हूं जैसा मर्मस्पर्शी पोस्टर भी जारी किया है। उनकी यह रणनीति कितनी कारगर हो पाएगी, यह तो बाद में पता चलेगा लेकिन फिलहाल उन्होंने सारी विपक्षी पार्टियों को श्सांप-छछूंदरश वाली दशा में खड़ा कर दिया है।

## जानकारी

## आज का राशिफल



पाठक अपनी समस्याएं, जानकारियां, लेख तथा विचार हमारे संपादकीय कार्यालय पर डाक द्वारा भेज सकते हैं या ईमेल कर सकते हैं, हम उन्हें प्रकाशित करेंगे -

### राशिफल

मेषः- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घरेलू दायित्वों के प्रति सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी।

बृषभः- नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीतिक लोगों सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुनः- सगे-संबंधियों के बीच व्यवहार कुशल बने। सामाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में मधुर संवाद से सुंदर छबि बनायें। महत्वपूर्ण प्रयत्न सार्थक होंगे।

कर्कः- विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा।

सिंहः- अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रही जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होंगे।

कन्याः- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन चिंतित होगा।

तुलाः- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा। दुविधाओं का त्याग करें।

वृश्चिकः- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख व मजाकिया स्वभाव से प्रसन्नता बिखेरेंगे।

धनुः- जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधित दायित्वों की पूर्ति होगी।

मकरः- भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी होंगी। तामसी व गैर सांस्कारिक कायरें की ओर आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

कुंभः- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव किंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

मीनः- शासन-सत्ता से जुड़े लोगों से निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार हैं। पुराने संबंधों से लाभ संभव। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। आलस्य का त्याग करें।

# कश्मीर घाटी में बढ़ती चुनौतियां

सुशांत सरीन

कश्मीर में जो कुछ पिछले दिनों से घट रहा है, वह पहली बार नहीं हो रहा है. दो साल पहले हुए जम्मू-कश्मीर से संबंधित संवैधानिक बदलावों के बाद से आतंकी गिरोहों ने ऐसी वारदातें करने की धमकी दी थी. तब से घाटी में कुछ नये गिरोह भी सक्रिय हुए हैं. उस समय भी बाहरी मजदूरों पर हमले की कुछ घटनाएं हुई थीं. साल 2019 के पहले भी ऐसे हमले होते रहे हैं. कामगारों के अलावा हिंदू और सिख अल्पसंख्यकों को भी आतंकी निशाना बनाते रहे हैं.

ऐसी घटनाओं से लोगों में खौफ फैलना बिल्कुल स्वाभाविक है क्योंकि ऐसे मामलों में किसी ने न कोई चेतावनी दी है और न ही आपको पता है कि आपने कोई ऐसा काम किया है कि कोई आपको निशाना बनाये. मजदूरों में से कोई सड़क बना रहा है, किसी के घर की मरम्मत कर रहा है, लकड़ी का काम कर रहा है, कोई ठेला-रेहड़ी लगा कर कुछ बेच रहा है, ऐसे लोगों का राजनीति से कुछ भी लेना-देना नहीं है. वे वहां जाकर अपनी रोजी-रोटी कमा रहे हैं. अचानक अगर इन्हें बाहर या घर में मारने का सिलसिला चलने लगे, तो डर का माहौल बनना लाजिमी है. यह डर पलायन की वजह भी बनता है.

हमें ध्यान देना चाहिए कि इन घटनाओं में मारे गये लोग आसान निशाना हैं. इनके पास न तो हथियार हैं और न ही कोई सुरक्षा कवच है. इन्हें मार देना कोई बहादुरी का काम नहीं है. मारनेवालों के बारे में अभी अटकलें ही लग रही हैं, पर ऐसा लगता है कि ये आतंकी लड़के कश्मीरी हैं और शायद इन्हें सरहद पार से नियंत्रित किया जा रहा है. बीते दिनों की घटनाओं की जिम्मेदारी लेनेवाले या संदिग्ध गिरोहों के नाम भले इस्लामिक न हों, लेकिन वे इस्लामिक कट्टरपंथी गुट ही हैं.ऐसा माना जा रहा है कि ये गुट लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और अन्य पाकिस्तानी गिरोहों से ही संबद्ध हैं. ऐसे आतंकियों को अधिक प्रशिक्षण की जरूरत नहीं होती है. देखा गया है कि अब जो छोटे-छोटे हथियार कश्मीर में आ रहे हैं, वे ड्रोनों के जरिये गिराये गये हैं. कई ऐसे ड्रोनों के बारे में भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को जानकारी है, पर मुझे लगता है कि बहुत से ड्रोन हमारी नजर में नहीं आ पाये हैं. अब अगर किसी ऐसे व्यक्ति को पिस्तौल मिल जाए, जिसके सिर पर खून सवार हो और उसे थोड़ा-बहुत हथियार चलाना भी आता हो, तो वह हत्याएं करेगा क्योंकि उसे लगता है कि यह उसका मजहबी काम है. ऐसी मानसिकता है घाटी में. साल 2013-14 के आसपास हमने देखा था कि जो लड़के आतंकी गिरोहों में शामिल होते थे, वे सोशल मीडिया पर खुल कर अपने इरादों की घोषणा करते थे. वे दिखाना चाहते थे कि वे बड़े मुजाहिद हैं. फिर वे सुरक्षा एजेंसियों की नजर में आ जाते थे और देर-सबेर मारे जाते थे. पहले ऐसे लड़के घर छोड़ कर लापता हो जाते थे. पिछले एक-डेढ़ साल से यह रुझान बदला है. अब शायद ऐसे दहशतगर्द लड़के अपने परिवारों के साथ ही रहते हैं और समाज में घुले-मिले हैं. इस स्थिति में इनको खोजना-पकड़ना पेचीदा हो जाता है और सुरक्षा एजेंसियों की चुनौती बढ़ जाती है.

दूसरी समस्या यह है कि जब 2019 के बाद से धमकियां आयीं, तब कुछ अधिक सतर्क हो जाना चाहिए था कि आतंकियों की रणनीति बदल सकती है. ऐसे हमलों के लिए बड़े पैमाने पर हथियार भेजने, ट्रेनिंग देने और घुसपैठ कराने की भी जरूरत नहीं है. लेकिन इससे खौफ बहुत ज्यादा फैलता है. यदि किसी फौजी ठिकाने पर आत्मघाती हमला होता है या झड़प होती है, तो उससे डर का वातावरण नहीं बनता है. भय तो तब पसरता है कि किसी को सरे-राह गोली मार दी जाए और मरनेवाले को पता भी नहीं हो कि उसे क्यों मारा जा रहा है. इन घटनाओं से पता चलता है कि यह सब सोची-समझी योजना के तहत हो रहा है. हालांकि घाटी में हथियार पहले से ही बड़ी मात्रा में हैं, पर ड्रोन, सुरंगों आदि के सहारे जो खेप आ रही है, उसे रोकना एक मुख्य चुनौती है.

पहले से ही हमारी खुफिया व्यवस्था को काम शुरू कर देना चाहिए था. इंटरनेट और सोशल मीडिया को बंद करने से बेहतर यह है कि उस पर निगरानी रखी जाए कि युवाओं में किस तरह के रुझान हैं और किन लोगों व विचारों के संपर्क में हैं तथा वे किस तरह की बातें कर रहे हैं. ऐसी पाबंदियों की जरूरत भी है, लेकिन उसे लंबे समय तक नहीं रोका जाना चाहिए. जो घटनाएं आज हो रही हैं, उनकी तुलना नब्बे के दशक से नहीं की जानी चाहिए. बीते तीन दशकों में कई बार आज जैसी वारदातें हो चुकी हैं.सुरक्षा एजेंसियां कभी जल्दी, तो कभी कुछ देरी से सुराग निकाल ही लेती हैं और आतंकियों को खत्म भी कर देती हैं. सबसे अधिक चिंता की जो बात है, उस पर अधिक चर्चा नहीं की जा रही है. जम्मू क्षेत्र में राजौरी और पुंछ में जो झड़पें हुई हैं, जिनमें नौ सुरक्षाकर्मी शहीद हुए हैं, वह मेरी नजर में ज्यादा खतरनाक है. ऐसा लगता है कि इन झड़पों में शामिल आतंकी अधिक प्रशिक्षित हैं और उनमें पाकिस्तानी सैनिकों के शामिल होने का भी अंदेशा है. यह ध्यान देना होगा कि क्या यह एक नया रुझान है.

## संक्षेप

### जान से मारने की धमकी का आरोप

कौशाम्बीः पश्चिम थाना क्षेत्र के अंतर्गत पलरा बैरमपुर के ग्राम पंचायत अध्यक्ष सुमित कुमार ने थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि मुझे व मेरे पंचायत सदस्यों को निजामुद्दीन पुत्र करीम बख्स, देवेंद्र कुशवाहा पुत्र घनश्याम कुशवाहा व दत्तू पुत्र परान रायफल लहराते हुए आए दिन रायफल लहराते हुए जान से मारने की व लाशें बिछा देने की धमकी देते रहते हैं। शिकायती पत्र के जरिये सुमित कुमार ने पश्चिम शरीरा पुलिस से विधिक कार्यवाही की मांग की है।

### किसान विधेयक लागू होने से कृषि व किसान होंगे उद्योगपतियों के हाथों बंधकः सकिपा जिला सचिव

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में सदर ब्लॉक के मीरापुर गांव में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने की। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के बजाय घटा रही है। कहने को तो केंद्र सरकार साल 2022 तक किसानों की आय बढ़ाने की बात कर रही है लेकिन सरकारों द्वारा कृषि कार्यों में आने वाली चीजों में की जा रही भारी महगांई के चलते कृषि कार्य करने में भारी लागत आ रही है और किसानों को कृषि कार्य में अधिक खर्च करना पड़ रहा है जिससे उन पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है और उनकी आय घट रही है। आगे कहा कि केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार किसान विरोधी हैं और इन सरकारों के रहते किसानों का कोई भला होने वाला नहीं है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं युवा जिला सचिव विजय सिंह लोधी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन किसान विधेयकों के लागू होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होगा। इन काले कानूनों के लागू होने से कृषि एवं किसान दोनों उद्योगपतियों के हाथों हमेशा के लिए बंधक हो जाएंगे। लिहाजा केंद्र सरकार तीनों किसान विधेयकों को वापस ले। इस अवसर पर कई लोगों ने समर्थ किसान पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। इस मौके पर राम शरण लोधी, देशराज लोधी, अखिलेश लोधी, मनबाबू सोनकर, अशोक कुमार, जय सिंह, मीना देवी, रामा देवी, कमलेश कुमारी, सुमन देवी आदि मौजूद थे।

### विधायक ने किया भूमि पूजन

कड़ा/कौशाम्बी। नगर पंचायत कडा.दारानगर के लिए नये कार्यालय का निर्माण कार्य भानीपुर में शुरू करने से पहले सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल ने भूमि पूजन किया।इस मौके पर ईओ कडा. दारानगर अनिल मौर्या,संगमलाल गुप्ता, मानसिंह यादव,अभिषेक मौर्य,कमलेश निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

# गंगा नदी में अचानक आई बाढ़ से किसानों की सैंकड़ो बीघा फसल हुई जलमग्न

अमन लेखनी समाचार





बांगरमऊ उन्नाव। गंगा नदी मे अचानक आई बाढ़ का पानी रोकने के लिए कुछ काश्तकारों ने जेसीबी मशीन से रातों-रात बंधा बना। जिससे करीब डेढ़ दर्जन काश्तकारों की करीब 50 बीघा तिलहनी और सब्जियों की फसल पानी में डूब कर बर्बाद हो गई।

गंगा कटरी क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर कट्टर निवासी राजू शुक्ला व बड़क्के शुक्ला निवासी फरीदपुर कट्टर तथा नंदराम पुत्र परमेश्वर निवासी ठाकुरियापुर ने मिलकर पड़ोसी राजस्व ग्राम खैरुद्दीनपुर स्थित गंगा नदी के किनारे लगभग 12 बीघा खेत ठेके पर लिया है। जिसमें आलू की फसल खड़ी है। इस समय गंगा नदी में अचानक बाढ़ आ गई है। बाढ़ का पानी आलू की फसल में आने से रोकने के लिए राजू शुक्ला आदि ने शनिवार की रात जेसीबी मशीन से मिट्टी का ऊंचा बंधा बना डाला। बंधा से पानी का बहाव रुक जाने के चलते पड़ोसी ग्राम ठकुरिया पुरवा निवासी आदित्य, जगन्नाथ, ऊदन, तुलसी, विक्रम, मनोज, सोबरन, नन्हू व राम जी सहित करीब एक दर्जन किसानों की 50 बीघा तिलहनी और सब्जियों की फसल पानी में डूब कर बर्बाद हो गई। आज प्रातः जब बंधा बनाने से फसल डूब कर बर्बाद होने की सूचना काश्तकारों को मिली तो दोनों पक्ष मौके पर जा धमके। जिससे काश्तकारों के बीच खासा तनाव उत्पन्न हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह बंधा खुलवा कर मामला शांत कराया।

# गायत्री महायज्ञ एवं राम चरित मानस पाठ का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



**हसनगंज उन्नाव** विकास खण्ड की ग्राम पंचायत सिंघनापुर के मजरा भिखारी खेड़ा में ग्राम प्रधान तारावती पाल के नेतृत्व में एवम गांव के सामूहिक सहयोग से एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं रामचरितमानस का संगीतमय पाठ का आयोजन संपन्न हुआजिसमें रामचरितमानस पाठ के समापन के बाद शांतिकुंज हरिद्वार से प्रशिक्षित गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता आचार्य परमानंद महाराज की टोली ने गायत्री मंत्र की आहुतियों से एक कुंडीय गायत्री यज्ञ संपन्न कराया जिससे गांव का वातावरण गायत्रीमय हो गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांव की जनता के बीच में सामाजिक एकजुटता एवं समरसता कायम करना था गायत्री यज्ञ के संपन्न होने के बाद ग्राम प्रधान पुत्र पुत्तन लाल पाल ने कन्याओं के पैर पूजन कर कन्या भोज कराया इस अवसर पर ग्राम भिखारी खेड़ा के जहां राम बिहारी छोटेलाल सिंघनापुर से लाल बहादुर हरिश्चंद्र नीरज लवकुश हरिकेश लालाराम सौरभ फूलचंद करसेमऊ से सुरेश गुप्ता विनोद रामरतन पाल पूर्व प्रधान मंजेश पाल राकेश कुमार धीरज जितेंद्र अंकित सहित सैकड़ों लोग इस कार्यक्रम का हिस्सा बने वहीं पर गांव की महिलाओं ने भी करवा चौथ के अवसर पर यज्ञकुंड में गायत्री मंत्र के साथ आहुतियां डालकर अपने पति की लंबी आयु की कामना की

# पति की दीघार्यु के लिए महिलाओ ने मनाया करवा चौथ का पर्व



अमन लेखनी समाचार

**शुक्लागंज उन्नाव,** पति की दीघार्यु के लिये मनाया जाने वाला करवा चौथ का पर्व नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर पति की दीघार्यु की कामना की।

करवा चौथ की तैयारियों नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में काफी दिनों से चल रही है। सुबह से ही बाजारों में करवा के अलावा चूरा गट्टा की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। शाम होते ही सुहागिनें सोलह श्रंगार कर निर्जला व्रत रखते हुये चांद के निकलने का इंतजार कर रही थी। जैसे ही चांद निकला महिलाओं ने छतों पर चांद की विधि विधान से पूजन किया और चांद का अर्ध्य दिया। महिलाओं ने चांद को अर्ध्य देकर निर्जला व्रत तोड़ा। वहीं बच्चों ने अतिशबाजी का आनंद उठाया। असमान पर रंग बिरंगे पटाखों की रोशनी से आसमान सतरंगी हो गया।

# कैंसर पीड़ित महिला के इलाज के लिए पवन सिंह ने की मदद

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। दुनिया में इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नही होता। समाज के कमजोर तबके की भलाई के लिए यथा योग्य समर्थ लोगों को आगे आना चाहिए। दीनहीनों की भलाई करने वाले का ईश्वर भी मददगार होता है ईश्वर ने इस धरती पर तमाम ऐसे मददगारों को पैदा कर रखा है जो समय समय पर मानव जीवन को बचने के लिए हमेसा आगे आते रहते है गोरखपुर के रहने वाले पवन सिंह का भी नाम उन मददगारों की सूची में शामिल है जो बिना किसी स्वार्थ के मानवता की मदद करने के लिए हमेसा आगे आते रहे है उनकी मदद और दरियादिली की वजह से गरीबों असहायों में एक आस जग गयी है कि उनका भी मददगार इस दुनिया मे है जो समय समय और मदद करता रहता है अब आप इस महिला के बारे में भी जान ले ग्राम सभा कटैया नौडिहागौर कप्तानगंज की रहने वाली शालू सिंह पति राम प्रकाश सिंह जोकि जानलेवा बीमारी कैंसर से काफी दिनों से पीड़ित थी घर के हालत ठीक नही थे परिवार आर्थिक तंगी से परेशान था किसी के माध्यम से पूर्वांचल के मसीहा कहे जाने वाले पवन सिंह के बारे में सुना था बड़ी उम्मीद लेकर वो महिला अपने पति के साथ समाजसेवी पवन सिंह के घर पहुची अपनी सारी दुख तकलीफ को बयां किया उस महिला ने बताया कि आपके बारे में सुना है कि आप गरीबो की मदद करते है एक गरीब महिला आपके पास आई है मेरी भी मदद कर दे समाजसेवी पवन सिंह महिला के दर्द को सुनते ही भावुक हो गए उन्होंने फौरन उस महिला और उसके पति की हिम्मत दिया कहा कि मैं आपके साथ हूँ जो भी खर्च आता है इलाज में उसकी मैं दूंगा उन्होंने फौरन महिला की नगद धनराशि दिया और कहा कि आप इलाज शुरू करवाये आगे भी अगर दिक्कत होगी तो मैं फिर मदद करूँगा। महिला की आंखे भर आयी जब अपनो ने साथ नही दिया तब उस शख्स ने साथ दिया जिससे उसका कोई रिश्ता नही था महिला ने पवन सिंह की ढेर सारा आशीर्वाद दिया। पवन सिंह की यही दरियादिली की वजह से लोग उनको गरीबो का मसीहा के नाम से अब पुकारते है।

# रैली निकालकर बच्चों ने किया जागरूक



**संचारी रोग नियंत्रण व साफ-सफाई के प्रति ग्रामीणों से साझा किये तरीके**

अमन लेखनी समाचार

कौशाम्बी। सदर ब्लॉक स्थित प्राथमिक कुआंडीह से स्कूली बच्चों की ओर से रैली निकालकर लोगों को संचारी रोग नियंत्रण के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सफाई के प्रति जागरुक भी किया गया।

विद्यालय की प्रधानध्यापिका प्रियदर्शिनी तिवारी की अगुआई में विद्यालय की शिक्षक टीम के साथ शुक्रवार को बच्चों ने संचारी रोग पर नियंत्रण की जानकारी सम्बंधी रैली निकाली।

इसमें ग्रामीणों को साफ-सफाई, मच्छरदानी का प्रयोग, खुले में शौच न जाने, हाथ साबुन से धोने, पानी को ढककर रखने आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने की बैठक

**– विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण पर हुई चर्चा**

अमन लेखनी समाचार



कौशाम्बी। कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2022 के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की जानकारी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को देते हुए कहा कि बी0एल0ए0 की सूची तैयार कर शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाय।

बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार एकीकृत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 01 नवम्बर 2021 एवं अंतिम प्रकाशन 05 जनवरी 2022 को किया जायेगा। पुनरीक्षण 2022 के दौरान समस्त अर्ह मतादाताओं के नाम मतदाता सूची मे पंजीकृत करने तथा मतदाता सूची में विद्यमान त्रृटियों को दूर किया जा रहा है। 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे अथवा पूर्ण कर चुके अर्ह युवा नागरिकों के नाम मतदाता सूची में फार्म-6 के माध्यम से अधिक से अधिक पंजीकरण करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2022 के आधार पर विधसानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण जारी कार्यक्रमानुसार - मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन की तिथि 01 नवम्बर 2021, दावे-आपत्यिों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि 01 नवम्बर 2021 से 30 नवम्बर 2021 तक, विशेष अभियान की तिथियां 07 नवम्बर, 13 नवम्बर, 21 नवम्बर एवं 28 नवम्बर 2021 निर्धारित की गयी है तथा दावे/आपत्तियों का निस्तारण 20 दिसम्बर 2021 तक किया जायेगा एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 05 जनवरी 2022 को किया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बीमार अवस्था मे मिले बन्दर का सामाजिक कार्यकर्ता विनय ने किया इलाज



**– इलाज के बाद वन विभाग को किया सुपुर्द**

अमन लेखनी समाचार

कड़ा/कौशाम्बी। सिराथू तहसील के शीतला धाम कड़ा बीमार स्थित में मिले बंदर सामाजिक कार्यकर्ता विनय पांडे ने इलाज किया। सामाजिक कार्यकर्ता विनय पांडे का आरोप है कि घटना से सम्बंधित जानकारी देने हेतु उन्होंने वन विभाग रेंजर सिराथू सहित वन विभाग कौशाम्बी व मंडल अधिकारी प्रयागराज को फोन किया किन्तु किसी का फोन नही उठा। सामाजिक कार्यकर्ता ने बंदर का इलाज करने के पश्चात वन विभाग के कर्मचारियों को सुपुर्द कर दिया।

# एनसीसी की नेवल यूनिट पहुंची कडाधाम




अमन लेखनी समाचार

कड़ा/कौशाम्बी। कानपुर से चलकर एनसीसी यूनिट दोपहर एक बजे जनपद के कडाधाम पहुंची।

यूनिट कानपुर के धौरीघाट से चलकर प्रयागराज तक जायेगी और जलमार्ग स्टीमर द्वारा कानपुर से प्रयागराज के विभिन्न घाटो पर रुककर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। एनसीसी लखनऊ ग्रुप के अन्तर्गत श्री यूपी नौ सेना इकाई के कैडेटस कडाधाम पहुंचकर माता शीतला धाम मे दर्शन पूजन किया और बताया कि रात्रि विश्राम के बाद कड़ाघाट व राजा जयचंद के किले मे स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर श्री यूपी नेवल ईकाई एनसीसी के कमान अधिकारी कैप्टन ( भारतीय नौ सेना ) नवेंदु सक्सेना, लेफ्टिनेंट कामांडर अश्विन सिंह,ईओ कडाधाम अनिल मौर्य,विनय पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।


# छठ पूजा से पूर्व तैयारियों को लेकर चेयरमैन प्रतिनिधि ने घाटों का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



**सोनभद्र/चोपन।** आगामी छठ महापर्व को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उष्मान अली और अधिशाषी अधिकारी महेन्द्र सिंह ने छठ घाट का निरीक्षण किया तथा छठ घाट पर समस्त छोटे बड़े कमियों को बारीकी से देखा इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि उष्मान अली ने कहा कि आगामी छठ महापर्व को लेकर घाटों की सजावट , साफ सफाई व लाइटिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और छठ पूजा के दौरान घाट पर लगने वाले मेले में सोशल डिस्टेंस का पालन कराया जाएगा। वहीं व्रतियों तथा मेले में पहुंचने वाले अन्य लोगों से भी कोरोना संक्रमण को लेकर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन को पालन करने की अपील की जाएगी तथा शासन से जो भी दिशानिर्देश होगा उसका बखूबी पालन किया जाएगा लेकिन उसके पूर्व छठ घाट पर तैयारियां पूर्ण रखी जायेगी। वही अधिशाषी अधिकारी महेन्द्र सिंह ने कहा कि आगामी छठ पूजा को लेकर नगर पंचायत तैयारी शुरू कर दी है , आगे शासन से जो निर्देश होगा उसके अनुसार पूजा सम्पन्न कराया जाएगा। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि राजन जायसवाल, सभासद कुशल सिंह, सभासद सुशील साहनी, समाजसेवी विमल साहा,पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, एडवोकेट अमित सिंह, ठेकेदार बंटी सिंह, हनुमान अग्रहरि, नीरज जायसवाल, लिपिक अंकित पांडेय इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# जनपद को मिले 21 प्राविधिक सहायक



अमन लेखनी समाचार

कौशाम्बी। मुख्यमंत्री द्वारा लोक भवन, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा कृषि विभाग में 1863 नवचयनित प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में किया गया तथा मुख्यमंत्री जी के संबोधन को सुना गया।

विधायक मंझनपुर लाल बहादुर द्वारा जनपद कौशाम्बी हेतु नवचयनित 21 प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मा0 विधायक द्वारा नवचयनित प्राविधिक सहायकों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्यों का निर्वहन करने का आग्रह किया गया।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक उदयभान सिंह गौतम एवं जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार गौतम सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राकेश अग्रहरि (बबलू) बने अग्रहरि समाज के केंद्रीय राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि,हर्ष

**दिल्ली में हुए शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष अग्रहरि द्वारा की गई घोषणा**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र/ओबरा। अग्रहरि समाज की 20 वीं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में ओबरा निवासी राकेश अग्रहरि (बबलू) को देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष अग्रहरि द्वारा मंच से घोषणा कर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पद पर मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन पर सोनभद्र, मिजार्पुर, वाराणसी, भदोही, प्रयागराज आदि क्षेत्र व आस पास के अग्रहरि बंधुओं में खुशी की लहर दौड़ गई। यह दायित्व मिलने के बाद ओबरा आगमन पर स्वागत किया गया। राकेश अग्रहरि (बबलू) ने बताया कि अग्रहरि समाज की 20 वीं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का चुनाव पिछले महीने में विंध्याचल में हुआ था। इसके बाद 17 अक्टूबर को दिल्ली के त्रिनगर स्थित परशुराम भवन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू मुख्य अतिथि रहे। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष अग्रहरि ने राकेश अग्रहरि बबलू के समाज के प्रति सामाजिक योगदान उनकी सेवा भावना को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि का दायित्व सौंपा गया है। राकेश अग्रहरि बबलू ने कहा कि समाज को सशक्त बनाने के लिए वह शहरी इलाकों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में संगठन का विस्तार व सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्य करेंगे। शिक्षा के प्रसार खास तौर से समाज के बेटे बेटियों की शिक्षा, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की चिकित्सा और अग्रहरि जाति को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल कराना संगठन की प्राथमिकता में है।

## संक्षेप

### बलिया में गांव के बाहर पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, मचा हड़कम्प

बलिया जिले के गड़वार थाना के हजौली बाबू के पूरा में निवासी गणेश ठाकुर ( 46 ) पुत्र स्व. तुलसी ठाकुर का शव गांव से आधा किलोमीटर दूर पेड़ में गमछे के सहारे लटका मिला। इससे इलाके में हड़कम्प मच गया। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह गांव के लोग खेतों की तरफ निकले थे, तभी उनकी नजर पेड़ पर लटके शव पर पड़ी। इस बात की सूचना गांव में जंगल की आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों की माने तो गणेश मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ थे।उनकी दवा चल रही थी।उनकी बेटी की लड़की की शादी भी नवंबर माह में तय है।इस बीच, गणेश की मौत ने परिवार पर बज्रपात कर दी है।परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### लूट से सनसनी तफ्तीश में पहुंची पुलिस

गाजीपुरः एक बार फिर बेखौफ बदमाशों ने जनपद पुलिस को चुनौती दे डाली। बरेसर थाना क्षेत्र के दिलशादपुर गांव के पास बाइक सवार बदमाशों ने तमंचा की नोंक पर कारोबारी से बाइक, नकदी और मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया। जनपद में हो रही हूं वारदातें पुलिस हाईकमान के लिए मुश्किलें बढ़ा दी है और रोज घटनाएं हो रही हैं इसे रोका जाना बहुत ही जरूरी हो गया है नहीं तो आने वाले समय में स्थितियां और भयावह रूप ले सकती है और अपराधियों के हौसले दिन पर दिन बुलंद होते जा रहे हैं और पुलिस को अपनी तफ्तीश में उन्हें ढूंढना होगा !बताया जा रहा है कि बरेसर क्षेत्र के दिलशादपुर गांव निवासी जुगनू शर्मा की शहर के लंका पर दुकान है। रोज की तरह बीती शाम दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहा था कि गांव से कुछ पहले अंधौरा मोड़ पर बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे की नोक पर सात हजार नकदी, मोबाइल सहित बाइक लूट लिया। फिलहाल पुलिस तफ्तीश में जुटी

### कलयुगी मामा ने की अपने भांजे की निर्मम हत्या

गाजीपुर ।गहमर थाना क्षेत्र के बारा ग्राम सभा में एक कलयुगी मामा ने अपने ही भांजे की गर्दन काट कर निर्मम हत्या कर दी।पुलिस ने आरोपी मामा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर रही है। यह घटना जंगल में आग की तरह फैले और लोगों में चचाओं का बाजार गर्म था कि आखिर मामा ने यह क्यों किया और लोगों ने उस बच्चे के प्रति संवेदना जाएगी कलयुग में मामा की करतूत !मालूम हो कि गहमर थाना क्षेत्र के बारा गांव के स्व. इसरार खान की पुत्री शबाना की शादी ग्राम मिर्चा, थाना दिलदारनगर निवासी अमजद खान के साथ हुई थी। अमजद की पत्नी शबाना अपने 7 वर्षीय पुत्र दनियाल के साथ विगत एक सप्ताह पूर्व अपने मायके बारा आई हुई थी। गुरुवार की दोपहर को दानियाल अपने मामा अमजद के साथ घर में खेल रहा था कि अचानक अमजद अपने भांजे दानियाल को लेकर कमरे में चला गया

# आशा कार्यकताओं का वेतन वृद्धि को लेकर कार्यकत्रियों का सीएचसी मुख्यालय पर धरना

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थरर ठरार्पार में वेतन वृद्धि को लेकर के तमाम आशा कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

आशा कार्यकत्रियों का कहना था कि कोविड-19 समेत हर खतरनाक बीमारियों से लडने के लिए हम लोग कतार की सबसे आगे पंक्ति होती हैं । फिर भी सरकार हमारे साथ सौतेला व्यवहार करती है ।हमारे गुजारा भत्ता के लिए मात्र 2200 रुपए महीने में देती है ।इस मंहगाई में परिवार का गुजारा-भत्ता कैसे हो सकता है ।



सरकार के इस दोहरे रवैए को नहीं चलने देंगे । हम सभी का धरना-प्रदर्शन, मांग पूरी होने तक चलता रहेगा ।सरकार हमें एक निश्चित सम्मानित वेतनमान देकर सरकारी कर्मचारी के रूप में शीघ्र मान्यता प्रदान करें ।हमारे कार्यों पर एक नजर डालें कि कैसी आशा बहुएं अपनी जान जोखिम में डालकर हर संचारी व संक्रमण रोग का सामना करती हैं ।लोगों के घरों पर जा कर उन्हें जागरूक करती हैं और उनकी जान बचाती है ।इतना ही नहीं सरकार की हर योजना को जमीन पर लागू करने का कार्य करती हैं ।

एक मजदूरी को दैनिक मजदूरी प्रतिदिन ?400 मिलती है । वहीं आशाओं को मात्र ?70 प्रतिदिन दिए जाते हैं ।यह दोहरी नीति नहीं चलने पाएगी । मांग होने तक हम लोग सड़क से सदन तक संघर्ष करते रहेंगे ।उक्त अवसर पर- उर्मिला सिंह, इंद्रेश पाण्डेय, इंद्रावती देवी, विद्या देवी, निर्मला, उमा भारती, आशा देवी, रीता यादव, मालती देवी, कमला देवी, संगीता देवी, ज्ञानमती समेत कई आशाएं मौजूद रहीं ।

# थानों या चौकी पर पूछताछ सीसी कैमरों की निगरानी में की जाए- एडीजी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर जोन के समस्त पुलिस कप्तानों को निर्देशित किया है कि चौराहों पर पूछताछ के दौरान किसी के साथ कोई मारपीट दुर्व्यवहार अथवा गाली गलौज की शिकायत सामने आने पर ऐसे पुलिसकर्मी जिनकी जनता से दुर्व्यवहार गाली-गलौज मारपीट शराब का नियमित सेवन कर ठेले खोमचे वालों को परेशान करने की शिकायत प्राप्त होती है तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी एडीजी जोन ने कहा कि शाम को 7 बजे से सुबह 5 बजे के मध्य रात्रि में किसी भी दशा में किसी भी व्यक्ति को थाने या चौकी पर न बैठाए 5 बजे के बाद थाने पर वही व्यक्ति बैठाया जाए जिसका गिरफ्तारी के संबंध में जीडी में एंट्री किया गया हो




अगर किसी व्यक्ति को पूछताछ के लिए थाने पर बुलाया जाता है तो प्रातः 7 से 5 बजे सायकल के मध्य उसका इंद्राज पूछताछ रजिस्टर जीडी में संबंधित व्यक्ति का फोटो खींचकर युक्ति युक्त कारणों का उल्लेख करते हुए अपने क्षेत्राधिकारी को व्हाट्सएप पर इसकी सूचना अवश्य दी जाए बिना लिखा पढ़ी में किसी भी दशा में जनता का कोई भी व्यक्ति कार्यालय में थाना परिसर में या किसी अन्य जगह पूछताछ के नाम पर नहीं मिलना चाहिए थाने पर पूछताछ सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे के मध्य ही किया जा सकता है इसके लिए निर्धारित स्थान सुनिश्चित होना चाहिए जहां सीसी कैमरा लगाया गया हो उसके निगरानी में ही पूछताछ किया जाए जिससे बाद में पूछताछ करने वाला व्यक्ति किसी प्रकार का पुलिस पर आरोप ना लगा सके इसका अनुपालन संबंधित कप्तान अपने-अपने जनपदों में सुनिश्चित करें।

# मैलानी थाना क्षेत्र में नहीं थम रहा अवैध मिट्टी का खनन



अमन लेखनी समाचार ब्यूरो

गोला गोकर्णनाथ खीरी। मैलानी थाना क्षेत्र में अवैध मिटटी खनन का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस विभाग व राजस्व विभाग जानबूझ कर भी अंजान बने हुए है ।पुलिस की सांठगांठ से अवैध मिट्टी खनन की ट्रैक्टर ट्रॉली धड़ल्ले से चल रही है। जहाँ एक तरफ उच्चतम न्यायालय द्वारा आदेश पारित कर अवैध खनन पर सख्त प्रतिबन्ध लगाने के फरमान जारी किए गये,तो वहीं मैलानी थाना क्षेत्र के सुरजनपुर ग्राम सभा के अंतर्गत आने वाले गांव राजा मंडी नकाह घाट में खेतों से अवैध रूप मिटटी निकाल अनेकों ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर दौड़ते नजर आते है परन्तु पुलिस विभाग व राजस्व विभाग की मिली भगत से यह ट्रैक्टर ट्राली दौड़ते नजर आ रहे है। जब इस सम्बन्ध एस डी एम गोला से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि जांच करके ऐसे लोगों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# 31 अक्टूबर को प्रियंका गांधी वाड्रा का गोरखपुर दौरा



पूर्वांचल के कांग्रेसियों मे खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर ।महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय, अलहदादपुर पर आगामी 31 अक्टूबर को होने वाली राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी आङ्ग प्रियंका गांधी जी की चम्पा देवी पार्क में होने वाली प्रतिज्ञा रैली के सम्बन्ध में एक बैठक हुई ।बैठक में प्रदेश सचिव एवं महानगर प्रभारी विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि प्रियंका गांधी की गोरखपुर में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी ।उत्तर प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार से पूरी तरह असंतुष्ट हो चुकी है और विकल्प के रुप में सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस को देख रही है ।महानगर अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने कहा कि प्रतिज्ञा रैली को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी,वार्ड अध्यक्ष एवं संगठन के सभी कार्यकर्ता गण पूरी तन्मयता से लग जाए ।बैठक में गोपाल गांधी,रोहन पांडेय,प्रणव उपाध्याय,मनोज पाल,बादल चतुर्वेदी ,मोङ्ग अरशद, प्रभात चतुर्वेदी,अरविंद जयसवाल,चौङ्ग एजाज हुसैन,गुलाम ताहिर, संजय जायसवाल,सुहेल अंसारी,राजीव पांडेय,प्रमोद निषाद,असरार आलम,सलमान अहमद,आशीष सिंह,गीता अग्रवाल,आसिफ नसर सिद्दकी, मोहित सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

# सहकारी चीनीमिल में निकला जहरीला सर्फ जिसे देख लोगों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर के अन्तर्गत थाना सम्पूर्णानगर क्षेत्र के सहकारी चीनीमिल में निकला सर्फ बैहरी बजाज जिसको देख कर लोगों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में चीनी मिल के अधिकारी ने सूचना वन्य रक्षक शमशेर सिंह को दी। तुरंत आनन-फानन में वन रक्षक शमशेर सिंह अपनी टीम के साथ चीनी मिल पहुंचे वनकर्मी रामकुमार उर्फ शेरा, अरूण, अमर पहुंचे तो देखा सर्फ बैहरी बजाज बहुत ही विषैला है वन रक्षक शमशेर सिंह ने अपने वनकमीर्यों के साथ रेक्स्यू करने लगे और सावधानी से सर्फ बैहरी बजाज को पकड़ने लगे घंटो तक रेक्स्यू के बाद पकड़ा गया और सिंगाही खुर्द के जंगल में सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया।

# 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार ब्यूरो

लखीमपुर खीरी ।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संपूर्ण जनपद में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत रविवार को थाना खीरी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 390/21 धारा 354/506 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट में वांछित 02 नफर अभियुक्तों 1. मोहम्मद नदीम पुत्र सरताज अली 2. अहिल अंसारी उर्फ छोटू पुत्र सज्जाक हुसैन निवासीगण मोहल्ला जुलाहनटोला थाना व जनपद खीरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

# ऐतिहासिक रामलीला मेले में सूप नखा की नाक काटने व सीता हरण राम सुग्रीव मित्रता बालि वध तथा लंका दहन का किया गया मंचन

अमन लेखनी समाचार

अजान खीरी ।कस्बे में चल रही ऐतिहासिक रामलीला मेले में रविवार को सूपनखा की नाक कान काटने का बदला लेने के लिए रावण ने सीता माता का हरण करने की योजना बनाई।मामा मारीच को सोने का मृग बना पंचवटी पर भेजा। सोने के मृग ने राम लखन को छला। उधर भिक्षु का रूप धर रावण ने सीता माता को हरा ।पंचवटी पर राम लखन और सीता सुंदर वाटिका बनाकर रह रहे थे। लक्ष्मण वहां से जंगल में कंदमूल फल लेने के लिए चले गए। भगवान राम ने उस दौरान सीता से कहा कि अब मैं मनोहारी मनुष्य लीला करूंगा। जब तक मैं राक्षसों का नाश नहीं कर देता तब तक आप अग्नि में प्रवेश कर जाओ। उधर रावण अपने मामा मारीच को सोने का हिरण वन पंचवटी



पर जाने को कहते हैं ।सोने का हिरण का शिकार करने के लिए रामचंद्र जी वनों में निकल जाते हैं। पीछे से लक्ष्मण को भैया रामचंद्र की आवाज सुनाई देती है। वे भी भैया की रक्षा के लिए वनों में निकल जाते हैं। पीछे से रावण सीता का हरण कर ले जाते हैं। सीता हरण की लीला के बाद भगवान राम और सुग्रीव की मित्रता का मोहक संवाद प्रस्तुत किया गया ।इससे पहले सीता हरण की लीला दिखाई गई। वन से जब राम और लक्ष्मण वापस पहुंचे तो देखा कि सीता जी वहां नहीं थी। व्याकुल राम और लक्ष्मण ने सीता को खूब ढूंढा, लेकिन नहीं मिलीं। रास्ते में उन्हें घायल जटायु मिला तो पता चला कि सीता जी का रावण अपहरण करके ले गया है। इसके बाद वे आगे चले और रास्ते में शबरी से मुलाकात हुई। शबरी के जूठे बेर खाने के बाद माता सीता की खोज मैं निकले श्री राम व लक्ष्मण ऋषि मुक पर्वत पर पहुंचे यहां सुग्रीव हनुमान व जामवंत आदि के साथ रहते थे हनुमान जी ने श्री राम और लक्ष्मण को सुग्रीव से मिलाया सुग्रीव ने श्री राम को सीता और आकाश मार्ग से जाते समय फेंके गए आभूषण दिखाएं और भरोसा दिलाया की आप चिंता न करें सीताजी दक्षिण दिशा में आई हैं हमारी सेना उनकी खोज अवश्य कर लेगी इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पीड़ा श्री राम को बताई राम ने बालि का वध किया इसके बाद लंका पहुंचे हनुमान ने लंका दहन कर श्री राम के जयकारे लगाए।

अजान रामलीला कमेटी के तत्वाधान में 24 अक्टूबर को दशहरा महोत्सव का आयोजन होगा कार्यक्रम संयोजक प्रधान विपिन यादव ने बताया कि महोत्सव के दौरान श्री राम की शोभा यात्रा मेला ग्राउंड में निकाली जाएगी और मेला ग्राउंड में ही करीब 25 से 30 फिट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा इस मौके पर प्रधान विपिन यादव मेला कमेटी अध्यक्ष मिटठन लाल शर्मा हरिओम यादव रणजीत यादव हरि कांत शुक्ला नैमिष बाल्मीकि गोवर्धन लाल राम नरेश यादव पंकज वर्मा सोवरन लाल प्रेमचंद वर्मा राम प्रकाश अवस्थी इमाम अली मंसूरी मुकीम अली सुनील राज वंशी रवि कांत यादव राम आसरे काम दार जितेंद्र श्रीवास्तव हरी कृष्ण जीवन लाल वोक्सा जीवन लाल वर्मा महेश वर्मा विमल यादव चावली देवी नैना देवी किरन देवी ओरी लाल श्रीवास्तव अवधेश पाल सोवरन लाल मुनेश यादव हरि कान्त शुक्ला सतीश कश्यप बबलू मंसूरी सिराज मंसूरी सहित तमाम मेला कमेटी के सदस्य व मेला देखने वाले हजारों की संख्या में दर्शक लोग मौजूद रहे।

# मनुष्य को कर्म करना चाहिए फल की चिंता नही राम चरित मानस

अमन लेखनी समाचार

**असोहा उन्नाव** - अज्ञानी व मुढ़ व्यक्ति भी भगवान की कथा सुन सुधर जाता है ,उक्त उद्गार कुटी बीर बाबा मे चल रही राम कथा के तीसरे दिन बनारस से आए मानस लहरी जी ने कही। असोहा क्षेत्र कुटी बीर बाबा मे चल रही रामकथा के तीसरे दिन बनारस से आए मानस लहरी जी ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को कर्म करते रहना चाहिए ,फल की चिंता नहीं करनी चाहिए क्योंकि वो मनुष्य के बस में नहीं है , रामचरित मानस के प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि राजा दसरथ मृत्यु की ओर अग्रसर थे ,भरत जी करुण क्रंदन कर रहे थे तो गुरु वशिष्ठ ने उन्हें समझाते हुए कहा कि हानि , लाभ , जीवन , मरण , कीर्ति , सम्मान , अपमान , अपयश ये सब इश्वर के हांथ में है इसमें किसी का जोर नहीं है । उन्होंने ने कहा बिना सत संग के मनुष्य के ज्ञान नहीं उपजता और वो भी भगवन की कृपा के बिना सफलता को भी नहीं प्राप्त करता , इस लिए मनुष्य को जितना हो सके सत कर्मो को करना चाहिए ,करते रहना चाहिए क्यो की यही सत क्रम युग युगांतर , वर्ष वरशानतर , कलि कलांतर तक जाएगा। भगवान की प्राप्ति का सबसे सरल उपाय इश्वर मे रम जाना है ।कथा के तीसरे दिन पूर्व चेयर मै न पुरवा योगेंद्र दुवेदी , बैलोरा प्रधान उमेश साहू , हरिनाम खेड़ा प्रधान भगवान लोधी , असोहा प्रधान देशराज रावत आदि को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर आयोजक संजय शुक्ल ने सम्मानित किया ।कथा के दौरान , सुनील पाण्डेय , चंद्र प्रकाश सोनी , शुशील शुक्ल , त्रिभुवन त्रिपाठी , प्रेम जयसवाल , शैलेंद्र निर्मल , मोनू यादव , सिवा अवस्थी सहित सैकड़ों छेत्र वासी उपस्थित रहे



# दबंग युवकों ने दुकान दार को जमकर पीटा व गोलक से ले गए नगदी

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर उन्नाव

मामूली से बात विवाद को लेकर दबंग युवको ने अपने साथियों के साथ मिलकर दुकानदार की लाठी डंडो से जमकर पिटाई कर दी जिससे वह लहूलुहान हो गया घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद सहित दस लोगो के विरुद्ध मारपीट व लूट का मुकदमा दर्ज कर दो को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी नगर के सरांय सूबेदार मियांगज रोड निवासी कृपा शंकर पुत्र चंद्रभान गौड़ तहसील के सामने स्टेट बैंक मार्ग पर जिला पंचायत की मार्केट में जनरल स्टोर की दुकान करता है ।बीती शाम नगर के ही टिकली बाजर निवासी भीम अपने बेटे रवी व दीपक के साथ ठेलिया में आम कीलकड़ी लादकर जा रहा था ।इसीबीच दुकान के बाहर टँगे कपडे में लकड़ी फस गए ।इसी को लेकर युवक और दुकानदार के बीच कहासुनी होने लगी ।जिसे पड़ोस के दुकानदारों ने बीच में पड़ कर शांत करा दिया ।थोड़ी देर बाद युवक अपने छह सात अन्य साथियों के साथ दुकानदार को लाठी डंडो से जमकर पिटाई कर दी। सूचना मौके पर पुलिस जा पहुंची और हमलावर रवि व दीपक को हिरासत में लेकर लहूलुहान दुकानदार को सीएचसी में भर्ती कराया ।घायल युवक ने कुल्हाड़ी से हमलाकर गोलक से 22 हजार रुपये व समान लूटने की तहरीर पुलिस को दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी

## पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर

**सफीपुर उन्नाव** पैदल जा रहे युवक को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे नजदीकी सीएससी लाया गया । जहां गंभीर हालत देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया ।बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के सबली खेड़ा गांव निवासी विपिन उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र कल्लू सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के हुलासी कुंवा चौराहे के समीप हरदोई उन्नाव मुख्य मार्ग पर पैदल चल रहा था तभी पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर लाया गया जहां गंभीर हालत देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया ।


## एक माह पूर्व चार आरोपी युवकों ने किशोरी के साथ किया था

# किशोरी से गैंगरेप में आरोपी को कोर्ट से झटका, नहीं मिली बेल, काटेगा जेल

### बड़े बाप की बिगड़ी औलादों पर है गैंगरेप का आरोप

संवाददाता

सुलतानपुर। चौदह वर्षीय किशोरी से गैंगरेप के मामले में आरोपी की तरफ से स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट की अदालत में जमानत अर्जी प्रस्तुत की गई। जिस पर सुनवाई के पश्चात स्पेशल जज पवन कुमार शर्मा ने आरोपी के जरिए किए गए अपराध को अत्यंत गंभीर मानते हुए उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अदालत के इस आदेश से आरोपी को बड़ा झटका लगा है। मामला कादीपुर कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा है। जहां के सूरापुर तवक्कलपुर गांव निवासी अभिषेक पर बीते 22 सितम्बर की शाम को अभियोगी की चौदह वर्षीय पुत्री को



बहलाकर अपनी दुकान पर करीब एक घण्टे तक बैठाये रहने व उसके बाद उसे लालच देकर अपने सुपरमार्केट में ले जाकर एक कमरे में बंद कर साथी शुभम अग्रहरी, दीपक अग्रहरि व शिवम उर्फ गोलू अग्रहरि के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप है। आरोप के मुताबिक गैंगरेप की शिकार पीड़िता आरोपियों के जरिए की गई इस हैवानियत से बेहोश हो गई, जिसे पानी के छींटे मारकर होश में लाना पड़ा। ढूंढते-ढूंढते पीड़िता की मां जब घटना स्थल पर पहुंची तो वह पुत्री की यह हालत देख दंग रह गई। बताया जा रहा है कि आरोपीगण काफी प्रभावशाली व पैसे वाले व्यक्ति हैं, जिन्होंने पीड़ित पक्ष की आर्थिक कमजोरी व असहाय होने का नाजायज फायदा उठाकर उसके परिवार पर दबाव बनाकर उसकी आबरू की कीमत लगाकर सुलह समझौते का भी भरसक प्रयास किया। मामले में आरोपी शिवम अग्रहरि का नाम तफ्तीश के दौरान प्रकाश में आया। पुलिस ने मामले के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की। इसी मामले में आरोपी शिवम अग्रहरी उर्फ गोलू की तरफ से स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट की अदालत में जमानत अर्जी प्रस्तुत की गई। जिस पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने घटना की एफआईआर, पीड़िता के 161 व 164 दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत हुए बयान में काफी मतभेद बताते हुए आरोपों को फर्जी एवं मनगढ़ंत बताया। वहीं अभियोजन पक्ष ने घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए आरोपियों की जमानत पर कड़ा विरोध जाहिर किया। उभय पक्षों को सुनने के पश्चात अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी पक्ष अभियोजन पक्ष के जरिए फर्जी ढंग से फंसाने की बात अपने बचाव में कह रहा है,लेकिन उसकी वजह को बताने एवं जमानत क्यों दे दी जाय यह बता पाने में असफल रहा है। वहीं अदालत ने लगे आरोपो को अत्यंत गंभीर मानते हुए और ऐसे अपराधियों को इस स्तर पर जमानत पर रिहा किए जाने से समाज में गलत संदेश जाने एवं पॉक्सो एक्ट का उद्देश्य विफल होने की संभावना मानते हुए आरोपी की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। ऐसे में गरीबों की इज्जत से खिलवाड़ करने वाले एक धनाड्य परिवार के आरोपी युवक को साथियों संग मिलकर गैंगरेप जैसी घिनौनी करतूत को अंजाम देने के आरोप से जुड़े मामले में बड़ा झटका लगा है।

# छात्रों /छात्राओ को दैनिक न्यूज पेपर प्रेस ,लक्ष्मी बाई पार्क, किला दिखाया

**अमन लेखनी समाचार / अंकित सेंगर व्यूरोचीफ झाँसी**

झाँसी , श्री कल्याण बाल विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरसराय के छात्रों /छात्राओ को दैनिक न्यूज पेपर प्रेस ,लक्ष्मी बाई पार्क, किला तथा बुंदेलखंड प्रौद्योगिक एवं अनुसंधान केंद्र झांसी का विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश दुबे के नेतृत्व तथा हरी बाबू ,शर्मा प्रमोद सिंह एवं श्रीमती सरोज अर्जरिया के सहयोग से भ्रमण कराया गया। इस दौरान सर्वप्रथम लक्ष्मी बाई पार्क में बच्चों को भ्रमण कराया गया इसके बाद प्रेस गए वहां पर एचआर दुष्यंत सर ने बच्चों को प्रेस के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा ऑफिस में सभी विभागों को दिखाया एवं प्रिंट मशीन पर प्रिंट सिस्टम के बारे में समझाया एवं एवं बताया कि सभी छात्र छात्राओं को प्रतिदिन अखबार अवश्य पढ़ना चाहिए जिससे बच्चों को ज्ञान प्राप्त होता है। इसके बाद सभी छात्र इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचे ।वहां पर डायरेक्टर डॉक्टर मनोज गुप्ता जी की अनुमति पर सभी प्रयोगशालाओं के एचओडी सर ने बच्चों को डेमोंसट्रेशन करके बताया तथा पुस्तकालय में भी बच्चों को पुस्तक को निर्गत ना करके पुस्तक लेकर बाहर जाने पर सायरन बजना तथा पुस्तक निर्गत होने पर बाहर जाने पर शायर ना बजने की प्रक्रिया को बताया ।इसके बाद जिम में इनडोर स्टेडियम तथा टीटी हॉल दिखाया गया।

इंजीनियरिंग कॉलेज में मैकेनिकल के विभागाध्यक्ष डॉ विजय वर्मा, इलेक्ट्रिकल के विभागाध्यक्ष डॉ डीके श्रीवास्तव ,केमिकल के विभागाध्यक्ष डॉक्टर टी पी सिंह, कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष डॉक्टर यशपाल सिंह तथा पुस्तकालय से प्रदीप पालीवाल का विशेष सहयोग रहा।

# राष्ट्रीय आंचलिक पत्रकार एसोसिएशन की तहसील स्तरीय बैठक का किया गया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार- हेमन्त यादव**



गरौठा-झांसी, तहसील गरौठा के मारकुआं में राष्ट्रीय आंचलिक पत्रकार एसोसिएशन की तहसील स्तरीय बैठक संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुखदेव ब्यास के मुख्य आतिथ्य में तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव ओंमकार सिंह एवं जिला अध्यक्ष शशिकांत तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरूआत गांधी जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पमाला अर्पण कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ सुखदेव व्यास ने कहा की आप सभी लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है,इसलिए आप लोग स्वच्छ साफ-सुथरी तथा पारदर्शिता के साथ पत्रकारिता करें तथा संगठन को मजबूत करने का कार्य करें। वही ओंमकार सिंह ने कहा आए दिन पत्रकारों पर फर्जी मुकदमा लिखे जा रहे हैं इसलिए पत्रकारों को संगठित होने की जरूरत है,जिला अध्यक्ष शशिकांत तिवारी ने कहा कि आए दिन पत्रकारों को मौत के घाट उतारा जा रहा है तथा पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे लादे जा रहे हैं इसलिए अब वक्त आ गया है कि सभी एकजुट तथा संगठित होकर पत्रकारों की लड़ाई लड़ें। वही वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा पत्रकारिता के साथ-साथ आप लोग एक दूसरे के साथ सामंजस बनाकर संगठन को मजबूत करने का कार्य करें तथा ईमानदारी से पत्रकारिता करें। कार्यक्रम में रिंकू यादव, अनिल शर्मा, राजेंद्र बुंदेला,सुरेंद्र तिवारी राजकुमार मिश्रा,हेमंत यादव आदि पत्रकारों ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर जयप्रकाश बरसैया अंकित सेगर, भास्कर बबेले,हरिश्चंद्र विद्रोही, पवन कुमार जैन परम सुख कुशवाहा, बालादीन राठौर, अरविंद सिंह मारकुआं सलीम मंसूरी राजेंद्र बुंदेला राजकुमार मिश्रा प्रदीप शर्मा विमल तिवारी सुरेंद्र तिवारी अनिल शर्मा हेमन्त यादव, कमला कांत शर्मा, कल्लू वर्मा, उमेश शर्मा, रिंकू यादव, मानवेंद्र यादव, निर्दोष राजपूत शक्ति शरण मिश्रा सुगर सिंह सहित कई पत्रकार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सलीम मंसूरी ने किया सभी का आभार कार्यक्रम के आयोजन कर्ता कुँवर अरविंद सिंह परिहार द्वारा व्यक्त किया गया।

# नही खुले धान खरीद केन्द्र, हजार रुपए कुन्टल धान बेचने को मजबूर है किसान

**गुलूपुर व पैडेपुर मे होगी किसान पंचायत, धान की एम एस पी मूल्य के लिए किसान करेंगे हड़ताल**

**अमन लेखनी समाचार**

रायबरेली। अखिल भारतीय किसान महासभा व भाकपा माले कार्यकताओं की संयुक्त बैठक आज हरचंदपुर मे हुई बैठक मे लखीमपुर मे किसान नरसंहार के जिम्मेदार केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी को मंत्री पद से बर्खास्त न करने पर मोदी सरकार की आलोचना करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के ब्लाक अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा मोदी सरकार द्वारा एमएसपी गारण्टी का कानून नही बनाने के कारण किसानों को धान का रेट 1940 होने के बाद भी एक हजार रुपए कुन्टल बेचना पड़ रहा है। जिले मे धान की फसल बाजार मे आ गयी है मगर कहीं भी खरीद केन्द्र शुरू नही हुए है किसान लूटा जा रहा है। जिला सचिव सुरेश शर्मा एडवोकेट ने कहा किसान महासभा किसानों की धान की फसल लूटने नही देगा बल्कि किसानों से एम एस पी से कम पर धान नही बेचेने की अपील करते हुए किसान हडताल करने का आह्वान करता है। उन्होंने बताया कि हरचंदपुर ब्लाक मे एमएसपी धान खरीद के लिए आन्दोलन तेज करने के लिए किसान महासभा आगामी 31 अक्टूबर को गुलूपुर व 1 नवम्बर को पैडेपुर मे किसान पंचायत करेगी। सर्वसम्मत से प्रस्ताव पास कर जिला प्रशासन से न्याय पंचायत स्तर पर धान खरीद केन्द्र खोलने की मांग की। बैठक मे रामसजीवन मौर्य, महेश सिंह, हरीश चंद, गुरूप्रसाद, ब्रजपाल यादव, छीटू गुप्ता, शिव पाल सिंह, गजोधर, सूरजपाल, कमल, रमाकेश विश्वकर्मा, राजेन्द्र सिंह आदि शामिल थे।

## किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ने कई जगह लगाई किसान चौपाल

**अमन लेखनी समाचार / अंकित सेंगर व्यूरोचीफ झाँसी**

झाँसी। 24 तारीख दिन रविवार को 11 बजे प्रधानमंत्री जी की मन की बात सुनी और कई जगह किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र राय ने किसान चौपाल अयोजित की,जिसमे सनोरा टिकरी दादपुरा सीजरा अल्डन इमलिया पठा रजपुरा पलरा गेरह जिसमें किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र राय पचवारा ने प्रत्येक सेक्टर पर नरेंद्र मोदी जी की मन की बात सुनी और आने वाले 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी को कमल के फूल को जिताने और फिर से अपनी सरकार बनाने के लिए किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारियों से अभी से तैयारी के लिए कहा चौपाल में मुख्य रूप से मुकुन्दी लाल अहिरवार,रामप्रसाद पाल राजेन्द्र शास्त्री अरविंद्र भदोरिया प्रबल प्रताप सिंह धर्मेन्द्र पटेल रवेंद्र सिंह गजेन्द्र सिंह परिहार भीम प्रताप रविन्द्र मिश्रा द्वारका प्रसाद कुशवाहा पुष्पेन्द्र राय आयुष त्रिपाठी अजनेरी सहित अनेक गणमान्य किसान मौजूद रहे।

# आरईडी ने कोयला व ऐशपांड विवादित मामला का लिया जायजा

**अमन लेखनी समाचार**

रायबरेली। एनटीपीसी ऊंचाहार मे कोयला की कमी व ऐशपांड से राख को लेकर हुए विवाद मामला एनटीपीसी के उच्चाधिकारियो तक के चौखट पर पहुंच गया है जिसको लेकर उसकी जांच करने के लिए दिल्ली से आरईडी स्वयं रविवार के दिन जांच करने एनटीपीसी ऊंचाहार पहुंचे है। बताते चले कि ऊंचाहार एनटीपीसी मे दिल्ली हेडक्वाटर से प्रयागराज की ओर से बाईरोड आरईडी पहुंचे जहां पर उन्होने प्लांट के सीएचपी एरिया का निरीक्षण किया जहां पर कोयला की स्टाक व उसके उतारने व मालगाड़ी के खाली करने के समय तक का आंकलन किया और उसके बाद यूनिटो का निरीक्षण किया जहां पर एनटीपीसी की 210मेगावाट प्रति घण्टा विद्युत उत्पादन करने वाली यूनिट नंबर दो ओवरहालिंग के कारण बंद चलने तो विगत एक सप्ताह से यूनिट नंबर 1 विद्युत की डिमांड कम होने पर बंद चलती हुई पाया गया ।एनटीपीसी मे 210मेगावाट विद्युत उत्पादन करने वाली कुल 5 यूनिट है जबकि 500मेगावाट विद्युत उत्पादन करने वाली महज एक यूनिट है ।जिसमे दो यूनिटें बंद होने पर 210मेगावाट की यूनिट नंबर 3;4;5 व 500मेगावाट की यूनिट नंबर 6 को चलाया जा रहा है लेकिन क्षमता से कम भार पर ही यूनिटो को संचालित किया गया पाया गया ।जिस दौरान रेलवे के अधिकारियो तक से जानकारी लिया उसके बाद ऊंचाहार कोतवाली के अरखा स्थिति एनटीपीसी की अरखाऐशपांड मे विगत कुछ माह से राख लोडिंग को लेकर चल रहे विवाद मे सीआईएसएफ तक की मदद एनटीपीसी को लेना पड़ा है जिसके हालातो को जानने के लिए आरईडी अरखाऐशपांड गए जहां की राख को बेंचने के लिए टेंडर करने जैसी प्रक्रिया की औपचारिकता निभाया एवं राख के विवाद की विस्तृत जानकारी हासिल किया है ।जिसको लेकर एनटीपीसी के स्थानीय अधिकारी व कर्मचारियो मे हड़कंप व्याप्त था।

# सत्या सुपरकिंग व डाक्टर डेयरडेविल्स की जीत के साथ रायबरेली चैम्पियंस लीग सीजन-2 का आगाज

**अमन लेखनी समाचार**

रायबरेली। श्री शारदा सिंह क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित रायबरेली चैम्पियन्स लीग के दूसरे संस्करण का आगाज आज मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में हो गया, जिसमें आठ टीमें प्रतिभाग करेंगी। इस टूनार्मेन्ट का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. गीता शर्मा व डॉ. एस.एम. सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर डॉ. गीता शर्मा व डॉ. एस.एम. सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया व शुभकामनाएं दी। इस लीग के दूसरे सीजन में पहला मैच सत्या सुपरकिंग व वेदान्त वॉरियर्स के बीच खेला गया जिसमें सत्या सुपरकिंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 129 रन बनाकर ऑलआउट हो गयी। सत्या की ओर से बल्लेबाजी में अविनाष ने 36 रन व निषान्त राय ने 30 रन बनाये। गेंदबाजी में वेदान्त वॉरियर्स की ओर से हिमांषु यादव ने 5 विकेट व दीपक कुमार ने 2 विकेट हासिल किये। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेदान्त वॉरियर्स महज 12 ओवरों में 50 रनों पर ऑलआउट हो गयी। सत्या सुपरकिंग की ओर से गेंदबाजी में शमषुल हुदा ने 3 विकेट व आसिफ खान, प्रिन्सू यादव ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। इस तरह खेले गये इस पहले मैच में सत्या सुपरकिंग ने वेदान्त वॉरियर्स पर 79 रनों से जीत दर्ज की। इस मैच में शानदार हरफन मौला प्रदर्षन करने वाले शमषुल हुदा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

जबकि दिन का दूसरा मैच डॉक्टर डेयरडेविल्स व एफजी फाइटर्स के मध्य खेला गया। जिसमें टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एफजी फाइटर्स ने निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर 103 रन ही बना सकी। एफजी फाइटर्स की ओर से बल्लेबाजी में षिवम सिंह ने 22 रन बनाए। गेंदबाजी में डाक्टर डेयरडेविल्स की ओर से अरजीत दुबे व विकास शर्मा ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी डाक्टर डेयरडेविल्स ने महज 13.2 ओवरों में निर्धारित लक्ष्य 3 विकेट खोकर प्राप्त कर लिये। डेयरडेविल्स की ओर से रवि सिंह ने 50 रन व ओजस्व शुक्ला ने नाबाद 31 रन बनाए। गेंदबाजी में फाइटर्स की ओर से श्रेयस सिंह ने 2 विकेट व धर्मेन्द्र सिंह ने 1 विकेट हासिल किये। इस तरह खेले गये इस मैच में डॉक्टर डेयरडेविल्स ने एफजी फाइटर्स को 7 विकेट से मात दी। इस मैन में शानदार बल्लेबाजी के लिए रवि सिंह को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर डा. एस.एम. सिंह, डॉ. गीता शर्मा, डॉ. बृजेष सिंह, राहुल सिंह, आषीष सिंह, सूर्यभान सिंह, अमित यादव आदि लोग उपस्थित रहे। लीग का कल का पहला मैच फ्यूचर कैपिटल व रायबरेली थंडर के बीच जबकि दूसरा मैच डॉक्टर डेयरडेविल व मुषीर दबंग के बीच होगा।

# सड़क निर्माण को लेकर प्रदर्शनकारियों ने तख्ती टाँग किया पैदल मार्च

**अमन लेखनी समाचार**

महराजगंज,रायबरेली। सोशल मीडिया पर वायरल विधायक के बहुरिया बयान को अपना हथियार बनाते हुए सड़क निर्माण की मांग को लेकर धरने पर बैठे प्रदर्शन कारियों ने करवाचौथ का सामान एवं बहुरिया फरार संबन्धी तख्ती लेकर सड़क पर पैदल मार्च किया। पैदल मार्च में जनता का समर्थन भी प्रदर्शनकारियों को मिलता दिखाई पड़ा। बताते चले की अत्यन्त जर्जर हो चुके महराजगंज इन्हौना वाया मऊ मार्ग निर्माण को लेकर अनशनकारी बाबा के नेतृत्व में चल रहे धरने के पांचवे दिन सैकड़ो प्रदर्शनकारियों ने पशु चिकित्सालय से पूरे सुखई तक मौजूदा विधायक को रायबरेली ससुराल एवं खुद को बहुरिया बताने संबन्धी वायरल बयान को हथियार बना करवा का सामान व हाथ में मऊ मार्ग बदहाल हैं...बहुरिया फरार हैं व करवा चौथ पर विधायक बहुरिया के इन्तेजार में क्षेत्रवासी संबन्धी तख्ती लेकर पैदल मार्च किया। इस दौरान पैदल मार्च कर रहे धरनाकारियों की इस अनोखी तख्ती ने सड़क पर घूम रहे लोगो का ध्यान अपनी ओर खीचा। प्रदर्शनकारी दिलीप शर्मा ने बताया की जनप्रतिनिधि को क्षेत्र की समस्या का भान होना चाहिए समस्याओं को निपटाने के लिए ही जनता ने वोट देकर जिम्मेदारी सौपी हैं।

धरने के पांच दिन बीतने के बावजूद अपने को रायबरेली की बहुरिया बताने वाले विधायक रामनरेश रावत को क्षेत्र की बदहाल सड़क समस्या के निर्माण की जिम्मेदारी लेनी चाहिए नही तो नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। इस मौके पर रणविजय सिंह, दिलीप शर्मा, छेदीलाल, विशेशर प्रधान अतरेहता, नीरज, रमाशंकर शर्मा, रघुवीर, अनिल शर्मा, रामनरेश, विन्ध्या, दीपक रावत, नीरज, रंजीत बीडीसी, रामस्वरूप, अकबर, श्यामलाल वर्मा, साहबदीन, शिवशंकर वर्मा, ध्रुवतारा, राहुल रावत, रामओतार, दसऊ, साहिल,सत्यनाम सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## उपखंड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों नई पेंशन दिलाने की मांग की

अमन लेखनी समाचार / अंकित सेंगर व्यूरोचीफ झाँसी

मोठ (झांसी) जल संस्थान उपखंड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की अभी तक पेंशन प्राप्त नहीं हुई है। जिससे वह परेशानी के दौर से गुजर रहे हैं। पेंशन धारकों की माने तो विगत माह से पेंशन रुकने के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने शीघ्र ही विभागीय अधिकारियों से लंबित पेंशन भिजवावाने की मांग की कारण उन्हें आर्थिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। पेंशन धारक जल संस्थान उपखंड मोठ के है।

## सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत

**पति की दीघार्यु के लिए की कामना**

**अमन लेखनी समाचार / अंकित सेंगर व्यूरोचीफ झाँसी**

झाँसी, समूचे क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं द्वारा करवा चौथ का व्रत रखा गया तथा पति की दीघार्यु के लिए ईश्वर से कामना की करवा चौथ के आखिरी दिन बाजारों में भी खूब रौनक रही महिलाओं ने सौंदर्य का सामान खरीदा शाम को पूरे विधि विधान से पूजा की चंद्रमा को अर्ध दिया और पति की लंबी उम्र के लिए दुआ मांगी।

# नगर में नहीं बनी कान्हा गौशाला तो बारातशाला को ही बना दिया गौशाला

**अमन लेखनी समाचार**




पुरवा उन्नाव , सूबे में भाजपा की सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो वहीं पुरवा विधानसभा से विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित इन सबका गाय प्रेम और गोवंशीय पशुओं को बचाने की मुहिम को आम जनता भी जानती है। मगर,अफसर इन सबको धता-बताकर पूरे सिस्टम को पलीता लगाने में लगे हैं पूर्व में किसानों को मवेशियों से राहत दिलाने के लिए नगर पंचायत में एक कान्हा गोशाला का निर्माण कराने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था ।जिसे शासन ने स्वीकृत करते हुए 1.66 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी जिसमें लाखों की लागत से बाउंड्री भी बना दी गई बाकी का काम निमार्णाधीन भी रह गया वहीं दुगार्पुर मोहल्ले में बनी बरात साला भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है लाखों रुपए की बनी बरातसाला में अंदर की सारी टाइल्से जगह जगह टूट चुकी है और बने शौचालय के दरवाजे भी पूरी तरह से टूट चुके है जो कि नाम के शौचालय बचे हैं बरात साला की रेलिंग भी पूरी तरह जर्जर होती जा रही है यहां पर लगे पंखे भी हवा हवाई हो गए है मोहल्ले में जगह का अभाव होने कारण इस मोहल्ले की गरीब घर की बहन बेटियां यहां पर अपना शादी विवाह का कार्य कर सके बरात साला का निर्माण इस मकसद से कराया गया था परन्तु वाह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है पर हां जब वही बारात साला मोहल्ले के लोगों के लिए किसी काम की ना बची तो जिम्मेदार अफसरों ने अजीबो गरीब फैसला लेते हुए उसमें अस्थाई गौशाला बनाकर गोवंश बंद कर दिया और बारात शाला के अंदर भुशा भर दिया सूत्रों की माने तो यहां गोवंश ढाई माह से इसी बारातशाला में बंद है जिनके खाने पीने की भी ठीक ठाक व्यवस्था नगर पंचायत द्वारा नहीं की जाती है और यहां पर चारे पानी के अभाव से कई गोवंशो की भी दुखद मृत्यु भी हो चुकी है अब देखना यह है कि क्या यह आम जनमानस के लिए बनी बरातशाला अब सुचारू रूप से चल पाएगी या ऐसे ही अस्थाई गौशाला का काम करेगी ।वहीं अधिशासी अधिकारी के०एन०पाठक से बात करने पर बताया कि जब कभी इमरजेंसी पड़ती है तो नगर पंचायत को सब काम करना पड़ता है ।जिसका प्रयोग नहीं होता है। तो सरकार का है वहां पर अस्थाई गौशाला बनाई जाए बारातशाला का जो बाहर का स्थान था उसमे अस्थाई गौशाला बनाई गई है जल्द ही कही दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा !

# संयुक्त राष्ट्र दिवस पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का किया गया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद के दिशा-निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के तत्वाधान में 14 नवंबर 2021 तक मनाये जाने वाले अनुसरण में विधिक सेवा गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने हेतु वृहद स्तर पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर तहसील सदर स्थित सभागार में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। तहसील सदर स्थित सभागार में आयोजित शिविर में माननीय अपर जनपद न्यायाधीश, प्रथम जैगम उद्दीन द्वारा उपस्थित लोगों को विधिक जानकारी दी गयी। उनके द्वारा संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाने के उद्देश्यों व कारणों को बताया गया। उनके द्वारा बताया गया कि संयुक्त राष्ट्र की परिकल्पना तब तक सार्थक नहीं होगी जब तक सभी स्तरों में समानता का भाव नहीं होगा। अपर जनपद न्यायाधीश द्वारा संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के समय तत्कालीन वैश्विक परिस्थितियों व विश्व शान्ति हेतु संयुक्त राष्ट्र की आवश्यकता पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित कुमार द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। शिविर में अपर सिविल जज( जू0डि0 ) पंकज कुशवाहा व विधि महाविद्यालय रामपाल सिंह स्मृति लॉं कालेज के सहायक प्रध्यापक अलंकार सिन्हा व विधि छात्र-छात्राओं के द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विधिक जागरुकता शिविर व डोर टू डोर प्रचार प्रसार कर लोगों को विधिक अधिकार के प्रति जागरुक किया गया। डोर टू डोर प्रचार-प्रसार में पराविधिक स्वयंसेवक जितेन्द्र कुमार द्विवेदी, प्रदीप कुमार तिवारी, राजदेवी, रत्ना बाजपेई, अशोक कुमार, दुशेन्द्र कुमार, स्वप्निल वर्मा, निहारिका शुक्ला, रामकुमार, गयाशंकर, राहुल, प्रशान्त कुमार बाजपेई, प्रमोद कुमार तिवारी, पम्मी देवी, आशीष भटनार, पवन कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रजापति, ज्योति वर्मा, सुशील कुमार, रामकुमार, रमेश कुमार श्रीवास्तव, बृजपाल, जालिपा प्रसाद, सरिता देवी, लालता प्रसाद, नियाज अहमद, समाजसेवक मो0 आरिफ आदि उपस्थित रहे।

# थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना मोठ एवं पूछ में आयोजित

**अमन लेखनी समाचार /अंकित सेंगर व्यूरोचीफ झाँसी**

मोंठ( झांसी ) शासन के निदेर्शों के अनुपालन में आज शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी मोठ सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में किया गया । कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए फरियादियों ने अपने अपने शिकायती पत्र प्रस्तुत किए। जिसमें जमीन की एक मामले मेंपन्नालाल पुत्र मुन्नीलाल निवासी पहाड़गांव जालौन जिसकी भूमि थाना क्षेत्र के मौजा सेरसा में है खेत पर कब्जा करने के संबंध में पूर्व में हुई पत्थर गड्डी के मामले को संज्ञान में लेकर एसडीम महोदया ने राजस्व निरीक्षक को मौके पर निर्देशित किया जिसमें मामले का मौके पर निस्तारण किया गया वही एक मामला ग्राम बाबई से एवं पूछ से भूमि संबंधी एक मामला प्राप्त हुआ जिसमें दोनों मामले को संबंधित राजस्व निरीक्षक को मौके पर जांच के लिए सौंप दिए गए वही उपजिलाधिकारी मोंठ सान्या छावड़ा ने पूँछ क्षेत्र के ग्राम चितगुवा नहर पुल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नहर पुल का टेण्डर जारी कर दिया गया है जिसपर जल्द कार्य आरम्भ हो जयेगा वही नहर बिभाग के अधिकारियों को निर्माण तक पुल पर अस्थाई रेलिंग लगाने की बात कही कस्बा पूँछ के समीपस्थ नहर में मगरमच्छ होने की बात को संज्ञान में लेते हुए तुरंत वन अधिकारियों को मौके पर पहुंच कर मगरमच्छ पकड़ने के आदेश दिये इस दौरान राजस्व निरीक्षक सत्यनारायण तिवारी, थाना प्रभारी विमलेश कुमार ,उप निरीक्षक विपिन कुमार ,रामकशोर आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

इसी क्रम में आजकोतबाली में थाना दिवस का आयोजन तहसीलदार डॉ लालकृष्ण की अध्यक्षता में किया गया। विपिन फरियादियों ने तीन शिकायती पत्र अपनी अपनी समस्याओं को लेकर प्रस्तुत किए इसी क्रम मेंग्राम बम्हरौली निवासी जितेंद्र सोनी ने लिखित शिकायत थी पत्र देते हुए अवगत कराया कि ग्राम सारन निवासी सुनीता ने उसकी जमीन को छल करके बेच दिया एव उसी जमीन से बैंक से लोन ले लिया,ग्राम सारन के जगदीश पाल ने बताया कि उसकी भूमि में रोड डाला जा रहा है भूमि की नाप कराकर सड़क डाली जाए,कस्बा मोंठ के मातनपुरा निबासी रामदास ने बताया नगर पंचायत उसकी भूमिधरी में सरकारी नाली का पानी छोड़ दिया ।तहसीलदार ने कहा कि पेंडिंग पड़ी बिबेचनाओ को शीघ्र से निस्तारण करे ।इस मौके पर कोतवाल प्रमोद कुमार,नगर पंचायत लिपिक राजीव यादव सहित कानूनगो एव लेखपाल मौजूद रहे।

# स्नेह, आस्था और समर्पण के साथ महिलाओं ने रखा व्रत

**करवाचौथ पर्व पर महिलाओं ने रखा व्रत, पति की दीघार्यु की मांगी मन्नत**

**अमन लेखनी समाचार**



रायबरेली। स्नेह, आस्था और समर्पण का पर्व करवाचौथ जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। घरों से लेकर बाजारों तक रौनक रही। करवाचौथ दाम्पत्य का महापर्व है। पति की दीघार्यु के लिए महिलाओं ने व्रत रखा, पूजन कर कथा का श्रवण किया। रविवार की रात को चांद का दीदार होने पर महिलाओं ने अर्घ्य देकर व्रत खोला।

करवाचौथ पर्व की तैयारियां कई दिनों से चल रही थी। रविवार की सुबह से ही पूजन तैयारियां शुरू हो गई थी। उम्र का कोई भी पड़ाव हो, लेकिन भावनाएं हमेशा जवां रहती हैं। इसीलिए व्रत धारण कर महिलाएं खूब सजी-संवरी और करवे ( मिट्टी से बना पात्र ) में गेहूं भरा और उसके ढक्कन पर मिष्ठान व दक्षिणा रखकर ईष्टदेव भगवान गणेश का पूजन किया। इसके बाद महिलाएं गली-मोहल्लों और मंदिरों में एकत्र हुई और गेहूं के 13 दाने हाथ में लेकर करवाचौथ की कथा का श्रवण किया। करवा समेत गेहूं, मिष्ठान, दक्षिणा आदि यानी बायना ( भेंट ) सास और बुजुर्ग महिला को दिया और उनसे आशीर्वाद लिया। शाम को पूजन किया गया। इसके बाद महिलाओं ने बेसब्री से चांद का इंतजार किया। रात में करीब 8 बजे चंद्रमा ने दर्शन होने के बाद उल्लास बढ़ गया। महिलाओं ने छलनी से चंद्रमा के दर्शन किए और अर्घ देकर सफल दांपत्य जीवन के लिए आशीर्वाद मांगा। फिर छलनी से ही पति के भी दर्शन किए और बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद लिया।

## रविवार का दिन होने से रही छुट्टी

रविवार के दिन इस बार करवा चौथ होने की वजह से लोग घरों में ही रहे। अवकाश का दिन होने की वजह से लोग घर पर ही रहे और पूजा के विधि विधान में सहयोग करते रहे। जहां कामकाजी महिलाओं को आसानी रही तो वहीं उनके सहयोग में भी आसानी रही।

## वीडियो कॉलिंग से किया दीदार

जिन महिलाओं के पति उनसे दूर थे, उन्होंने सोशल मीडिया यानी व्हाट्स एप आदि के जरिये वीडियो कॉलिग कर पतियों के दर्शन किए और व्रत खोला। फेसबुक, वाट्स एप पर करवाचौथ की बधाई देने का सिलसिला भी दिनभर चलता रहा। सोशल मीडिया करवाचौथ जोक से भी पटा रहा। वहीं, इस दिन को यादगार बनाने के लिए सेल्फी का दौर भी खूब चला।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

**स्वामी मुद्रक,प्रकाशक, राजकुमार सिंह चौहान द्वारा अमन मार्केट, ग्राम बनी, थाना-बन्थरा, जिला-लखनऊ से प्रकाशित एवं साईं ऑफसेट प्रिन्टर्स से मुद्रित ।**

**प्रधान सम्पादक**
**राजकुमार सिंह चौहान**
**सम्पादक - अशोक कुमार तिवारी**

**समाचार पत्र में सभी लेख, विचारों, सामग्री से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है समाचार पत्र से सम्बन्धित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा । किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर सात दिनों के अन्दर सूचित करें।**

**मो. -9838159555**
**E-mail address amanalekhanipa-trika@gmail.com**

# दांत दर्द से लेकर पेट की बीमारी तक, सुपारी खाने से मिलेंगे कई लाजवाब फायदे



सुपारी आमतौर पर पान, गुटका में इस्तेमाल की जाती है। वहीं इसका पूजा-पाठ में भी विशेष महत्व है। मगर क्या आज जानते हैं कि सुपारी पोषक तत्वों, एंटी-ऑक्सीडेंट, औषधीय गुणों से भरपूर होती है। औषधीय गुणों से भरपूर सुपारी का कई बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में इसका नियमित सेवन करने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। चलिए जानते हैं सुपारी खाने से फायदों के बारे में...

## पेट संबंधी बीमारियों से दिलाएगी छुटकारा सुपारी

सुपारी पेट के लिए बेहद फायदेमंद मानी गई है। इसमें मौजूद पोषक तत्व व एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाचन तंत्र मजबूत करते हैं। ऐसे में पेट दर्द, गैस, अपच, एसिडिटी, दस्त, पेट में कीड़े आदि की समस्याओं से छुटकारा मिलता है। सुपारी का काढ़ा बनाकर पीने से पेट में कीड़े नहीं बनते हैं। दस्त से आराम दिलाने में भी सुपारी फायदेमंद होती है। इसके लिए 5 हरी सुपारी को धीमी आंच पर पकाएं। फिर इसका काटकर सेवन करें। इससे दस्त से आराम मिलता है।

## आंतों को रखे स्वस्थ

छाछ के साथ 1-4 ग्राम सुपारी का सेवन करें। एक्सपर्ट अनुसार इससे आंतों स्वस्थ रहती है। ऐसे में इससे संबंधित बीमारियों से जल्दी रिकवरी होती है। साथ ही आंत संबंधी बीमारियों की चपेट में आने का खतरा कम रहता है।

## दांतों के लिए फायदेमंद

सुपारी में कैल्शियम भी पाया जाता है। ऐसे में यह दांतों के लिए भी फायदेमंद मानी गई है। दांतों में दर्द व अन्य समस्याएं होने पर सुपारी के चूरन से मसाज करने से आराम मिलता है।

## तनाव कम करने में मददगार

सुपारी का सेवन करने से तंत्रिका तंत्र उत्तेजित होती है। एक्सपर्ट अनुसार इसे चबाने से तनाव कम होने में मदद मिलती है। ऐसे में आप डिप्रेशन की बीमारी से बच सकते हैं।

## डायबिटीज में फायदेमंद

डायबिटीज के कारण कई लोगों का बार-बार मुंह सूखता ह। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए इन लोगों को मुंह में सूखे सुपारी का एक टुकड़ा रखना चाहिए। इसे चबाने से भारी मात्रा में सलाइवा निकलता है, जिससे मुंह सूखने की परेशानी से निजात मिलता है।

## उल्टी को रोकने में कारगर

अक्सर सफर दौरान उल्टी आने की समस्या होने लगती है। ऐसे में इससे बचने के लिए भी सुपारी कारगर साबित होती है। इसके लिए सुपारी व हल्दी के पाउडर को चीनी के साथ मिलाकर पानी के साथ सेवन करें। इससे उल्टी की समस्या से आराम मिलेगा।

# दुश्मनी भुलाकर सलमान खान और संजय लीला भंसाली ने फिर मिलाया हाथ



सलमान खान और संजय लीला भंसाली ने पिछले 2 दशकों से प्यार और नफरत का रिश्ता साझा किया है। दोनों 21 साल बाद इंशाअल्लाह के लिए साथ आने वाले थे लेकिन फिल्म के फ्लोर पर जाने के कुछ दिन पहले ही इसे बंद कर दिया गया था। इस फिल्म के बंद होने के बाद खबरें आने लगी कि सलमान और संजय के बीच कुछ ठीक नहीं है। सोशल मीडिया तब हैरान रह गया जब सलमान ने अपनी रिलीज की सालगिरह मनाने के लिए खामोशी और हम दिल दे चुके सनम के बारे में पोस्ट किया। एक रिपोर्ट के मुताबिक सलमान खान और संजय लीला भंसाली एक बार फिर काम करने के लिए तैयार हैं। संजय लीला भंसाली सलमान खान पर बियॉन्ड द स्टार नामक एक डॉक्यूमेंट्री-सीरीज का हिस्सा होंगे। उन्होंने अपने हिस्सों की शूटिंग कर ली है। जिसमें उन्होंने सलमान के साथ अपनी दोस्ती और लगाव को साझा किया है। सूत्र ने आगे बताया, डॉक्यूमेंट्री-सीरीज सलमान खान के जीवन पर आधारित होगी। निमार्ता सलमान के करियर के सभी प्रमुख स्टेकहोल्डर्स के साथ बातचीत करने के लिए इच्छुक हैं। पोर्टल से जुड़े सूत्र ने कहा, उन्होंने निर्देशकों, निमार्ताओं, अभिनेताओं से संपर्क करना शुरू कर दिया, जिनमें से कुछ से खुद सलमान खान ने बात की है। सलमान खान की जिंदगी पर बन रही यह डॉक्यू सीरीज अपने आप में बेहद खास होगी। विवादों से घघ्रिी सलमान की जिंदगी फैंस के लिए हमेशा एक राज ही रही है। अब पर्दे पर उसे देखना उनके लिए वाकई स्पेशल होग। मालूम हो संजय लीला भंसाली और सलमान ने हम दिल दे चुके सनम फिल्म में साथ काम किया था। यह हिंदी सिनेमा की आइकॉनघ्कि फिल्मों में से एक है।

# आयुर्वेद के 5 तरीके वजन घटाने के लिए सबसे ज्यादा इफैक्टिव



महिलाएं अपनी बाहर निकली तोंद को लेकर काफी परेशान रहती हैं। बैली फैट ना सिर्फ पर्सनैलिटी पर असर डालती है बल्कि इसकी वजह से महिलाएं अपने पसंदीदा कपड़े भी नहीं पहन पाती। लाख कोशिश करने के बाद भी महिलाओं को मनचाहा रिजल्ट नहीं मिल पाता। ऐसे में क्यों ना आप आयुर्वेदिक तरीके अपनाकर देखें। यहां हम आपको आयुर्वेद के 5 ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जो वजन घटाने में काफी इफैक्टिव है। खास बात तो यह है कि इससे आपको कोई साइड-इफैक्ट भी नहीं होगा। तो चलिए आपको बताते हैं वजन घटाने के लिए आयुर्वेद के 5 सीक्रेट...

## दिन में तीन बार करें भोजन

आयुर्वेद के मुताबिक एक बार भरपेट खाने की बजाए छोटे-छोटे मील्स लेने चाहिए। आप एक दिन में 3 छोटे और 3 बड़े मील्स ले सकते हैं। इससे मेटाबॉलिज्म सही रहता है और वजन घटाने में मदद मिलती है। वहीं, थोड़ा-थोड़ा खाने से एनर्जी भी बरकरार रहती है और फैट भी बर्न होता है।

## कोई स्नैक नहीं

वजन घटाना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने मन पर काबू करें और बाहर का खाना अवॉइड करें। प्रोसेस्ड फूड या जंक फूड सिर्फ वजन ही नहीं बढ़ाते बल्कि ये कई बीमारियों का घर भी हैं। ऐसे में इनसे परहेज करना ही आपके लिए बेहतर है।

## गर्म पानी पिएं

वजन घटाने के लिए गर्म पानी सबसे बेस्ट तरीका है लेकिन आयुर्वेद में गर्म पानी पीने के भी कुछ नियम बताएं गए हैं। सुबह दो गिलास खाली पेट गर्म पानी पीएं। पूरे दिन में आप 3-4 गर्म पानी ही पीना चाहिएं। साथ ही ध्यान रखें कि पानी ज्यादा गर्म ना हो। इसके अलावा नींबू पानी में शहद की कुछ बूंदें डालकर भी पी सकते हैं। इसके अलावा कॉफी और हर्बल टी भी वेट लूज के लिए बेस्ट ऑप्शन है। इससे शरीर का एक्स्ट्रा फैट निकल जाता है, जिससे फैट बर्निंग प्रोसेस तेज होता है।

## शाम 7 बजे के बाद न खाएं

खान-पान का अनियमित समय पाचन क्रिया में बाधा डालता है, जिससे ना सिर्फ कब्ज जैसी समस्याएं हो जाती है बल्कि वजन भी बढ़ने लगता है। आयुर्वेद के अनुसार, शाम 7 बजे तक भोजन कर लेना चाहिए। इससे खाना आसानी से पच जाता है और शरीर रातभर डिटॉक्सीफाई हो जाता है। इससे आप सुबह तरोताजा महसूस करते हैं और फैट बर्निंग प्रोसेस भी तेज होता है।

## नींद को करें ट्रैक

मोटापे का एक कारण अधूरी नींद भी है इसलिए बहुत जरूरी है कि आप दिनभर में कम से कम 8-9 घंटे की अच्छी नींद जरूर लें। साथ ही रात को देर तक जागने की बजाए 10 बजे तक सो जाए और सुबह 6 बजे तक उठे।

# जेल में भगवान राम-सीता की किताबें पढ़कर वक्त गुजार रहे आर्यन खान, लाइब्रेरी से ली 2 किताबें



क्रूज ड्रग्स मामले में आरोपी आर्यन खान फिलहाल मुंबई के आर्थर रोड जेल में बंद हैं, और दिन में अपने बैरक में राम और सीता से जुड़ी किताब पढ़ते हैं। आर्यन की जमानत याचिका पर मंगलवार को हाई कोर्ट में सुनवाई होनी है। जेल सूत्रों ने बताया कि जेल में बंद कैदी जेल में पुस्तक पढ़ सकता है और वो पुस्तक पढ़ने के लिए जेल में बनी लाइब्रेरी से इसे मांग सकता है। सूत्रों ने बताया कि आर्यन खान ने जेल में पढ़ने के लिए गोल्डन लायन और राम और सीता से जुड़ी किताबों की मांग की, जिसे वो अपने बैरक में पढ़ते हैं। आर्थर रोड जेल के अधिकारियों के मुताबिक, आर्यन खान जेल में किताबें पढ़ रहे हैं इनमें धार्मिक किताब भी शामिल है। आर्यन खान ने जेल की लाइब्रेरी से दो किताबें ली हैं। एक है गोल्डन लायन और दूसरी किताब भगवान राम और सीता की कहानियों पर आधारित है। आपको बता दें कि जेल की लाइब्रेरी में सैकड़ों पुस्तकें है जिसे जेल अथॉरिटी ने मंगाकर रखी है। इसके अलावा इस लाइब्रेरी में वो पुस्तकें भी है जिसे दूसरे कैदी पढ़ने के लिए अपने परिजनों से मंगाए थे पर जेल से निकलने के बाद उसे जेल में ही छोड़ दिया था। सूत्रों ने बताया कि बैरक में एक ही टीवी है जिस पर सभी कघ्दी न्यूज, क्रिकेट या फिल्में देखते हैं और वीकेंड पर लोग फुटबॉल या दूसरा खेल खेलते हैं, पर आर्यन की सुरक्षा को देखते हुए उसे दूसरे कघैदियों के सम्पर्क में आने नहीं दिया जा रहा है। एनसीबी के सूत्रों ने बताया कि हाईकोर्ट से भी आर्यन खान को जमानत ना मिले इसके लिए एनसीबी पूरी कोशिश करने वाली है। बता दें कि दो दिन पहले जेल में बंद आर्यन खान से मिलने उनके पिता शाहरुखघ खान पहुंचे थे, जेल के भीतर मुलाकात के लिए बने कमरे में शाहरुखघ खान पहुंचे थे जहां उनके बेटा आर्यन खान भी आया लेकिन दोनों के बीच शीशे की दीवार थी जहां दोनों एक दूसरे को देख पा रहे थे पर बात करने के लिए और एक दूसरे की आवाज सुनने के लिए उन्हें इंटरकॉम का इस्तेमाल करना पड़ा।

# पेट्रोल-डीजल कीमतों में लगातार 5वें दिन वृद्धि, पश्चिम बंगाल में भी डीजल का शतक

नयी दिल्ली वाहन ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी का सिलसिला रविवार को लगातार पांचवें दिन जारी रहा। पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम 35-35 पैसे प्रति लीटर और बढ़ गए हैं। देशभर के पेट्रोल पंपों पर वाहन ईंधन के दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में अब एक लीटर पेट्रोल की कीमत 107.59 रुपये प्रति लीटर हो गई है। मुंबई में यह 113.46 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। दिल्ली में डीजल 96.32 रुपये और मुंबई में 104.38 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। यह लगातार पांचवां दिन है जबकि वाहन ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। देश के सभी प्रमुख शहरों में पेट्रोल शतक के पार जा चुका है। वहीं जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक डेढ़ दर्जन राज्योंध्संघ शासित प्रदेशों में डीजल 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक बिक रहा है।

# नही दुरूस्त हो रही टड़ियावां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की अव्यवस्थाएं

**अस्पताल के अन्दर व बाहर रहता है गन्दगी का अम्बार, जिम्मेदार बेखबर**

**अमन लेखनी समाचार**

टड़ियावां। यहां क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अस्पताल परिसर के बाहर जहां गंदगी का आलम है तो वहीं अंदर की दीवारें, बीम कॉलम गंदगी से पटे पड़े हैं। यहाँ के जिम्मेदार सरकार के स्वच्छता अभियान को ठेंगा दिखाने का कार्य कर रहे हैं। यहां के अस्पताल में वर्तमान में इतनी ज्यादा गंदगी देखने को मिलती है जिसे देखकर यह लगता है कि अस्पताल स्वयं बीमार है। यहां इलाज कराने आये मरीज व उनके परिजनों ने बताया कि अस्पताल के कई स्थानों पर जगह-जगह पान-गुटखा की पीक, गंदगी के ढेर अस्पताल प्रशासन के द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान की हकीकत बयां कर रहे हैं। अस्पताल में भर्ती महिला मरीजों के लिए यहां अस्पताल की गंदगी बीमारी की वजह बन सकती है। यहां धूम्रपान करने वालों पर जुमार्ने का प्रावधान तो है लेकिन ढुलमुल रवैये के चलते इसका असर यहां नजर नहीं आता है और न ही जुमार्ना वसूला जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप अस्पताल में गंदगी लगातार पांव पसार रही है। अस्पताल के अंदर परिसर की दीवारों पर पान मसाला खाकर थूका गया है, अंदर की आकस्मिक ओपीडी कक्ष के सामने अक्सर गंदगी बनी रहती है। यहां पीने के पानी के लिए वाटर कूलर जहां रखा गया है। उसके आसपास भी भोजन के जूठन, खराब पॉलीथिन, बेकार साग-सब्जी आदि बिखरी पड़ी रहती है, जिससे यहां से उठने वाली दुर्गंध से मरीजों के परिजनों व स्वास्थ्य कर्मी का भी यहां से गुजरना दूभर होता है। इसी प्रकार अस्पताल के वार्डों के शौचालयों की दुर्दशा भी किसी से छिपी नही हैं। यहां गंदा पानी भी भरा रहता है।

# नगर पालिका की ओर से आठ दिवसीय दीपावली मेला 28 अक्टूबर से

**मेले में चार दिन तक होगा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन**

**अमन लेखनी समाचार**



शाहाबाद। नेहरू म्युनिसिपल कन्या इण्टर कालेज के प्रांगण में दीपावली मेला पर प्रकाश डालते हुए अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि नगरपालिका शाहाबाद की ओर से आठ दिवसीय दीपावली मेला का आयोजन मोहल्ला पठकाना के रामलीला मैदान में होगा। दीपावली मेला की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसमें 28 अक्टूबर से चार नवंबर तक का समय निश्चित किया गया है। पूर्वाह्न 11 बजे से शाम 06 बजे तक रोजाना मेला लगेगा। चार दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। मेला में हर तरह के स्टाल, दुकानें आदि लगाई जाएंगी। इसके अलावा विभाग की ओर से सरकार की योजना का स्टाल भी लगेगा। शासन ने दीपावली पर नगरपालिका परिषदों को मेले का आयोजन करने का निर्देश दिया है। शासन का मानना है कि दीपावली के त्योहार पर नागरिक बड़े पैमाने पर घरेलू सामग्री की खरीदारी करते हैं। इसे सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए मेले का स्वरूप देने का निर्णय लिया गया है। मेले में नागरिकों के मनोरंजन के लिए तो व्यवस्थाएं की ही जाएंगी साथ में पथ विक्रेताओं को व्यापार बढ़ाने के लिए प्लेटफार्म भी उपलब्ध कराया जाएगा। ई ओ ने बताया कि शासन ने नगरपालिका को निर्देश दिए हैं कि मेले में विभिन्न गतिविधियों का संचालन होगा। पथ विक्रेताओं के लिए उपयुक्त स्थल सुरक्षित रखा जाएगा। फूड स्टाल, मनोरंजन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए मंच, दर्शकों के लिए पर्याप्त बैठने का स्थान, पार्किंग आदि पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शुरूआत के तीन दिनों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए गए हैं। इसमें मैजिक शो, नुक्कड़ नाटक, स्थानीय लोक गायन, कौशल कला का प्रदर्शन किया जाएगा। शासन के निर्देश पर शाहाबाद में दीपावली पर मेला लगाने की तैयारी की जा रही है। दीपावली मेला की तैयारी कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ अम्बरीष कुमार सक्सेना एवं पूर्व प्रधानाचार्य राधेश्याम दीक्षित ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नगर पालिका के कर निरीक्षक अनस खां, वहीद अख्तर, अंसार हुसैन, नेहरू म्युनिसिपल कन्या इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या नूरुल हुमा, विषय विशेषज्ञ भैरवी अग्निहोत्री, नायब जहां, शिक्षिका आयशा परवीन, नाजिया, श्रुति, लिपिक जिया खान, निरूपा, अनीता, शकुंतला, निर्मला, अरुण बाला सहित समस्त स्टाफ एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

# भारतीय संस्कृति के प्रतीक हैं मेले, रामराज में जनता सर्वाधिक सुखी-विधायक

**अमन लेखनी समाचार**

शाहाबाद। मेले भारतीय संस्कृति और सभ्यता के प्रतीक हैं, जहां लोगों को मनोरंजन के साथ कई ज्ञानवर्धक जानकारियां प्राप्त होती है। रामराज में जनता सर्वाधिक सुखी रहती है। यह विचार भाजपा विधायक रजनी तिवारी ने लोनी गांव के रामलीला मेला का उद्घाटन करते समय व्यक्त किए। उन्होंने कहा, भारतीय संस्कृति हमेशा से ही मेला प्रधान रही है। जहां लोगों को मनोरंजन के साथ, व्यापारियों को व्यापार और ज्ञानार्थियों को सामाजिक ज्ञान की प्राप्ति होती है, परस्पर आवागमन, मेल मिलाप से ग्रामीणों के बीच भाई चारा भी कायम रहता है। महर्षि बाल्मीकि ने रामायण एवं गोस्वामी तुलसीदास ने राम चरित मानस जैसे महाकाव्यों की रचना कर समाज को नैतिक मूल्यों से जोड़े रखा। रामराज में लोग दैहिक दैविक भौतिक सभी कष्टों से मुक्त रहे। इसलिए हमारा संकल्प रामराज की स्थापना का है। ताकि धार्मिक आदर्शों पर चलकर राष्ट्र को परम वैभव के शिखर पर पहुंचा सकें। पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्र0 नवनीत गुप्ता ने कहा कि हम सब बुराई त्याग कर, भलाई के रास्ते पर चलें। समाज का तभी भला होगा। उन्होंने ग्रामीण दर्शकों से अनुरोध किया कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतार कर ही धरती पर राम राज्य की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। लोनी रामलीला का उद्घाटन भाजपा विधायक रजनी तिवारी ने फीता काट कर किया। इस मौके पर रामलीला समिति, लोनी के अध्यक्ष नलिन गुप्ता, उपाध्यक्ष श्याम किशोर पांडेय, प्रबंधक रजनीश बाजपेई, कोषाध्यक्ष सर्वेश कुमार पांडेय, उप कोषाध्यक्ष बृजभान कश्यप, महामंत्री विमल कुमार पांडेय, निर्देशक राजेश पांडेय, संचालक वीरेन्द्र द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख प्र0 टोडरपुर रामबाबू त्रिवेदी, आजाद सिंह, योगेश गुप्ता, चंदन शुक्ला, अनिल त्रिवेदी भूरे, विनोद कश्यप, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# कोविड-19 को लेकर चिंता से चिंतन तक, स्वस्थ्य समाज का निर्माण पर संवाद सत्र आयोजित

**अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली । समाजिक संस्था ₹दैन्यम आराध्यम₹ और ₹मेडिवेज हेल्थ फाउंडेशन₹ की तरफ से कोविड 19 को लेकर एक संवाद सत्र का आयोजन किया गया । नई दिल्ली के रफी मार्ग पर स्थित कॉस्टीट्यूशन क्लब में ह्यचिंता से चिंतन तक...स्वस्थ्य समाज का निर्माणह्ण विषय पर आयोजित इस संवाद सत्र में देश भर से कई गणमान्य बुद्धिजीवियों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संयोजन दूरदर्शन समाचार के वरिष्ठ पत्रकार मनीष बाजपेई ने किया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश जी भी मौजूद रहे।

आर एस एस के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश जी ने कोविड-19 समस्या पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें समस्या के मूल में जाने की जरुरत है, आखिर समस्या पैदा कैसे हुई ? इंद्रेश जी ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें स्वयं के बारे में चिंतन करना चाहिए कि हमारे गुण और दोष क्या हैं ? हम अपने मूल्यों और संस्कारों से कैसे भटक रहे हैं ? हम अपने पारम्परिक ज्ञान का अनुसरण क्यों नहीं कर रहें है ? इन सभी प्रश्नों के जब हमें उत्तर मिलेगें तो हम स्वयं ही समस्या के समाधान बन जाएगें। कोरोना महामारी को लेकर इंद्रेश जी ने अपने विचारों के माध्यम से एक व्यापक चित्र खींचते हुए वैक्सीनेशन को लेकर कहा कि देश एक विशाल लक्ष्य को प्राप्त कर चुका है और यात्रा अभी चल रही है। सरकार को इसके लिए धन्यवाद लेकिन पूर्ण रुप से टीकाकरण के लिए समाज को भी इसमें अपनी जागरुकता दिखानी होगी । अपने संबोधन के अंत में उन्होनें ₹दैन्यम आराध्यम₹ संस्था और ₹मेडिवेज हेल्थ फाउंडेशन₹ को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए अपनी शुभकामना दी और भविष्य में ऐसे प्रयासों की पुनरावृत्ति करने की सलाह भी दी ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि कोविड टीकाकरण को लेकर जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने एक विशाल लक्ष्य को तय किया है, वो निश्चित रुप से सरकार की समाज के प्रति जवाबदेही को दशार्ती है, लेकिन यात्रा चल रही है और इस पर पूर्ण रुप से विजय पाने के लिए समाज के एक-एक व्यक्ति को इसमें अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता ने कार्यक्रम में बोलते हुए देश और दुनिया के सामने उपस्थिति इस अभूतपूर्व समस्या को देश के विकासक्रम से जोड़ा। गांव, किसान और ग्रामीण जीवन की अच्छी समझ रखने वाले कैप्टन विकास गुप्ता ने कोरोना महामारी के दौरान हुए अनुभवों से कार्यक्रम में उपस्थित महानुभावों को परिचित करवाया।




कार्यक्रम में हेल्थ पार्टनर के रुप में उपस्थित हुए नियो हॉस्पिटल नोएडा के निदेशक डॉ. गुलाब गुप्ता ने जहां एक तरफ कोरोना महामारी के रोकथाम के लिए सरकार के प्रयासों को सकारात्मक बताया वहीं दूसरी तरफ समाज की जवाबदेही को भी तय करने के लिए कहा। समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सम्पूर्ण रुप से टीकाकृत होने में समाज का व्यक्ति लापरवाही कर रहा है । कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लेने में कई लोग जागरुकता नहीं दिखा रहे हैं । अगर ये तस्वीर हमारे सामने दिख रही है तो फिर ऐसे लोगों के विरुद्ध सरकार को कड़ी कारवाई करनी चाहिए। प्रसिद्ध समाज सेवी डॉ. गुलाब गुप्ता ने कहा कि ये जंग सम्पूर्ण रुप से तब ही जीती जा सकती है जब समाज का एक-एक व्यक्ति जुड़ेगा। बरेली के खुशलोक हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. विनोद पागरानी ने भी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और कार्यक्रम संयोजन के लिए ₹दैन्यम आराध्यम₹ और ₹मेडिवेज हेल्थ फाउंडेशन₹ संस्था का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया ।

हिन्दुस्तान समाचार पत्र के कार्यकारी संपादक प्रताप सोमवंशी ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थिति रह कर अपने विचार व्यक्त किए। पत्रकारिता जगत के अपने अनुभव और स्वंय के कुछ द्रष्टान्तों को सामने रखते हुए श्री सोमवंशी ने कोरोना महामारी को लेकर समाज में किए जा रहे प्रयासों को एक तरफ जहां सराहा वहीं कुछ त्रुटियों की तरफ ध्यान भी देने की जरुरत पर बल दिया। श्री सोमवंशी ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए ₹दैन्यम आराध्यम₹ संस्था और ₹मेडिवेज हेल्थ फाउंडेशन₹ को धन्यवाद भी दिया ।

संवाद सत्र में एक बात जो मुख्य रुप से सामने निकल कर आई कि सरकार के साथ और स्वास्थ्य जगत के साथ मिलकर व्यवसायिक जगत ने इस आपदा में तिहरी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने स्वास्थ्य जगत की मदद से अधिकतम मानवसंसाधन को सुरक्षित तो रखा ही। साथ ही सरकार की अपील पर हर कदम पर मदद के लिए मोर्चे पर मौजूद रहा। हालात संभलते ही देश की अर्थव्यवस्था को एक बार फिर से तेज रफ्तार पर डाल दिया है। सरकार, व्यवसायिक जगत और स्वास्थ्य जगत के अटूट बंधन ने देश को एक नई दिशा दिखाई है कि कैसे कंधे से कंधा मिलाकर संकट से उबरा जा सकता है। देश में कोरोना की दोनों लहर में दुखद जनहानि हुई, लेकिन राहत की बात ये रही कि महामारी ने हमें सरकार, समाज और स्वास्थ्य जगत के मानवीय चेहरे से रुबरु कराया।

मेडिवेज हेल्थ फाउंडेशन की तरफ से अनुराग श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव और विकास पालीवाल ने अतिथियों का स्वागत किया गया।

मीडिया पार्टनर के तौर पर न्यूज इँडिया 24*7 चैनल के एडीटर इन चीफ सरफराज सैफी ने पुष्प गुच्छ देकर इंद्रेश जी को सम्मानित किया।

संवाद सत्र के अंत में कार्यक्रम संयोजक मनीष बाजपेई ने सभी अतिथियों के साथ इफको संस्था का हार्दिक धन्यवाद दिया जिनके सहयोग से ये कार्यक्रम संपन्न हुआ। संवाद सत्र में सामाजिक कार्यकर्ता और व्यवसायी रुमान मलिक ने भी अपना सक्रिय सहयोग दिया और मुख्य वक्ता इन्द्रेश जी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एंकर अंजु सिंह ने किया । कार्यक्रम का समापन सुवर्ण पद्मा के राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने दैन्यम आराध्यम और मेडिवेज हेल्थ फाउंडेशन को कार्यक्रम आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और भावी कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की ।

# करवा चौथ पर मेंहदी रचे हाथों ने महिलाओं के श्रृंगार में लगाये चार चांद-उमा सक्सेना

हरदोई। महिला सत्संग मण्डल की प्रमुख उमा सक्सेना के अनुसार मेंहदी रचे हाथ महिलाओं के श्रृंगार में चार चांद लगा देते हैं। महिलाओं ने पूर्ण श्रृंगार किया हुआ हो लेकिन अगर हाथों में मेंहदी न रची हो, तो श्रृंगार पूरा नहीं माना जाता है। बात जब करवा चैथ के त्योहार की हो तो फिर क्या ही कहना। करवा पर तो हर महिला सबसे खूबसूरत दिखना चाहती है और खूबसूरती की तैयारी सबसे पहले मेंहदी रचाने ही होती है। इसके लिए करवा से एक दिन पहले ही महिलाओं ने मेंहदी लगवाना शुरू कर दिया है। चैक, होलीकला, दिलेरगंज में ब्यूटी पार्लर वाली महिलाएं करवा चैथ पर मेंहदी लगाने के लिए अपने पार्लर सजाए दिखीं। महिलाओं ने जाकर मेंहदी रचाई। किसी ने केवल हथेली पर तो किसी ने पूरे हाथ पर ही अपनी पसंद की मेंहदी रचाई। मेंहदी वालों को जैसे ऐसे अवसरों की चाहत होती है। वे अपनी पूरी कलात्मकता से मेंहदी रचाने में जुटीं।